आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 123 | उज्जैन, मंगलवार 19 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 3 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

सड़क पर बने गड्ढों, नालों की अब प्रशासन और सड़क निर्माण एजेंसियों को बैरिकेडिंग करनी होगी

## 48 घंटे में भरने होंगे सड़कों के गड्ढे

### सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी ने दो महीने में मांगी रिपोर्ट, सभी राज्यों को दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

सड़क पर बने गड्ढों, खुले नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में अब प्रशासन और सड़क निर्माण एजेंसियों को बैरिकेडिंग करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर 48 घंटे के भीतर गड्ढे भरने और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है।

मुख्य सचिव को भेजे पत्र में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने दो महीने में रिपोर्ट मांगी है। बारिश में ऐसे स्थानों पर रात में प्रकाश व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि सड़क हादसे न हों। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। समिति ने



गड्ढों, खुले नालों, मैनहोल और बिना बैरिकेड वाले जलभराव क्षेत्रों की तुरंत मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है।

मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को भी इस संबंध में निर्देश जारी कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। समिति ने पत्र में कहा है कि सड़क किनारे खुले और बिना रोशनी वाले जलभराव क्षेत्र तथा खराब सड़कें जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। सड़क सुरक्षा में लापरवाही से कई लोगों की जान जा चुकी है।

### सूचना मिलने पर 48 घंटे में भरे जाएं गड्ढे

- समिति ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि चिन्हित गड्ढों की तत्काल मरम्मत की जाए तथा किसी भी खतरे की सूचना मिलने के 48 घंटे के भीतर कार्रवाई हो। साथ ही खुले मैनहोल, नालों और जलभराव वाले स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टिव टेप और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
- निर्देशों में कहा गया है कि सड़क निर्माण और रखरखाव भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों के अनुसार होना चाहिए। समिति ने कहा है कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले राज्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। एमपी समेत सभी राज्यों को दो महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।
- जिला सड़क सुरक्षा समितियों को नियमित ऑडिट कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के आदेश दिए गए हैं। समिति ने राज्यों से पिछले पांच सालों में गड्ढों के कारण हुए हादसों का डेटा मांगा है। खुले जलभराव और बिना बैरिकेड वाले क्षेत्रों में हुई मौतों और घायलों की जानकारी भी मांगी गई है।
- इससे पहले 2018 में भी रोड सेफ्टी कमेटी ने सड़क हादसे कम करने के लिए राज्यों को कई निर्देश दिए थे। इनमें हाईवे पेट्रोलिंग बढ़ाने, स्पीड मॉनिटरिंग, सड़क किनारे बैरियर लगाने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का ऑडिट और स्कूल वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे निर्देश शामिल थे।

## प्रदेश में पारा 45 डिग्री पार, राजगढ़ सबसे गर्म




दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश का आधा हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। यहां तापमान 42 डिग्री के पार चल रहा है। रविवार को राजगढ़ में तापमान रिकॉर्ड 45 डिग्री रहा, जबकि 11 में 43 और 4 जिलों में पारा 44 डिग्री पार पहुंच गया। अगले 4 दिन में तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ेगा। इसलिए मौसम विभाग ने दोपहर 12 से 3 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, कटनी, उमरिया, शहडोल, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में लू का अलर्ट नहीं है, लेकिन यहां तेज गर्मी पड़ेगी।

## देश विदेश

### नॉर्वे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया

**ओस्लो।** नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम में पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है। इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले कल स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने आज नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा।

### सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देंगे, प्यार से नहीं माने तो दूसरा तरीका अपनाएंगे

**लखनऊ।** यूपी में बकरीद से एक हफ्ते पहले सड़कों पर नमाज को लेकर सीएम योगी ने सख्त चेतावनी दी। सोमवार को लखनऊ में अमर उजाला के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी। प्यार से मानेंगे तो ठीक है, नहीं मानेंगे तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। योगी ने कहा, नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा- लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या यूपी में सड़कों पर नमाज होती है? मैं कहता हूं- कतई नहीं, सड़कें आम लोगों के चलने के लिए हैं। कोई भी आकर ट्रैफिक डिस्टर्ब करे, यह अधिकार किसी को नहीं है।

मौनी के पति सूरज बोले

### तलाक की अफवाहें फैलाना बंद करे



**हमारे बीच कोई विवाद या एलिमनी का लेनदेन नही**

**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी रॉय और उनके पति सूरज नांबियार ने पिछले गुरुवार को अलग होने का फैसला किया था। अब इस मामले पर बिजनेसमैन सूरज नांबियार का स्टेटमेंट सामने आया है। सोमवार को जारी किए गए इस बयान में सूरज ने मीडिया में चल रही अफवाहों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने साफ किया है कि उनके अलग होने के फैसले में कोई विवाद, एलिमनी (गुजारा भत्ता) या कोई तीसरा शख्स शामिल नहीं है। दोनों ने आपसी सहमति और सम्मान के साथ अलग होने का फैसला किया है। मौनी रॉय ने भी इस पोस्ट को दोबारा शेयर किया है। सूरज नांबियार ने अपने ऑफिशियल बयान में कहा कि मीडिया के कुछ हिस्सों की तरफ से हमारी पर्सनल लाइफ में जरूरत से ज्यादा दखल दिया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से हमारे अलग होने को लेकर जो भी खबरें चलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह से गलत और बेबुनियाद हैं। सूरज ने कहा कि हम दोनों आपसी सहमति से अलग हो रहे हैं और इस मामले को निजी तौर पर सुलझाने के लिए समय ले रहे हैं। सोशल मीडिया पर चल रही मनगढ़ंत बातें सिर्फ लोगों को बदनाम करने की कोशिश हैं। गुरुवार को मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट नोट जारी कर बताया था कि वे अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, हमें दुख है कि मीडिया के कुछ लोगों ने हमारी निजी जिंदगी में बेवजह और जरूरत से ज्यादा दखल दिया है। हम यह कहना चाहते हैं कि हमने अलग होने का फैसला किया है और इस समय को शांति और समझदारी के साथ निजी तौर पर संभाल रहे हैं। हमारी निजी जिंदगी को लेकर कई झूठी कहानियां और गलत बातें फैलाई गई हैं, जो हमारे रिश्ते की सच्चाई नहीं दिखातीं। काफी सोच-विचार के बाद हमने आपसी सम्मान और समझदारी के साथ अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ने का फैसला किया है।

### केरलम में वीडी सतीशन ने ली सीएम पद की शपथ

**तिरुवनंतपुरम।** वीडी सतीशन ने सोमवार 18 मई को केरलम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है इसी के साथ यूडीएफ ने राज्य में 10 सालों से चल रहे एलडीएफ के राज को उखाड़ फेंका है। तिरुवनंतपुरम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सतीशन के साथ-साथ 20 मंत्री भी शपथ ले रहे हैं जिनमें से 11 मंत्री कांग्रेस के हैं। तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के शिवकुमार ने भी हिस्सा लिया। हालांकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया।

### नीट केस में महाराष्ट्र की केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है। उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर 23 अप्रैल को ही पेपर और आंसर की हासिल की और कई लोगों को दी थी। सीबीआई ने 15 मई को मोटेगांवकर से उसके घर पर 8 घंटे पूछताछ की थी। मोटेगांवकर का लातूर समेत 7 जिलों में रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस नाम का कोचिंग सेंटर है। रविवार को सीबीआई ने आरसीसी के मेन ऑफिस पर छापा मारकर कई डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया।

नशा माफियाओं को पुलिस का संरक्षण प्राप्त : पूर्व सीएम कमलनाथ

## नशे के कारोबार का अड्डा बन रहा प्रदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि राज्य नशे का अड्डा बनता जा रहा है। इस कारोबार में लगे लोगों को पुलिस का संरक्षण हासिल है। गौरतलब है कि राज्य में बीते कुछ दिनों में नशीली वस्तुओं की आपूर्ति के बड़े खुलासे हुए हैं। कई गिरफ्तारियां भी हुई हैं। इसके बावजूद नशीली वस्तुओं की आपूर्ति के मामले सामने आ रहे हैं। इसी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, प्रदेश नशे के कारोबार का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है।

कुछ दिन पूर्व प्रदेश में करोड़ों के ड्रग कारोबार का खुलासा होने के बाद अब पुलिस थाने के पास नशे के धंधे की खबर हैरान करती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार नशा मुक्ति के सभी दावे और नशा माफियाओं के खिलाफ चलाए गए सभी अभियानों की हकीकत इसी से पता चलती है कि नशा कारोबारी अब पुलिस थानों के करीब भी नशीले पदार्थ बेचने में नहीं डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशा माफियाओं को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों भोपाल में ड्रग्स बनाने वाली एक फैक्ट्री का खुलासा हुआ था और उसमें सैकड़ों करोड़ की ड्रग्स बरामद किए जाने के साथ कई गिरफ्तारियां भी हुई थीं। इसके अलावा भी कई स्थानों पर ड्रग्स की आपूर्ति करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इसके बावजूद राज्य के विभिन्न हिस्सों में ड्रग्स की सप्लाई के मामले सामने आ रहे हैं। इसके अलावा खांसी की दवा का उपयोग भी राज्य के कई हिस्सों में नशे के तौर पर किया जा रहा है। वहीं, सरकार और पुलिस राज्य में ड्रग्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने के दावे कर रही है।



### नशे की चपेट में आकर युवा अपना वर्तमान और भविष्य बर्बाद कर रहा

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा मध्य प्रदेश की जनता जंगलराज से त्रस्त है। हर तरफ अपराध और अपराधियों का बोलबाला है। घर से निकलना भी असुरक्षित होता जा रहा है। प्रदेश का युवा नशे की चपेट में आकर अपना वर्तमान और भविष्य बर्बाद कर रहा है। उन्होंने सवालिया अंदाज में सरकार से पूछा कि क्या सरकार नशे के कारोबार की सिर्फ मूकदर्शक बनी रहेगी या कभी ठोस कार्रवाई भी करेगी?

### कार में दम घुटने से 4 वर्षीय बच्ची की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की नंदनवन कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां चार साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। वह अपने दादा-दादी और अन्य बच्चों के साथ कार से वर्कशॉप गई थी। वहां से लौटते समय वह कार में ही सो गई थी।

घर पहुंचने पर सभी लोग कार से उतर गए, लेकिन बच्ची कार में ही सोती रह गई। काफी देर तक नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में वह कार में बेसुध हालत में मिली। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे



दैनिक अवन्तिका ▶▶ तनोड़िया

दैनिक अवन्तिका सकोरा वितरण अभियान के अंतर्गत तनोडिया के महेश कुमार सोनी व उनकी पत्नी सहित अन्य लोगों ने पक्षियों के लिए रखे सकोरे। सदर बाजार निवासी सोनी परिवार द्वारा पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई। गांव में बहुत से स्थानों पर पानी के सकोरे रखे गए हैं। तेज गर्मी के बीच पक्षियों के लिए रखे गए सकोरे बने सहारा।

### सेंसेक्स 1000 अंक गिरने के बाद 74,180 पर आया




एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिडिल ईस्ट के तनाव का असर सोमवार 18 मई को शेयर बाजार पर भी दिखा। सेंसेक्स सुबह 1000 अंक से ज्यादा गिरकर 74,180 पर आ गया। हालांकि बाद में इसमें रिकवरी आई है और ये 77 अंक (0.10%) की तेजी के साथ 75,315 पर बंद हुआ। निफ्टी भी फ्लैट होकर 23,650 के करीब आ गया। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में तेजी है। उधर भारतीय रुपए में रिकॉर्ड गिरावट है। डॉलर के मुकाबले रुपया 20 पैसे से ज्यादा कमजोर होकर 96.33 पर पहुंच गया। कच्चा तेल भी 2% बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

### धार में जिला परियोजना समन्वयक एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

लोकायुक्त इंदौर की टीम ने सोमवार को धार जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार खरे को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उन पर निर्माण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में 17 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

लोकायुक्त इंदौर से मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालय परिसरों में 122 शौचालयों के निर्माण से जुड़ा है। इन कार्यों के लिए लगभग 3 करोड़ 42 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। आवेदक दिलीप साधव, जो जिला शिक्षा केंद्र धार में प्रभारी सहायक यंत्री हैं, इन निर्माण कार्यों का सुपरविजन कर रहे थे।

शिकायत में बताया गया कि जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार खरे निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन के रूप में 17 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे।

आवेदक दिलीप साधव ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय से की। शिकायत के सत्यापन में मामला सही पाए जाने के बाद सोमवार को एक ट्रैप दल का गठन किया गया। लोकायुक्त टीम ने आरोपी खरे को रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 1 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग के अलग-अलग सिस्टम से बनी स्थिति

### एसआईआर में नाम कटा, फिर भी डाल सकेंगे वोट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में जिन डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटे हैं, वे अगले साल के नगर निगम और पंचायत चुनावों में फिर भी वोट डाल सकते हैं। इसकी वजह भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग के बीच मतदाता सूची को लेकर विवाद है। इससे एक आयोग की तरफ से हटाया गया मतदाता दूसरे आयोग की सूची में शामिल हो सकता है।



दरअसल, राज्य निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के बाद तैयार नई वोटर लिस्ट मांगी थी, ताकि 15 जिलों के निकाय उपचुनाव और अगले साल के पंचायत व नगरीय चुनाव उसी आधार पर कराए जा सकें। राज्य आयोग ने पांच बार पत्र भेजे, लेकिन केंद्रीय आयोग ने सूची उपलब्ध नहीं कराई। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने अलग वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की।

## बिहार में पैसेंजर ट्रेन में लगी भीषण आग

### सभी यात्री सुरक्षित निकले, सामान जला, यात्रियों के बीच भगदड़ जैसी बनी स्थिति

एजेंसी ▶▶ सासाराम

बिहार के सासाराम में सासाराम-आरा-पटना पैसेंजर (ट्रेन नंबर 53212) में सोमवार को अचानक आग लग गई। आग ट्रेन की जनरल बोगी डी-3 में लगी थी। इसके बाद बोगी से धुआं और लपटें उठने लगीं।

घटना के समय ट्रेन 6 नंबर प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। आग लगते ही यात्रियों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने लगे। कई यात्री अपना सामान छोड़कर प्लेटफॉर्म की ओर भागे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले कोच के अंदर से तेज जलने की गंध महसूस हुई। इसके बाद बोगी के भीतर धुआं भरने लगा और आग की लपटें दिखाई दीं। उल्लेखनीय है कि रविवार को त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन-दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस में मप्र के रतलाम के समीप आग लगी थी। आग ट्रेनएसी कोच बी-1 में आलोट के पास लूणी रीछा-विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच सुबह करीब 5.15 बजे लगी थी।



### ट्रेन खुलने वाली थी और आग लगी

ट्रेन सुबह 6.45 बजे सासाराम से खुलने वाली थी। बोगी में आग ट्रेन खुलने से पहले लग गई थी। इस दौरान यात्री ट्रेन में बैठे हुए थे। घटना की जानकारी तुरंत रेलवे कर्मियों की दो गई। फौरन मौके पर आरपीएफ और दमकल विभाग की टीम पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया। सभी यात्रियों को बोगी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जिस बोगी में आग लगी थी, उसे ट्रेन से अलग कर दिया गया है। इसके बाद ट्रेन ऑपरेशन को सामान्य करने की प्रक्रिया शुरू की गई। शुरूआती जांच में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। आग लगने के बाद ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। सासाराम स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर किसी भी यात्री को जाने नहीं दिया जा रहा है। प्लेटफॉर्म अभी खाली करवा दिया गया है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# गरीब को बना रहे मोहरा...

खतरनाक नशा पर लगाम के लिए वर्दी ने मुहिम छेड रखी है। वर्दी के प्रदेश मुखिया के इस अभियान को नशा पैदा करने वाले जिलों में गंभीरता के साथ अंजाम दिया जा रहा है।अवैध काम करने वालों को दबोचने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में तस्करों ने नया खेल शुरु कर दिया है। डाल-डाल, पात-पात के इस खेल में कारोबारी गरीब को मोहरा बनाते हुए उन्हें कैरियर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। चंद रूपयों, सद्भावना और भावुकता में लेकर गरीब को इसके लिए तैयार किया जा रहा है। ऐसे मामलों में फंसकर गरीब की जिंदगी बर्बाद हो रही है और सफेदपोश तस्कर मजे मार रहे हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर मामला प्रदेश के उप मुखिया तक भी पहुंचा था। उन्होंने कहा भी कि मैरे होते अन्याय नहीं होने दूँगा। मामले में वर्दी कप्तान को भी अवगत करवाया गया है। दलित पुरूष-महिला ने बेटे के लिए गुहार लगाते हुए केरियर उपयोग की कहानी का आधार उजागर किया है। इसमें बताया गया है कि उनके बेटे को बुलाया किसी और ने था। जिसने बुलाया था उससे पूछने पर ही मालूम हुआ कि गरीब के बेटे पर केस हो गया। आर्थिक स्थिति से कमजोर को देखते हुए कई सवाल जन्म ले रहे हैं। गरीब मजबूरियों का शिकार होने के कारण थोड़े से लालच मे परिवहन कर्ता बनाया गया हो? खुसूर-फुसूर है कि पुराने समय से ही तस्कर पैसों के दम पर गरीबों का उपयोग करते रहे हैं। ज्यादातर मामलों में कैरियर ही हाथ आते हैं। मूल तो बहुत ही कम सलाखों के पीछे जा पाते हैं। सफेदपोश तस्कर षड्यंत्र के साथ ऐसा खेल रचते हैं कि गरीब को एहसास भी नहीं हो पाता है कि उनकी मदद की जा रही है या कुए में धकेला जा रहा है। हर बार नया कैरियर उपयोग किया जाने लगा है। जांच में फंस गया तो तो मूल जिम्मेदार सामने नहीं आता है और निकल गया तो चंद रूपयों सद्भावना एवं भावुकता में ही सब कुछ निपट गया।




## न्यूज कॉलम

### निगम आयुक्त ने वार्ड क्र. 7 एवं 26 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया



**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत उज्जैन शहर में सफाई व्यवस्था का कार्य नियमित रूप से जारी है जहां कोई कमी परिलक्षित होती है निगम आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उसका समाधान करवाया जाता है साथ ही आयुक्त द्वारा खुद भी वार्डों में सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त द्वारा सोमवार को सफाई व्यवस्था निरीक्षण के क्रम में वार्ड क्रमांक 7 एवं वार्ड क्रमांक 26 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 07 में होटल के पास गंदगी एवं डिस्पोजल नाली में पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश जोनल अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को दिए साथ ही गली में सीवर लाइन से कनेक्शन के बावजूद नाली में गंदा पानी मिलने पर लोगो से बात भी की एवं जेडओ, एसआई को निर्देशित किया कि जिसके कनेक्शन सीवर लाइन से नही जुड़े है उन्हें तत्काल करवाए एवं नाली के ऊपर अतिक्रमण हटाकर सफाई करने हेतु निर्देशित किया साथ ही नालियों के ऊपर अवैध अतिक्रमण नहीं हो ताकि सफाई कार्य करने में सफाई मित्रों को परेशानी ना हो प्रमुख चौराहे, गली मोहल्ले साफ एवं स्वच्छ रहे कही पर भी कचरे का ढेर नहीं दिखना चाहिए, कचरा गाड़ियों में कचरा सेग्रीगेशन ही लिया जाए इसके लिए गाड़ी पर कार्यरत हेल्पर एवं आईईसी टीम के सदस्य नागरिकों को जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, जोनल अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक अजय दावरे, मुकेश भाटी उपस्थित रहे।

### निगम आयुक्त द्वारा इंदिरा नगर पानी टंकी का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** सभी पानी की टंकिया को पूर्ण क्षमता के साथ भरने एवं वार्डो में पेयजल व्यवस्था प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को इंदिरा नगर पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में निगम आयुक्त सुबह 6 बजे देवास गेट पानी की टंकी कंट्रोल रूम में पहुंचकर शहर की पेयजल व्यवस्था एवं सभी पानी की टंकी भरने की विस्तृत जानकारी लेकर इंदिरा नगर पानी टंकी पर पहुंचे निगम आयुक्त द्वारा सहायक यंत्री से संबंधित वार्डो में पेयजल स्थिति की जानकारी लेकर निर्देशित किया गया कि वार्डो में तय समय में पेयजल सप्लाय सुनिश्चित करे निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अभिषेक रोकड़े उपस्थित रहे।

### बिजली कंपनी ने सप्ताह के पहले दिन ही भरी गरमी में सुबह-सुबह की नींद हराम की

# दिन और रात के साथ अब कटौती का नींद में खलल

## कंपनी ने 24 घंटे कार्यरत शिकायत निवारण व्यवस्था के 9 जोन के नंबर जारी किए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आग उगलने वाली गर्मी के दिनों में विद्युत कंपनी के कारण आमजन को न दिन में चैन मिल पा रहा है और न रात में यानिकी तडके ठंडे समय मिलने वाली नींद का आराम मिल पा रहा है। कंपनी की व्यवस्था के तहत चाहे जब विद्युत बाधित हो रहा है। दिन में 3-4 बार 15 से 30 मिनट के लिए बाधा आ रही है तो रात में भी 1-2 बार इसी तरह का क्रम बन रहा है। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को महाश्वेता जोन में सुबह-सुबह विद्युत बाधित होने से आमजन की नींद हराम हुई है।

वैसे तो विद्युत की व्यवस्था भी गर्मी के दिनों में चुनौतीपूर्ण होती है। गर्मी से ट्रांसफार्मर भी अछुते नहीं हैं। अत्यधिक गर्म होने पर तकनीकी रूप से उनमें खराबी आना और अन्य कई परिस्थितियां निर्मित हो जाती है। इस सब के बीच भी विद्युत प्रदाय की व्यवस्था कंपनी कर रही है, लेकिन इस व्यवस्था में बाधा से आमजन को तकलीफ हो रही है।



- **दिन और रात में विद्युत बाधित-** दैनिक अवंतिका के पाठकों से मिल रही सूचना के अनुसार शहर के लगभग सभी जोन में दिन में 3-4 बार कटौती का क्रम सामने आ रहा है। इसके तहत 15-30 मिनिट के लिए विद्युत प्रदाय अवरूद्ध हो रहा है। अधिकांश ये समय दोपहर का ही सामने आ रहा है। इसी तरह से रात्रि में भी 11 बजे से 3 बजे के मध्य 1-2 बार लगभग 15-20 मिनिट के लिए विद्युत अवरूद्ध की स्थिति बन रही है। ये समय गर्मी के दिनों में दिन में चैन एवं रात में नींद लेने का होता है। दोपहर में जमकर गर्मी पडने की स्थिति में आमजन जमकर पंखे, कुलर एवं वातानुकुलित का उपयोग करते हैं।
- **लोड बढने से शट डाउन की स्थिति-** इधर कंपनी के कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लोड बढ़ने की स्थिति में शट डाउन के हालात निर्मित होना तकनीकी स्थिति है। इसके साथ ही गर्मी के असर से ट्रांसफार्मर भी हांफने लगे हैं। गर्मी के कारण से उनकी स्थिति भी खराब है। इसके साथ ही कई ट्रांसफार्मर पर आवश्यकता से ज्यादा लोड है। ऐसा नहीं है कि ट्रांसफार्मर कम क्षमता के हैं। ट्रांसफार्मर लगानें के बाद क्षेत्र में लोड बढ़ा और मात्र कागजी टेस्टिंग रिपोर्ट ही सामने आई। तकनीकी कारणों से कई समस्याएं सामने आती हैं।

### नो जोन में काल सेंटर स्थापित

विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी जयेंद्र ठाकुर के अनुसार उज्जैन शहर के सभी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24 घंटे कार्यरत शिकायत निवारण व्यवस्था चला रही है। उज्जैन शहर के 9 जोन कार्यालयों में विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए 24.7 कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं।

**पूर्व शहर संभाग उज्जैन अंतर्गत**

- महानंदा जोन: 0734-2920115
- महाश्वेता जोन: 0734-2920113
- कियोस्क जोन: 0734-2920112
- मकसी रोड जोन: 0734-2920118

**पश्चिम शहर संभाग उज्जैन अंतर्गत:**

- वल्लभ नगर जोन: 0734-2990745
- खेड़ापति जोन: 0734-2990748
- नई सड़क जोन: 0734-2990746
- छत्री चौक जोन: 0734-2990751
- कार्तिक मेला जोन: 0734-2990749

उपरोक्त सभी नंबर लैंडलाइन हैं तथा 24 घंटे (दिन-रात) सक्रिय हैं। इन नंबरों पर विद्युत आपूर्ति, बिलिंग, मीटर, ट्रांसफार्मर अथवा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### सोमवार सुबह ही नींद हराम

सप्ताह की शुरूआत में ही महाश्वेता जोन अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में सुबह 5.30 बजे से ही विद्युत बाधित होने की जानकारी सामने आ रही है। इसके चलते बाधित क्षेत्र में आमजन की नींद हराम हुई है। बाधित विद्युत करीब 2.30 घंटे बाद ही वापस लौटी। इसे लेकर प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने कंपनी के जोन में भी फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिल रहा था। यहां तक की कुछ अधिकारियों को भी मोबाईल काल किया गया लेकिन जवाबी स्थिति नहीं रही है।

### कनेक्टिविटी की बाधा भी

सामने आ रहा है कि जोन पर संचालित बीएसएनएल लैंडलाइन नंबरों पर एयरटेल और जियो मोबाइल नंबरों से कॉल करने पर कॉल कनेक्ट नहीं हो पा रही है। कॉल करने वाले को अपनी ही आवाज इको (प्रतिध्वनि) के रूप में सुनाई दे रही है, जिससे उपभोक्ताओं को लग रहा है कि कॉल सेंटर पर कोई फोन नहीं उठा रहा है। यह एक तकनीकी समस्या है। विद्युत कंपनी ने बीएसएनएल अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस समस्या को शीघ्रातिशीघ्र सुलझाकर उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

### यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़, परमिट शर्तो का भी उल्लंघन

# स्लीपर बसों में सुरक्षा इंतजामों की जांच नहीं

## ग्वालियर जा रही बस में हुई आगजनी के बाद भी नहीं चेता विभाग, बसों में यात्रियों से ज्यादा लगेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में महाकाल लोक बनने के बाद से लग्जरी और स्लीपर बसों का संचालन तेजी से बढ़ा है। शहर से अन्य जिलों और राज्यों के लिए बड़ी संख्या में बसें संचालित हो रही हैं, लेकिन इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिवहन विभाग और संबंधित एजेंसियों द्वारा सुरक्षा मानकों की नियमित जांच नहीं किए जाने से यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है।

**ग्वालियर हादसे के बाद भी नहीं चेता विभाग-** हाल ही में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्वालियर जा रही यात्री बस में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की घटना सामने आई थी, जिसमें एक चार वर्षीय मासूम की जलने से मौत हो गई थी। बताया जाता है कि इस बस में आग बुझाने के संसाधन भी मौजूद नहीं थे। इस घटना के बाद भी उज्जैन में संचालित लग्जरी और स्लीपर बसों की सुरक्षा जांच को लेकर परिवहन विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

शहर में संचालित बसों में आग से बचाव के पर्याप्त संसाधन हैं या नहीं, आपातकालीन निकास द्वार कार्यरत हैं या नहीं तथा शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं से निपटने के इंतजाम मौजूद हैं या नहीं, इसकी कोई प्रभावी जांच नहीं हो रही है।




### बसों की छतों पर भारी लगेज, नियमों की अनदेखी

यात्रियों के परिवहन के साथ माल ढुलाई भी जारी। आरटीओ द्वारा ट्रेवल्स संचालकों को बसों में यात्रियों के परिवहन के लिए परमिट जारी किए जाते हैं, लेकिन कई बस संचालक नियमों का उल्लंघन करते हुए बसों की छतों पर भारी लगेज लादकर परिवहन कर रहे हैं। शहर के देवास गेट बस स्टैंड, नानाखेड़ा बस स्टैंड और अन्य स्थानों से संचालित बसों में यात्रियों के साथ अत्यधिक मात्रा में सामान ले जाया जा रहा है। कई बसों में यात्रियों से ज्यादा लगेज देखा जा सकता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

### भीड़भाड़ वाले मार्गों से गुजर रहीं स्लीपर बसें

नानाखेड़ा से फ्रीगंज होते हुए देवास गेट तक बड़ी संख्या में स्लीपर और लग्जरी बसों की आवाजाही बनी रहती है। ये बसें शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं, लेकिन इनके खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। शाम होते ही देवास गेट क्षेत्र में बसों का जमावड़ा लग जाता है। यात्री बैठाने की होड़ में बसें सड़क किनारे कहीं भी खड़ी हो जाती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

### जिम्मेदार विभागों की अनदेखी से बढ़ रहा खतरा

यात्री बसों का नियमानुसार संचालन सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी आरटीओ विभाग और पुलिस प्रशासन की होती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर निगरानी और कार्रवाई का अभाव दिखाई दे रहा है। देवास गेट क्षेत्र में पुलिस की नियमित मौजूदगी और नजदीक थाना होने के बावजूद बसों में ओवरलोड लगेज और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे बस संचालकों के हौसले बुलंद हैं और यात्रियों की सुरक्षा लगातार खतरे में बनी हुई है।

# अब कचरे के बदले मिलेगा खाना और सामान

## बस स्टैंड पर खुलेगा कचरा कैफे, कचरा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करना उद्देश्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में नगर निगम 'कचरा कैफे' शुरू करने जा रहा है। यहां नागरिक सूखा कचरा देकर खाद्य सामग्री और जरूरत का सामान प्राप्त कर सकेंगे। यह कैफे नानाखेड़ा बस स्टैंड परिसर में बनाया जाएगा।

नगर निगम ने स्वच्छता और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की है। 'उज्जैन कचरा कैफे' नानाखेड़ा बस स्टैंड परिसर में करीब 2500 वर्गफीट क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। यहां लोग प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड और अन्य सूखा कचरा जमा कर भोजन, नाश्ता या दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना और नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। निगम का लक्ष्य कचरे को अलग-अलग (सेग्रिगेट) करने की आदत विकसित करना है, जिससे रीसाइक्लिंग और प्रोसेसिंग बेहतर हो सके। कैफे का संचालन स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे निगम का मानना है कि यह मॉडल शहर के स्वच्छता अभियान को नई दिशा देगा।



कैफे की स्थापना रॉयल्टी मॉडल होगा। इसमें नगर निगम किसी भी तरह से भुगतान नहीं करेगा इसमें जो भी एजेंसी आएगी वो ज्यादा रॉयल्टी देने का प्रस्ताव देगी उसे ही काम दिया जाएगा । तीन दिन के भीतर तीन माह की एडवांस रॉयल्टी जमा करना होगी। वही 50 हजार की परफॉर्मेंस गारंटी निगम में देना होगी जो टेंडर लेगा उसे वही कचरे की लॉग बुक भी रखना होगी।

# शनिचरी अमावस्या पर चढ़ाया तेल अब किसानों को बेचेगा मंदिर प्रशासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को शनिचरी अमावस्या के विशेष संयोग पर उज्जैन के त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शनि को तेल चढ़ाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद घाट पर कपड़े और जूते-चप्पल भी छोड़ दिए। 24 घंटे में 1000 लीटर से ज्यादा तेल इकट्ठा हुआ है, जबकि बड़ी मात्रा में कपड़े और जूते-चप्पल भी जमा हुए हैं। देशभर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शनि को तेल अर्पित किया। 24 घंटे में 1000 लीटर से ज्यादा तेल इकट्ठा हुआ। मंदिर प्रशासक कार्तिकेय सिंह सेंगर के अनुसार इसकी कीमत करीब एक लाख रुपए है। मंदिर में जमा तेल को किसानों को बेचा जाएगा। वे इसका उपयोग अपने पशुओं के लिए करेंगे। इससे मंदिर को भी आय होगी। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद घाट पर कपड़े और जूते-चप्पल छोड़ दिए थे। नगर निगम ने सफाई कर इन्हें हटाया। इस काम में करीब 90 सफाई कर्मियों को लगाया गया। कपड़ों से फाइल कवर और अन्य उपयोगी सामान बनाए जाएंगे। जूते-चप्पलों को मशीन से प्रोसेस कर ईंधन (आरडीएफ) बनाया जाएगा, जिसका उपयोग फैक्ट्रियों और बिजली संयंत्रों में होगा।

# राज्य स्तरीय सायकल पोलो प्रतियोगिता में उज्जैन के दोनों दल विजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




उज्जैन डिस्ट्रिक्ट बाइसिकल पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रथम स्व.श्री प्रकाश पुरोहित स्मृति राज्य स्तरीय सायकल पोलो प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष में उज्जैन के दोनों दल विजेता रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं संरचना मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, अध्यक्षता दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, एमआईडीसी मेंबर उज्जैन ने की मुख्य अतिथि विशेष अतिथि के रूप में कल्पना शर्मा पूर्व प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर ऋषि नगर रहीम रहे।

फाइनल मुकाबले में उज्जैन की पुरुष टीम ने धार को चार एक गोल से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया वहीं उज्जैन की बालिकाओं ने रतलाम को तीन एक गोल से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। समापन अवसर पर राष्ट्रीय निर्णायक संतोष राव, यश भंवर एवं टेबल टेनिस प्रशिक्षक राजेश शर्मा का सम्मान अतिथि द्वारा किया गया। रिपु होम फाइनेंस लिमिटेड के भरत जैन द्वारा तीन उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 500-500 का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शास्त्री नगर मैदान पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के मुख्य आतिथ्य तथा भरत जैन शाखा प्रभारी रेप्को होम फायनेंस लिमिटेड की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# हीरामिल के कुंड की हालत खस्ता, कचरे से भरा विसर्जन कुंड

## कुंड का पानी भी हुआ खराब, पानी सड़ने से फैल रही दुर्गंध, गंदगी से लोगों की आस्था भी आहत हो रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हीरा मिल की चाल में स्थित विसर्जन कुंड इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है। सफाई के अभाव में कुंड की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कुंड के अंदर बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया है, जिससे पानी सड़ चुका है और आसपास बदबू फैल रही है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा इस कुंड को गणेश विसर्जन स्थल के रूप में उपयोग किया जाता है। प्रतिवर्ष गणेश विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी इसी कुंड में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन करते हैं। लेकिन वर्तमान में इसकी हालत बेहद खराब दिखाई दे रही है। कुंड में लोगों द्वारा फेंके गए कपड़े, पन्नियां और अन्य कचरा तैरता नजर आ रहा है। लगातार कचरा जमा होने के कारण पानी पूरी तरह खराब हो गया है और उससे तेज दुर्गंध उठ रही है।



### बैरिकेट्स भी कुंड के अंदर गिरे

गणेश विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा कुंड के आसपास बैरिकेट्स लगाए जाते हैं, ताकि श्रद्धालु कुंड के अधिक पास न जा सकें और किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। लेकिन कई बैरिकेट्स वहीं पड़े रह गए। वर्तमान स्थिति यह है कि कुंड के किनारे रखे गए कई बैरिकेट्स कुंड के अंदर गिर चुके हैं और पानी में पड़े-पड़े खराब हो रहे हैं।

विसर्जन स्थल पर गंदगी से लोगों की आस्था भी आहत हो रही है क्षेत्रवासियों का कहना है कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थान की नियमित सफाई होना चाहिए, लेकिन लंबे समय से इसकी अनदेखी की जा रही है।

### स्वच्छता अभियान पर उठ रहे सवाल

एक ओर नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा लगातार निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुधारने में जुटे हुए हैं, लेकिन शहर के कुछ क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की अनदेखी अधिकारियों की मेहनत पर सवाल खड़े कर रही है।

### स्वास्थ्य अधिकारी ने सफाई कराने की कही बात

नगर निगम के उपायुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी संजेश गुप्ता ने कहा कि यदि कुंड में कचरा जमा हो रहा है तो उसे निकलवाकर कुंड की सफाई करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कुंड हीरा मिल की निजी भूमि पर स्थित है, इसलिए क्षेत्रवासियों को भी जागरूक होकर इसमें कचरा नहीं फेंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुंड में जमा कचरा और रुके हुए पानी की सफाई कर जल्द व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कुंड स्वच्छ बना रहे और क्षेत्र में गंदगी व बदबू की समस्या समाप्त हो सके।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार



## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा मानकों में कमियां पाए जाने पर तीन फैक्ट्रियों को किया सील

**इंदौर।** गत दिवस देवास जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना तथा वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदामों एवं फैक्ट्रियों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस सिलसिले में जिला प्रशासन के अमले द्वारा आज विभिन्न क्षेत्रों में किए गए निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर कमियां पाए जाने पर तीन पटाखा फैक्ट्रियों को सील किया गया। इनमें लक्ष्मी फायर वर्क एंड इंडस्ट्री दातोदा, सतनाम फायर वर्क सिमरोल तथा फटका मैन्युफैक्चरिंग घोसीखेड़ा शामिल हैं। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशों के पालन में एसडीएम एवं एसडीओपी महू द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त फैक्ट्रियों में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण एवं सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी तथा मजदूरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं किए गए थे। इसके चलते संबंधित इकाइयों को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की गई।

### जागरूकता बढाने 25 मई तक लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित

**इंदौर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय दिल्ली द्वारा पीएम डीए - जेजीयूए अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों में पीव्हीटीजी जनजातीय समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढाने हेतु 18 से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान संचालित करने एवं पीवीटीजी जनजातीय समुदायों हेतु लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किये जायेंगे। उक्त अभियान में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु ब्लॉक स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। इस अभियान में जमीनी स्तर पर जन भागीदारी गतिविधियां, आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई, स्वास्थ्य शिविर और जनजातीय वर्ग के युवाओं एवं महिला उद्यमियो की कहानिया शामिल होगी ।

### प्रदेश का गौरव-किंग ऑफ मैंगो नूरजहाँ आम का उत्पादन बढ़ा

**इंदौर।** भारत को आमों का देश कहा जाता है और मध्यप्रदेश इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश की जलवायु, उपजाऊ मिट्टी और विविध भौगोलिक परिस्थितियां आम उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल मानी जाती हैं। यही कारण है कि यहां दशहरी, लंगड़ा, चौसा, केसर, आम्रपाली, अल्फांसो और तोतापरी जैसी अनेक प्रसिद्ध किस्मों के साथ-साथ एक ऐसी अनोखी किस्म भी पैदा होती है, जिसने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विशेष पहचान बनाई है। यह विशेष किस्म है नूरजहाँ' आम। इसे ₹किंग ऑफ मैंगो₹ भी कहा जाता है। मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में पैदा होने वाला नूरजहाँ आम अपने विशाल आकार, अद्वितीय स्वाद और आकर्षक स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है।

### चार साल के मासूम की जिद के आगे कानून भी पिघला

**उज्जैन।** उज्जैन में एक बेहद भावुक मामला सामने आया है, जहां चार साल के मासूम की एक जिद ने अदालत को भी भावुक कर दिया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान बच्चे ने बार-बार कहा, ॑मैं पापा के साथ जाऊंगा ॑ बच्चे की भावनाओं को देखते हुए न्यायाधीश ने उसे पिता के साथ भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जेल प्रशासन को बच्चे की पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए गए। अब मासूम अपने पिता के साथ केंद्रीय भैरवगढ़ जेल में रह रहा है। मामला उज्जैन के देवास रोड स्थित एक कॉलोनी का है। यहां रहने वाली एक महिला ने करीब एक महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान चार साल का बेटा भी अपने पिता के साथ था। पुलिस बच्चे को भी कोर्ट लेकर पहुंची। सुनवाई के दौरान बच्चे के नाना-नानी ने उसे अपने साथ रखने की इच्छा जताई। कोर्ट में बच्चा लगातार अपने पिता के साथ रहने की जिद करता रहा। उसने साफ तौर पर नाना-नानी के साथ जाने से इनकार कर दिया। मासूम की यह बात सुनकर अदालत ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को उसके पिता के साथ भेजने का फैसला सुनाया। इसके बाद दोनों को भैरवगढ़ सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### मंदिर की रक्षा के लिए कोई भक्त भी बन सकता है पक्षकार

**इंदौर।** धार भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के निर्णय में कई टिप्पणियां ऐसी हैं जो नए उदाहरण स्थापित कर रही हैं। निर्णय के एक महत्वपूर्ण हिस्से में कोर्ट ने कहा है कि किसी देवता, धार्मिक ट्रस्ट या पूजा स्थल की सुरक्षा केवल ट्रस्टियों या प्रबंधन तक सीमित विषय नहीं है, श्रद्धालु और भक्त भी ऐसे मामलों में अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। दरअसल, अप्रैल और मई में 24 दिन चली नियमित सुनवाई के दौरान अपीलार्थी काजी जकुल्ला की ओर से अधिवक्ता शोभा मेनन ने मंदिर पक्ष की ओर से याचिकाकर्ता बने लोगों पर सवाल उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि वे किस आधार पर याचिकाकर्ता बने हैं। उनका कहना था कि याचिकाकर्ता मूल रूप से प्रदेश के बाहर से निवासी हैं। धार से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

# सीक्रेट ऑपरेशन में लेडी ड्रग माफिया समेत कई गिरफ्तार

## पूछताछ के बाद हो सकता है पूरे नेटवर्क का खुलासा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में सोमवार तड़के कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ा सीक्रेट ऑपरेशन चलाया। इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच और छह थानों की पुलिस टीम ने अलग-अलग इलाकों में एक साथ छापेमारी की। पुलिस की इस कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन की कमान खुद पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के हाथ में थी। पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय तरीके से की गई, ताकि किसी को पहले से भनक न लग सके।




सूत्रों के अनुसार पुलिस ने सबसे पहले द्वारकापुरी इलाके में रहने वाली अलका दीक्षित को हिरासत में लिया। उसे गुप्त स्थान पर ले जाकर पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस की दूसरी टीम ने अलका के बेटे जयदीप को अहिरखेड़ी इलाके से पकड़ा। दोनों से ड्रग्स नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है। इंदौर पुलिस का यह सीक्रेट ऑपरेशन शहर में ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। पिछले कुछ समय से पुलिस लगातार नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर नजर बनाए हुए थी।

### इंटेलिजेंस शाखा के पुलिसकर्मी के घर भी छापा

ऑपरेशन के दौरान एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया की टीम ने प्रधान आरक्षक विनोद के घर पर भी छापा मारा। विनोद पहले लंबे समय तक क्राइम ब्रांच में पदस्थ रह चुका है और फिलहाल इंटेलिजेंस शाखा में तैनात बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके घर से मोबाइल और लैपटॉप भी जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान परिवार वालों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस टीम जांच में जुटी रही।

### अलग-अलग जगहों पर हुई पूछताछ

पुलिस ने सभी संदिग्धों से अलग-अलग स्थानों पर पूछताछ की। पूरे ऑपरेशन को बेहद गोपनीय रखा गया था। जानकारी के मुताबिक छापेमारी करने वाली टीम को भी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई थी। पूरे ऑपरेशन की निगरानी पुलिस कमिश्नर और एडिशनल पुलिस कमिश्नर लगातार कर रहे थे।

### पीथमपुर तक पहुंची पुलिस टीम

रात में ही पुलिस की एक टीम पीथमपुर भी भेजी गई। वहां से भी कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि इन लोगों का संबंध ड्रग्स कारोबार से हो सकता है। फिलहाल उनसे खजराना थाना क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है। सूत्रों को कहना है इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती है ।

# कैंसर पीड़ित बुजुर्ग महिला को एसआई ने थप्पड़ मारा

## बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद थाने पहुंचा था मामला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में एक पारिवारिक विवाद उस समय गंभीर हो गया, जब कोतवाली थाने में पहुंची एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाने में मौजूद एक महिला पुलिसकर्मी ने कैंसर का ऑपरेशन करा चुकी बुजुर्ग महिला को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद से परिवार पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहा है।

जानकारी के अनुसार मामला रविवार रात 9 बजे शहर के क्षीरसागर क्षेत्र का है, जहां रहने वाले प्रकाश सूर्यवंशी के परिवार में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच पहले समझौता भी हो गया था, लेकिन कुछ समय बाद विवाद फिर से बढ़ गया। इसके बाद कमलेश सूर्यवंशी नामक युवक शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचा।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिकायत दर्ज करने के बजाय पुलिस ने कमलेश को थाने में ही बैठा लिया। जब कमलेश की मां सुशीला सूर्यवंशी अपने बेटे को लेने थाने पहुंचीं, तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से पूछा कि उनके बेटे को क्यों रोका गया है। इसी बात को लेकर थाने में बहस शुरू हो गई।

परिवार का आरोप है कि बहस के दौरान वहां मौजूद एक महिला पुलिसकर्मी, जिन्हें परिवार सांवरिया मैडम के नाम से पहचान रहा है, ने सुशीला सूर्यवंशी को थप्पड़ मार दिया।



### दो साल पहले हुआ था कैंसर का ऑपरेशन

परिजनों के मुताबिक सुशीला सूर्यवंशी पहले से गंभीर बीमारी से गुजर चुकी हैं। करीब दो साल पहले उनका कैंसर का ऑपरेशन हुआ था और वह लगातार स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रही हैं। ऐसे में घटना के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई।घटना के बाद उन्हें तत्काल चरक भवन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। परिवार का कहना है कि अस्पताल में भर्ती महिला की हालत को देखते हुए मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### शिकायत दर्ज नहीं की गई

पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद जब वे दोबारा थाने पहुंचे तो उनकी शिकायत ठीक से दर्ज नहीं की गई। उनका कहना है कि थाने में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी भी महिला पुलिसकर्मी का पक्ष लेते नजर आए और संबंधित कर्मचारी की पूरी जानकारी देने से बचते रहे। परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि थाने में लगे उउळश कैमरों की फुटेज की जांच कराई जाए ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। साथ ही आरोपित महिला पुलिसकर्मी को तत्काल निलंबित करने, दोषियों पर कार्रवाई करने और इलाज का पूरा खर्च दिलाने की मांग भी की गई है। मामले को लेकर अब पीड़ित परिवार उच्च अधिकारियों तक पहुंचने की तैयारी कर रहा है। वहीं पुलिस की ओर से अब तक इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक विस्तृत बयान सामने नहीं आया है।

# सनावदिया में जिस हाट की हल्दी से दूल्हा हुआ था बीमार, वहां की गई जांच

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मिलावटी हल्दी के कारण इंदौर जिले के दूधिया, खरगोन सहित अन्य जिलों से दूल्हा-दुल्हन बीमार हो गए थे। हल्दी लगाने के कारण इन्हें गंभीर एलर्जिक रिएक्शन हो गया। दूधिया निवासी गोलू कौशल ने शादी के लिए सनावदिया में लगने वाले हाट-बाजार से हल्दी खरीदी थी। रविवार को खाद्य विभाग की टीम जांच करने के लिए पहुंची। यहां तीन दुकानों से हल्दी लेकर प्रारंभिक जांच की। इसी प्रकार मालवा मिल क्षेत्र एवं आसपास के हाट-बाजार, मांगलिया हाट-बाजार और मूसाखेड़ी हाट-बाजार में बिकने वाली हल्दी की जांच की जा चुकी है। अब तक की गई प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की मिलावट सामने नहीं आई है। विस्तृत जांच के लिए सैंपल लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। विस्तृत जांच में यदि कोई केमिकल हल्दी में पाया जाता है तो विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# संघ ने व्यापक बदलाव को लेकर शुरू किए कार्य

## राज्य को प्रमुख 7 संभागों में किया विभाजित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने भविष्य की स्थितियों को देखते हुए अब प्रदेश के 7 संभागों को विशेष रूप से चयनित किया है। मालवा निमाड़ के अंतर्गत उज्जैन को सर्वप्रथम लिया गया है दरअसल वर्षों से संघ की बड़ी शाखाओं के साथ यह पर बड़े बड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते रहे है। ऐसे में देखा जाए तो मालवा निमाड़ में उज्जैन को संघ का केंद्र भी माना जाता है। धर्मिक नगरी के साथ संघ ने हमेशा से ही अपने विस्तारीकरण की शुरूआत भी कई बार उज्जैन से ही की है। पहले मध्यप्रदेश तीन प्रांतों मालवा, महाकौशल और मध्य भारत में बंटा हुआ था। अब इन तीनों प्रांतों को समाप्त करके पूरे मध्यप्रदेश को एक ही प्रांत इकाई के रूप में संगठित किया गया है। जमीनी स्तर पर काम को सुचारू बनाने के लिए राज्य को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सागर और रीवा जैसे 7 प्रमुख संभागों में विभाजित किया गया है। अब पूरे राज्य की कमान केवल एक 'प्रदेश प्रचारक' और 'प्रदेश कार्यसमिति' के हाथ में होगी, जबकि प्रत्येक संभाग में स्वतंत्र कार्यकारी टीमें (संभाग प्रचारक) काम करेंगी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की मूल विचारधाराएं से ओत प्रोत कुछ कार्यकमों के साथ अब इसको पुस्तकों के माध्यम से भी सभी जगह तक पहुंचाने के लिए प्लानिंग की जा रही है।

संघ का मानना है कि विचार धारा को पुस्तकों के माध्यम से साथ आप दैनिक जीवन में उतारने से भी कई तरह के बदलाव होते है। इसलिए सबसे ज्यादा फोकस भी इस समय संघ का युवाओं पर है।

8 से 10 लाख के नुकसान का अनुमान


# डिस्पोजल गोदाम में लगाई आग

## सीसीटीवी में संदिग्ध दिखे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के माधव नगर थाना क्षेत्र के जाल कंपाउंड इलाके में रविवार-सोमवार दरमियानी रात एक गोदाम में पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 12:30 बजे की है। आग में डिस्पोजल सामान जल गया और 8 से 10 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

गोदाम से तेज लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और जनप्रतिनिधियों को सूचना दी। कुछ ही देर में आग ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया।



### सीसीटीवी में संदिग्ध गतिविधियां दिखीं

पीड़ित युवराज जाट ने बताया कि दोस्त के फोन पर मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज देखे। फुटेज में रात 12 बजे के बाद कुछ युवक संदिग्ध हालत में दिखे। एक युवक जलती पोटली और पेट्रोल अंदर फेंककर वाहन से भागता नजर आया। युवराज के मुताबिक गोदाम में डिस्पोजल सामग्री और व्यापारिक सामान रखा था, जो पूरी तरह जल गया। नुकसान 8 से 10 लाख रुपए बताया जा रहा है।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायरकर्मी चिंतामन जायसवाल ने बताया कि मकान राज ठाकुर का है और युवराज किराये से गोदाम चला रहे थे। माधव नगर थाना पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की कार्यकारिणी की साधारण सभा और शपथ विधि समारोह आयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर की कार्यकारिणी की साधारण सभा और शपथ विधि समारोह रविवार को महावीर बाग में आयोजित किया गया। सांसद के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू एवं प्रवीण जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री सहित अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।




सामाजिक संसद के निर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा ने इस मौके पर कहा कि हमने समाज से जो वादे किए हैं। वे सभी पूरे करेंगे। हमारा पहला काम यह होगा कि इंदौर शहर से 40-50 किमी दायरे में जो भी मुनिराज विहाररत रहेंगे। उनकी आहार विहार निहार की व्यवस्था कर मुनिवैयावृत्ति करेंगे। सामाजिक शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा समाज के युवाओं के लिए व्यापार के लिए स्टार्टअप तैयार करने में भी सहयोग करेंगे। अध्यक्ष आनंद गोधा ने कहा कि समाज के कमजोर तबके के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए उन्हें एजुकेशन लोन सहित मार्गदर्शन के लिए कोचिंग की व्यवस्था को भी अंजाम देंगे। इस अवसर पर नवीन गोधा को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम समाज की जनगणना कराई जाएगी और समाज को नया स्वरूप देने के लिए आईटी सेल के माध्यम से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज को तकनीकी रूप से मजबूत और संगठित बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

वहीं संविधान संशोधन के लिए कैलाश वेद को सभी की सहमति से नियुक्त किया गया। इस दौरान स्पष्ट किया गया कि सामाजिक संसद के संविधान का मूल आधार मंदिर व्यवस्था ही रहेगा। इससे पूर्व इंदौर नगरपालिका निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर के 6 जोन के अध्यक्षों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बेहद प्रसन्नता की बात है कि दिगंबर जैन समाज के लोग आज एक मंच पर आकर समाज में समानता की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज में समाज के साथ नवीनता का प्रयोग करना भी बेहद जरूरी है। महापौर भार्गव ने कहा कि समय के साथ जनरेशन चेंज हो रही है। पहले 10 से 15 साल में पीढ़ी बदलती थी अब जनरेशन चेंज 5 साल में ही देखने में आ रहा है। भार्गव ने कहा कि नित नूतन और चिर पुरातन का भाव रखकर दिगंबर जैन समाज नए तरीके अपनाए।

### समाज में एकत्व भाव देख प्रसन्नता है

कार्यक्रम में संबोधन की कड़ी में सर्वप्रथम विमल अजमेरा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एकत्व का भाव से समाज मजबूत होता है। आज समाज एक हो गया है। यह प्रसन्नता का विषय है। 140 मंदिरों के पदाधिकारियों को साथ लेकर समाजोत्थान के कार्य सराहनीय है। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पाटनी ने कहा कि विश्वास और श्रद्धा अलग-अलग है। उसी तरह समाज का संविधान भी है। हमारे पूर्वजों ने जो मंत्र दिया है। उन्होंने जो संरचना रची है। उसी का अनुपालन होना चाहिए। इस अवसर पर निर्मल कासलीवाल, टीके वेद, बाहुबली जैन, प्रदीप शास्त्री, कैलाश वेद, सुभाष सेठिया, डॉ जैनेन्द्र जैन सहित अन्य समाज श्रेष्ठी और वरिष्ठजनों ने संबोधित किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संगीता विनायका ने किया।

**मासिक पत्रिका का विमोचन किया-** कार्यक्रम के दौरान सामाजिक संसद की नवनियुक्त प्रवक्ता और सामाजिक संसद की मासिक पत्रिका की प्रधान संपादक रेखा संजय जैन ने भी शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर पत्रिका का विमोचन अतिथि निर्वाचित अध्यक्ष आनंद गोधा, नवीन गोधा, विजय पटोदी, नरेंद्र वेद, हर्ष जैन, दिलीप पटोदी, संदीप जैन मोयरा सरिया, पुष्पा कासलीवाल, अमित कासलीवाल, एडवोकेट एन के जैन, राजेश जैन दद्दू मनोहर झांझरी, धर्मेंद्र सिनकेम अक्षय कासलीवाल आदि ने किया।

हेलो मैडम, आपका नंबर मिलेगा....

# कमेंट सुनते ही पुलिस ने दो मनचलों को दबोचा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर पुलिस द्वारा अपराधों पर नियंत्रण और अपराधियों पर लगाम लगाने को लेकर कई पहल पहले भी कर चुकी है, इसी क्रम में पुलिस ने राह चलते महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले और छेड़छाड़ करने वाले को पकड़ने के लिए एक और पहल की है जिसका नाम है ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट । महिलाओं, युवतियों, बेटियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर ॑ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट॑ चलाया जा रहा है, इसका उद्देश्य ऐसे मनचलों को पकड़ना है जो महिलाओं पर कमेंट करते हैं, छेड़खानी करते हैं, सीटी बजाते हैं, पुलिस ने बीती रात ऐसे ही दो मनचलों को पकड़ा है। पुलिस प्रवक्ता अमरेंद्र सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर को कई दिनों से इस तरह की शिकायतें ममिल रहीं थी कुछ लड़के पार्कों में, बाजारों में युवतियों और महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं उन्हें देखकर सीटी बजाते हैं, उन्होंने शिकायत के बाद ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट चलाने का निर्णय लिया जिसका अच्छा परिणाम सामने आया है।

### लड़कियों के परेशान करने वाले गिरफ्त में

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार की रात इस ऑपरेशन के तहत कुछ महिला पुलिस आरक्षकों को सादा कपड़ों में रीजनल पार्क में भेजा गया, यहाँ से छेड़खानी की शिकायते आ रही थी, इन पुलिस कर्मियों को बैक अप देने के लिए पुलिस फोर्स भी पार्क के आसपास तैनात किया गया। जैसे ही महिला आरक्षक पार्क क्षेत्र में पहुंचीं दो युवकों ने उन्हें देखकर सीटी बजाना शुरू कर दिया। मनचलों ने पास आकर कहा- हेलो मैडम, आपका नंबर मिलेगा क्या? मनचलों के कमेंट करते ही महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें रोक लिया और पीछे से मौजूद बैक अप पुलिस टीम ने दोनों युवकों को घेरकर पकड़ लिया।

## न्यूज कालम



### आत्मरक्षा शिविर में 300 से अधिक बेटियों ने भाग लेकर प्रदर्शन किया

**खरगोन।** शहर के विवेकानंद कॉलोनी उद्यान में हिंदू संस्कृति एवं संस्कार संस्था द्वारा आयोजित आत्मरक्षा शिविर में 300 से अधिक हिंदू बेटियों ने भाग लेकर आत्मरक्षा के गुर सीख रही है। इस शिविर में रविवार को एसपी रविन्द्र वर्मा भी शामिल हुए। शिविर में बेटियों के तलवार बाजी, लाठी चलाने के साथ ही आपात स्थिति में आग बुझाने के प्रयास के प्रदर्शन की सराहना की। एसपी ने कहा कि देश सेवा का जज्बा अब केवल बेटों तक सीमित नहीं रहा, बेटियां भी हर मोर्चे पर तैयार हैं। उन्होंने आत्मरक्षा के महत्व और रक्तदान के संकल्प की सराहना की। आज की बेटियां आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी हैं और उनका यह संकल्प समाज को नई दिशा देगा। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष राजू शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले ४ वर्षों से निशुल्क आत्मरक्षा शिविर आयोजित कर रही है, जिसमें बेटियों को युद्ध कला, जूडो.कराटे, लाठी, तलवार चलाना सिखाया जाता है। इस वर्ष पिस्टल शूटिंग और आर्चरी का प्रशिक्षण भी शामिल किया गया है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकानो पर राशन नहीं मिलने से गरीब परेशान

**खरगोन ।** शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राशन नहीं मिलने से गरीब नागरीक परेशान राशन की दुकान वालो का कहना है की जितने कार्ड होते उतना राशन बांट देते हैं। अतिरिक्त माल जो पोर्टेलिबीर्टी का मिलता था। वन देश वन राशन कार्ड वो अब हमें नही मिल रहा है इसलिए हम राशन देने मे हम असमर्थ है हमें राशन बांटने की व्यवस्था नहीं मिल रही है एस्ट्रा आवंटन हमें दो महीने से नही मिल रहा है। जिले में बहुत परेशानी का सामना पड़ रहा है।हर राशन दुकानदार को जो की घटबड की योजना है।वो भी हमें नही मिलती है जिले मे राशन दुकानो की व्यवस्था चरमराई हुई है ।जिससे राशन दुकानदार और गरीब नागरिक परेशान हैं। अतिरिक्त जो माल मिलता है पोर्टेबिलिट्री का वो दुकानदार को मिलना चाहिए जो की हर गरीब को हर राशन दुकान से अनाज मिल सके।

### नेपानगर ने जिले में सबसे पहले पूरा किया मकान सूचीकरण का कार्य



**बुरहानपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 के मध्य पूर्ण किया जाना था। नेपानगर शहरी क्षेत्र में नियुक्त प्रगणक सुपरवाइजरों ने यह कार्य महज 15 दिनों में ही शत-प्रतिशत पूर्ण कर नेपानगर को बुरहानपुर जिले में प्रथम स्थान दिलाया। कलेक्टर ने दिया प्रशस्ति पत्र इस उपलब्धि पर आज दिनांक 18 मई को कलेक्टर जिला बुरहानपुर द्वारा जनगणना चार्ज अधिकारी नेपानगर मोहनसिंह अलावा को सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यवेक्षक सैयद शाकीर एवं प्रगणक भूपेन्द्र कटारिया को भी सम्मानित किया गया।

### नर्सेस डे पर जनजाग्रति संस्था ने किया पुरुष व महिला नर्सों का सम्मान



**बुरहानपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा नर्सेस डे के उपलक्ष्य में शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों में कार्यरत पुरुष व महिला नर्सों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जैन चौपाटी जंक्शन इंदिरा कॉलोनी पर आयोजित फ्लोरेसं नाईटेंगल नर्सिंग सम्मान समारोह में जिले के जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल डी एस फुन्कवाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. फुन्कवाल ने कहा कि डॉक्टर चेकअप, ऑपरेशन व अन्य जरूरी कार्य के बाद मरीज की असली सेवा अस्पताल में कार्यरत पुरुष व महिला नर्स ही दिन-रात कर नया जीवन देती हैं। संस्था के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि शिद्दत, लगन व ईमानदारी से जब नर्स जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहे मरीज की सेवा कर नया जीवन प्रदान करती है, तो वाकई आपकी सेवाओं का कोई मूल्य नहीं है। आपकी सेवाएं इस संसार में अमूल्य हैं।

### एडीपीसी तिवारी ने किया बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण

**उज्जैन** ।राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, दशहरा मैदान, महिदपुर में नई शैक्षणिक सत्र के लिए बालिकाओं के आगमन से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए एडीपीसी श्री गिरीश तिवारी ने शनिवार को छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान श्री तिवारी ने छात्रावास परिसर, कक्षों, भोजनालय , शौचालय, जल आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने बालिकाओं के सुविधाजनक एवं सुरक्षित निवास के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका, सहायक कर्मचारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**विद्युत उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना २४म७ विद्युत शिकायत निवारण हेतु जोन-वार लैंडलाइन नंबर जारी**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) उज्जैन शहर के सभी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24 घंटे कार्यरत शिकायत निवारण व्यवस्था चला रही है। उज्जैन शहर के 9 जोन कार्यालयों में विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए 24-7 कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं।

# बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प का सराहनीय प्रयास

### सांध्यकालीन आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं आत्मरक्षा के प्रति सक्षम बनाने के उद्देश्य से श्री श्रीसीताराम शिव संकल्प संस्थानम् की महिला इकाई श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प द्वारा नगर में बालिकाओं के लिए सांध्यकालीन आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को इस शिविर का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में उप जेल मंडलेश्वर की जेलर श्वेता मीणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्वेता मीणा ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं। समाज में विभिन्न कारणों से उत्पन्न होने वाली आपराधिक एवं विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर बालिकाओं में धैर्य, आत्मविश्वास एवं आत्मरक्षा का कौशल होना अत्यंत जरूरी है।उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मानसिक एवं शारीरिक मजबूती बनाए रखने के लिए आहार और विचार दोनों की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रीमती मीणा ने घर में बने पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों तथा मोटे अनाज को दैनिक आहार में अनिवार्य रूप से शामिल करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास के माध्यम से स्वयं को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी।जेलर श्वेता मीणा ने श्री श्रीसीताराम शिव संकल्प संस्थानम् एवं श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प द्वारा बालिकाओं के हित में किए जा रहे इस प्रकार के सामाजिक एवं प्रेरणादायी आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के दौरान श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प की सह संगठन मंत्री अर्चना पाटीदार, कोर ग्रुप सदस्य रानी अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मालती बड़ोले एवं नूतन केवट द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

शिविर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीसंस्था द्वारा आयोजित यह आत्मरक्षा एवं सिविल प्रशिक्षण शिविर 17 मई से 25 मई तक संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर का आयोजन जूना श्री राम मंदिर, मंडलेश्वर में किया जा रहा है। इसमें १० वर्ष से अधिक आयु की केवल बालिकाएं भाग ले सकती हैं।नगर में आयोजित इस आत्मरक्षा शिविर को लेकर बालिकाओं एवं अभिभावकों में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। संस्था का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित कर उन्हें हर परिस्थिति का सामना करने योग्य बनाना है।



### पाक्सो कानून पर बनी प्रेम संहिता' फिल्म का औपचारिक उदघाटन हुआ

**मंडलेश्वर ।**नगर में पॉक्सो कानून पर बनने वाली 'प्रेम संहिता' फिल्म का औपचारिक उदघाटन हुआ। जिसमें फिल्म से जुड़ी टीम, पुलिस और जेल अधिकारी शामिल हुए। थाना प्रभारी पंकज तिवारी, महेश्वर थाना प्रभारी जगदीश गोयल, उप जेल जेलर श्वेता मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के द्वारा फीता काट कर फिल्म का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर और पेशे से वकील कार्तिक जोशी ने कहा एक दिन अचानक वकील दोस्तों के साथ बैठे हुए विचार आया कि पॉक्सो एक्ट जागरूकता के लिए गांव-गांव जाना चाहिए। लेकिन दोस्तों ने इस पर फिल्म बनाने की सलाह दी। बचपन से ही लिखने और रंगमंच पर अदाकारी ने इस विचार को और हवा दे दी। फिल्म का कहानी पर जोशी कहते हैं वर्तमान में पॉक्सो कानून के तहत देश की जेलों में करीब डेढ़ लाख युवा कैद हैं और इनमें ऐसे हजारों युवा हैं जो प्रेम संबंधों के चलते जेल में बंद तो हैं लेकिन जेल के बाहर वह एक बच्चे के पिता भी बन गए हैं। लेकिन कानून के चलते उन्हें जेल में बंद रहना पड़ रहा है।जोशी कहते हैं एक युवा को जेल होने पर कई जिंदगियां खराब हो जाती हैं। हमारा उद्देश्य कानून का विरोध करना बिल्कुल भी नहीं है। हम सिर्फ युवाओं को जागरूक करना और कानून की आड़ में जिन युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है उनके लिए देश की संसद तक आवाज पहुंचाना हैं।

# महाविशाल बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ आज से प्रारंभ

### भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ, 25 मई को पूणार्हुति एवं महाप्रसादी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

मंडन मिश्र की नगरी मंडलेश्वर के पावन नर्मदा तट ब्राह्मण घाट पर महाविशाल बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मी नारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ का शुभारंभ आज मंगलवार, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सुदी तृतीया से अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जा रहा है।

इस विराट धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।महायज्ञ के आयोजक श्री श्री 1008 महंत राघवदास जी त्यागी, उज्जैन (वर्तमान आश्रम चिनगुन करही) के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में यह दिव्य आयोजन संपन्न कराया जा रहा है।

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर आज प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, कलश यात्रा नर्मदा जी श्रीराम घाट से कहार मोहल्ला ,काशी विश्वनाथ मंदिर से नर्मदा तट ब्राह्मण घाट पर पहुंचेगी जिसमें श्रद्धालुजन, मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी शामिल होंगे।इसके पश्चात वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार दशविधि स्नान, प्राश्चित, पंचांग कर्म एवं यज्ञशाला प्रवेश का कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे संपन्न होगा। वहीं बुधवार प्रातः 8 बजे मंगल देवता आह्वान, स्थापना एवं विधिवत यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा।आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ का समय प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायंकाल 5 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठान एवं विशेष पूजन कार्यक्रम संपन्न होंगे।

महायज्ञ में यज्ञ ब्रह्मा दिलीप जी सोहनी संस्कृत पाठशाला आचार्य महेश्वर, यज्ञ उपाचार्य दिलीप दास त्यागी एवं यज्ञाचार्य पंडित श्री दीपेश जी उपाध्याय (मंडलेश्वर) द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक परंपरा के अनुसार अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। महायज्ञ की पूणार्हुति एवं महाप्रसादी 25 मई, सोमवार को आयोजित होगी। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ में सहभागिता करें।

# आलीराजपुर मंडी में कच्चे आमों की खुली नीलामी का किया शुभारंभ

### मंडी में आए पहले ढेर की बोली 12.100 रुपये

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



कृषि उपज मंडी आलीराजपुर में आज से कच्चे आमों की खुली नीलामी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की उपस्थिति में हुआ। शुभारंभ से अतिथियों ने मंडी प्रांगण स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद किसान को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर आम की खुली नीलामी प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया।मंडी प्रबंधन ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती खरत एवं कलेक्टर श्रीमती माथुर की उपस्थिति में आज की नीलामी में आम के पहले ढेर की बोली 12 हजार 100 रुपये में लगी। उन्होंने बताया कि आज मंडी में लगभग 250 किसान पहुंचे थे। मंडी में जिले सहित अन्य जिलों से भी व्यापारी आम खरीदने आए थे। किसानों द्वारा हापुस, देसी आम, लगंडा सहित विभिन्न किस्मों के आम ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों से मंडी में लाए गए। आलीराजपुर मंडी में आम की खुली नीलामी की जाती है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त होता है।

नीलामी में शामिल किसानों ने बताया कि वे कई वर्षों से यहां आम बेचने आ रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर कहा कि जिले की प्रमुख उद्यानिकी फसल आम है, जिसे किसान मंडी में नीलामी के माध्यम से विक्रय करते है ।

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने किया कमाल

# 61 वर्षीय मरीज के पेट से निकाला सात किलो का दुर्लभ ट्यूमर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक बार फिर उत्कृष्ट चिकित्सा विशेषज्ञता का परिचय देते हुए बेहद जटिल और संवेदनशील ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। अस्पताल की अनुभवी सर्जिकल टीम ने ६१ वर्षीय बुजुर्ग के पेट से लगभग ७ किलोग्राम वजन का विशालकाय 'रेट्रोपैरिटोनियल ट्यूमर' निकालकर उन्हें नया जीवन दिया। खास बात यह रही कि ट्यूमर से घिरे तीन मुख्य अंगों किडनी, प्लीहा और अग्न्याशय को पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया गया।

मरीज पिछले 4 वर्षों से पेट में बढ़ती हुई विशाल गांठ के साथ जीने को मजबूर था। हाल के दिनों में दर्द इतना असहनीय हो गया था कि उठना-बैठना और रोजमर्रा के काम करना भी दूभर हो गया था। परिजनों ने उन्हें ऑल इज वेल हॉस्पिटल में दिखाया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत स्थिति को गंभीरता से लिया।

सीटी स्कैन में मरीज के पेट में करीब 26 23 20 सेंटीमीटर आकार का विशाल ट्यूमर मिला। इसका वजन लगभग 7 किलो था और यह पूरे पेट में फैल चुका था। दबाव के कारण मरीज की आंतें पूरी तरह दाईं तरफ खिसक गई थीं। ट्यूमर ने बाईं किडनी को पूरी तरह जकड़ लिया था और प्लीहा व अग्न्याशय से भी बुरी तरह चिपका हुआ था। जरा सी चूक से अंगों को भारी नुकसान हो सकता था।



**घंटों चली जटिल सर्जरी**

ऑल इज वेल हॉस्पिटल की अनुभवी टीम ने इसे चुनौती की तरह लिया। घंटों चली जटिल सर्जरी में डॉक्टरों ने सूझबूझ और आधुनिक तकनीकों से न सिर्फ ट्यूमर को सफलतापूर्वक बाहर निकाला, बल्कि तीनों महत्वपूर्ण अंगों को बिना नुकसान पहुंचाए पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया।

**डॉक्टरों की टीम ने रचा इतिहास**

इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में मुख्य रूप से डॉ. गौरव सिंह परदेसी जनरल सर्जरी, कंसलटेंट जनरल एवं मिनिमल एक्सेस सर्जरी) और डॉ. दीपक के. भोजवानी जनरल सर्जरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, कंसलटेंट ऑन्कोलॉजिस्ट) शामिल रहे।

**मरीज अब स्थिर और स्वस्थ**

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सफल ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्थिर और स्वस्थ है।

# भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन होटल देव रेजिडेंसी में किया गया । प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस 16 मई शनिवार को 7 सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यपद्धति एवं वैचारिक विषयों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के ध्वज वंदन के साथ हुई।

ध्वज वंदन के बाद अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। प्रथम सत्र की शुरूआत भारत माता, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वर्ग गीत कार्यालय मंत्री विनोद नागदा ने लिया। वंदे मातरम गान श्रीमती हेमलता धाकड़ द्वारा लिया गया।प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना जी खंडेलवाल, सांसद श्री सुधीर जी गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष जी पटेल, नीमच विधायक दिलीप सिंह जी परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश जी सकलेचा, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारु, जिला प्रशिक्षण प्रभारी हरिराम जी शाह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव जी चोपड़ा, वर्ग प्रभारी नरेंद्र जी मालवीय एवं सह प्रभारी राकेश च्चप्पू ज्जी जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश च्चप्पूज्ज जैन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रस्तावना के माध्यम से जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल द्वारा कार्यकताओं को प्रत्येक क्षण पर प्रशिक्षण की बात कही। प्रथम सत्र में सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं देश के सामने चुनौती, जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला, इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कैलाश चावला ने की। इसी क्रम में दूसरे सत्र में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओ के विकास के बारे में अपनी बात रखी, इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर ने की।

तृतीय सत्र में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भारतीय जनता पार्टी के विचार पर अपनी बात कार्यकताओं को उद्बोधन के माध्यम से बताई, इस सत्र की अध्यक्षता जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने की। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला महामंत्री मंदसौर विजय जी अटवाल ने कार्य विस्तार योजना पर उद्बोधन के माध्यम से कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया, इस सत्र की अध्यक्षता वीरेंद्र पाटीदार ने की।

पंचम सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मंदसौर मदनलाल जी राठौर ने वैचारीक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंच निष्ठाओं पर अपने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया, इस सत्र की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुखलाल पंवार ने की। छटवे सत्र में खातेगांव विधायक आशीष जी शर्मा ने स्थाई कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात, आईटी सोशल मीडिया के संबंध में कार्यकताओं को बताया, इस सत्र की अध्यक्षता मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ने की एवं अंतिम सातवें सत्र में पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने विभिन्न विषयों पर कार्यकताओं को व्यवहारिक सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तराना में स्वच्छता श्रमदान किया गया

**उज्जैन।** तिलकेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित गौरीकुंड में किया श्रमदान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखंड तराना सेक्टर क्रमांक 1 जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल पर संवाद कार्यक्रम एवं बावड़ी स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया जिसमें उत्साहपूर्वक ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा नवांकुर संस्था द्वारा सहयोग किया गया तथा कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने भी सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री महंत मोहन भारती जी राष्ट्रीय अध्यक्ष पांच दशनाम जूना अखाड़ा गादीपति तिलकेश्वर महादेव मंदिर के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महंत ओम भारती जी, महंत शिवानंद, सरस्वती स्वरूप, भारती पुजारी तिलकेश्वर मंदिर सत्यनारायण शर्मा, जीवन सिंह पटेल, संदीप मालवीय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक तराना सुभाष जोशी अतिथियों द्वारा चर्चा में बताया गया कि तापमान में वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण संतुलन के भयावह खतरों से अवगत कराते हुए अपने वर्तमान जल गंगा संवर्धन अभियान को इस दिशा में अति आवश्यक बताया। समाज को मिलकर जल संरक्षण के लिए प्रयास करना आवश्यक है। मोहिनी सेवा समिति से मंजू जैन द्वारा भूजल की गिरती हुई स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई।

### भगवान से निस्वार्थ रूप से परम प्रेम हो जाना ही सच्ची भक्ति है- केशवानंद जी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

भक्ति प्रेमस्वरूपा होती है अर्थात भक्ति का रूप प्रेम से शुरू होता है। ईश्वर को प्राप्त करने के लिए हमारे शास्त्रों में कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग नामक तीन उपाय बताए गए हैं। कर्मयोग और ज्ञान योग का मार्ग अत्यंत कठिन होता है, इसलिए मनुष्य भक्ति मार्ग के माध्यम से सरलता से ईश्वर को प्राप्त कर सकता है।

उक्त उद्गार पुरुषोत्तम (अधिक) मास में स्थानीय स्थित केशव सत्संग भवन में पूज्य पाद 1008 केशवानंद जी महाराज चिन्मय मिशन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों में कहे। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि निस्वार्थ प्रेम ही मनुष्य को पूर्णता और तृप्ति की ओर ले जाता है। सांसारिक प्रेम में अक्सर स्वार्थ छुपा होता है, जहाँ थोड़ी सी अनबन होने पर प्रेम नष्ट हो जाता है और विद्रोह उत्पन्न हो जाता है, लेकिन भक्ति में ऐसा नहीं होना चाहिए। आपने कहा कि भक्ति को नष्ट करने वाली चीजों से हमेशा बचना चाहिए।

परम भक्ति अमृत के समान होती है, जिसके आनंद के सामने संसार के अन्य सभी भौतिक आनंद फीके पड़ जाते हैं। केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया और कारूलाल सोनी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8,30 बजे से 10 बजे तक इस दिव्य प्रवचन का आयोजन हो रहा है।

### 6-सदस्यीय समिति ने घटना स्थल का निरीक्षण किया

**आलोट।** गाड़ी संख्या 12431 तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के कोच में आग लगने की घटना की जांच हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति 18 मई, को कोटा मंडल पहुंची। प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी/पश्चिम मध्य रेलवे मनोज गुरुमुखी की संयोजकता में गठित इस 6-सदस्यीय समिति ने घटनास्थल की जांच की एवं लूनीरिच्छा स्टेशन पर जले हुए कोच का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। विशेष तकनीकी दल ने कोच की तकनीकी स्थिति एवं अग्निकांड से संबंधित प्रत्येक पहलू की बारीकी से जांच की तथा घटना से संबंधित कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। समिति में प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मुकेश (पश्चिम मध्य रेलवे), प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता एम. विजय कुमार (पश्चिम मध्य रेलवे), प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता एन.एस. प्रसाद (आईसीएफ), उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### होमगार्ड लाईन में जवानों को अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण



**उज्जैन।** प्रशासनिक कार्यालयों और अधिकारियों के बंगलों पर तैनात होमगार्ड जवानों को सोमवार दोपहर होमगार्ड लाइन में जिला सेनानी संतोष कुमार जाट के निर्देशन में अग्नि सुरक्षा और सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जवानों को अग्नि सुरक्षा से बचाव के उपाय, आग के प्रकार और फायर एग्जीग्यूशर का उपयोग कैसे किया जाये इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एडीईआरएफ के साथ नगर निगम की फायर टीम में मौजूद रही। आगजनी के दौरान प्रभावितों को किसी प्रकार से सीपीआर दिया जाये इसका अभ्यास भी कराया गया। जिला सेनानी के अनुसार एक दिवसीय प्रशिक्षण में 40 से अधिक जवान उपस्थित थे। अन्य जवानों को आगामी दिनों में अग्नि सुरक्षा का अभ्यास कराया जायेगा। प्रशिक्षण प्लाटून कमांडर दिलीप बामनिया, पुष्पेन्द्र त्यागी, सूबेदार निमेश मालवीय, एएसआई बीएल सारोल, सैनिक पंकज मंडलोई, पंकज चौहान द्वारा दिया गया।

### जमीन सीमाकंन की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम दुबली में संदीप पिता निर्भयसिंह आंजना 35 साल और मुकेश पिता छगनलाल पाटीदार 48 साल के खेत पास-पास है। जिसके बीच जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। मामला निपटाने के लिये दोनों के बीच भूमि सीमाकंन की बात शुरू हुई, लेकिन बातचीत विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। संदीप की ओर से उसके पिता निर्भयसिंह आंजना 70 घायल हो गये। मामला तराना थाना पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। घायल निर्भयसिंह आंजना का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

### नवनियुक्त शासकीय अधिवक्ताओं को किया सम्मान



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा नियुक्त किये गये नवनियुक्त शासकीय अधिवक्ताओं का सोमवार को उज्जैन जिला अभियोजन संचालनालय के प्रभारी उपनिदेशक राजेंद्र खांडेगर द्वारा पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान नवनियुक्त अधिवक्ताओं को भविष्य में उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रोत्साहित कर बधाई दी गई। सम्मान कार्यक्रम में रविंद्र कुशवाह, जय शर्मा, संजय गोयल, अजय पांडेय, महेश यादव, सचिन तेनगुरिया, राजेंद्र सिंह चौहान, हेमंत गिरजे, नारायण डोडिया अतिरिक्त लोक अभियोजक का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में अभियोजन कार्यालय से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक केलकर औरं एडीपीओ नितेश कृष्णन, उमेश तोमर, महेश चंद्रावत, जीतेन्द्र चौधरी, हार्दिक देवकर मौजूद थे।

### वृद्ध महिला और पुरूष ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** सोमवार दोपहर 2 थाना क्षेत्रों में रहने वाले वृद्ध महिला और पुरूष ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। जिला अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर चिमनगंज थाना क्षेत्र के गिरीराज रत्न कालोनी से जगदीश पिता मांगीलाल शर्मा 50 साल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जगदीश ने कुछ दिन पहले भी जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी उपचार के दौरान जान बचा ली गई थी, लेकिन एक बार फिर आत्मघाती कदम उठाया है। दूसरा मामला पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर का है। प्रकाशबाई पति गुडाजी 50 साल ने जहरीला पदार्थ खाया है। जिसका उपचार भी चरक अस्पताल में चल रहा है। दोनों मामलों की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा चिमनगंज और पंवासा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 567-8 | 126-9 |
| मेन बाजार | 257-4 | 356-4 |
| कल्याण नाइट | 380-1 | 268-6 |
| मिलन डे | 267-5 | 124-7 |
| मिलन नाइट | 244-0 | 239-4 |
| मधुर डे | 399-1 | 233-8 |
| मधुर नाइट | 360-0 | 367-6 |
| शुभांक | 1 6 | 4 |

## बड़नगर मार्ग पर मुरलीपुरा में हाली की हत्या....

# तबले में मिली लाश, खून से सना था फावड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बड़नगर मार्ग मुरलीपुरा (मुल्लापुरा) में सोमवार शाम हत्या का मामला सामने आया। महाकाल थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची तो मवेशियों के तबले में खाट पर युवक की लाश पडी मिली, पास में खून से सना फावडा पडा था। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगालने का काम कर रही है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि शाम 5.30 बजे के लगभग मुरलीपुरा में रहने वाले सुभाष रायकवार ने सूचना देकर बताया कि उसके खेत पर मवेशियों के तबले में हाली का काम करने वाले मुकेश पिता कैलाश नायक 35 साल की हत्या कर दी गई है। एएसआई बलराम और टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। तबले में खाट पर लाश पडी थी। सिर और चेहरे पर गहरे जख्म थे। तबले में खून से सना फावडा पडा था। जिससे हत्या किया जाना सामने आया। जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये गये। मृतक मुल्लापुरा का रहने वाला सामने आया और काफी समय से सुभाष रायकवार के खेत पर मवेशियों को पानी पिलाने, भूख भरने के साथ हाली का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी भी था।





थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि तबेले में बंधे मवेशियों को दोपहर में छोडा जाता था। लेकिन सोमवार को देर शाम तक मवेशी नहीं छोडे गये तो खेत मालिक सुभाष देखने पहुंचे, उन्हे मुकेश घाट पर पडा दिखाई दिया। अंदर जाने पर खून फैला हुआ था। जिसके चलते उन्होने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी।

### शराब पीने के दौरान विवाद की आशंका

हत्या का घटनाक्रम सामने आने के बाद आशंका जताई गई कि शराब पीने के दौरान मुकेश का किसी से विवाद हुआ होगा और उसके द्वारा फावडे से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस इस बात का पता लगाने के लगी है कि मुकेश के साथ कौन-कौन शराब पीता था। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## तनाव में चल रही महिला ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** कुछ दिनों से तनाव में चल रही महिला ने सोमवार सुबह फांसी लगा ली। परिजनों ने फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया।

चिमनगंज थाना एसआई लिबिन खेस ने बताया कि आगररोड स्थित चंदननगर में समरीन पति उमद रहमान 23 साल द्वारा फांसी लगाने की खबर मिलने पर घटनास्थल पहुंचे थे। शव को फंदे से उतारा गया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि 3 साल पहले शादी हुई थी। कुछ दिन पहले बाइक के सामने कुत्ता आने पर पति घायल हो गया था। चेहरे पर काफी चोंट लगी थी। जिसके बाद से समरीन तनाव में चल रही थी। पति मजदूरी करता है, जिसे उपचार के लिये राजस्थान भी ले जाया गया था। एसआई खेस के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जांच और मायके-ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किये जायेगें। मामला नवविवाहिता से भी जुड़ा हुआ है।

## सूरत से मुरैना की यात्रा कर रहे युवक की मौत

**उज्जैन।** बस में सूरत से मुरैना की यात्रा कर रहे युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसे इंगोरिया में उतारा गया और स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से उज्जैन रैफर किया गया लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि मुरैना के महुआ में रहने वाला मोनू पिता हरवीरसिंह 40 साल सूरत में एम्बॉयडरी मशीन का काम करता था। सोमवार को बस से मुरैना लौट रहा था। रास्ते में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके साथ मुरैना का रहने वाला युवक था। उसने इंगोरिया में बस से उतारा और लोगों की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचा। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। 108 एम्बुलेंस रात 8 बजे के लगभग चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण किया और ईसीजी कराया गया। लेकिन युवक की सांसे थम चुकी थी। आशंका जताई गई है कि युवक को दिल का दौरा पड़ा था। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है। युवक के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता बद्रीलाल पिता शिवजी जाति गारी निवासी ग्राम सादीखेड़ी तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र) एवं कृषक ग्राम झरनावदा तहसील तराना जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 499/3 रकबा 1.12 हेक्टेयर भूमि में से पैकी रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि अक्षरी (पचास आरे) कृषि भूमि, इस प्रकार कुल सर्वे नं. 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टेयर अक्षरी (पचास आरे) कृषि भूमि स्थित है, उपरोक्त कृषि भूमि का राजस्व रेकॉर्ड मे विक्रेता का नाम दर्ज है, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का करार विक्रेता ने मेरे पक्षकार से विक्रय अनुबंध पत्र गवाहो के समक्ष संपादित किया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित मे संपादित करवाने जा रहे है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार का ऋण भार बोझ किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा शासन का उक्त भूमि पर बकाया हो तथा किसी प्रकार की हक्क स्वत, कब्जे संबन्धित किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस जाहीर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि मे मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावे। यह सूचित हो। 18/5/26

**एडव्होकेट प्रवेश जोशी**
**कोर्ट परिसर के सामने तराना जिला उज्जैन म.प्र।**
**मो. 9424879582**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जन, संस्था, निकाय एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 443/2 स्थित ग्राम भीमाखेड़ा, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के संबंध में एक संपत्तिक वाद माननीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय, महिदपुर के न्यायालय में विचाराधीन है, जिसका प्रकरण क्रमांक आरसीएस ए 47 /2026 है। अत: समस्त व्यक्तियों, संस्थाओं, निकायों एवं क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, बंधक, हस्तांतरण, अनुबंध अथवा अन्य किसी प्रकार का व्यवहार बिना न्यायालयीन निर्णय के न करें। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार करता / करती है, तो उसके समस्त विधिक एवं आर्थिक परिणामों की जवाबदारी स्वयं संबंधित व्यवहारकर्ता की होगी, जिसके लिए मेरे पक्षकार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे। दिनांक 18-05-2026

**अभिभाषक पल्लव मुखिया**
**न्यायालय अभिभाषक महिदपुर जिला उज्जैन**
**कार्यालय-26, सुभाष पथ, महिदपुर, जिला उज्जैन 456443**

### जाहिर सूचना

**ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 315 रकबा 1.818 हेक्टेयर के संबंध में**

सर्व साधारण को मेरी पक्षकारा मनीषा अग्रवाल पति शिव अग्रवाल उज्जैन की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा अंतरसिंह पिता शमशेर सिंह निवासी ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 315 रकबा 1. 818 हेक्टेयर मे से 1.20 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का लिखित अनुबंध दिनांक 23.09.2025 भूमि के अनुबंधित हितग्रहीता रामनारायण चौहान पिता श्री अमृतलालजी चौहान निवासी - ग्राम बांदका तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा भाग विक्रय मूल्य राशि भी अदा की जा चुकी है एवं शेष राशि अदा कर रामनारायण चौहान के माध्यम से मूल भूमि स्वामी अंतरसिंह पिता शमशेर सिंह से विक्रय पत्र संपादन करवाना शेष हैं। रामनारायण चौहान द्वारा मूल भूमि स्वामी से उसके पक्ष में हुए अनुबंध के आधार पर मेरी पक्षकारा के पक्ष में उक्त संपतित विक्रय हेतु अनुबंधित कर मूल भूमि स्वामी से विक्रय पत्र करवाये जाने की शर्त तय हुई है। मूल भूमि स्वामी को भी उक्त अनुबंध की जानकारी हैं। वर्तमान मे मेरी पक्षकारा को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त रामनारायण चौहान तथा मूल भूमि स्वामी अंतरसिंह पिता शमशेर सिंह द्वारा मेरे पक्ष में उक्त भूमि को विकय हेतु अनुबंधि त करने के उपरांत उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों को विक्रय करवाया जा रहा है। जबकि मेरी पक्षकारा द्वारा भाग विक्रय मूल्य की राशि भी अदा की जा चुकी है। उक्त अनुबंध जो मेरी पक्षकारा के पक्ष में संपादित हुआ है, के तहत विक्रय पत्र संपादन की अवधि भी अभी शेष है। मेरी पक्षकारा के पास संपूर्ण विक्रय मूल्य की व्यवस्था भी है और वह विक्रय पत्र संपादन करने हेतु सदैव तत्पर रही है व आज भी है। इस प्रकार उक्त भूमि मेरी पक्षकारा के पक्ष में अनुबंधित है। अस्तु वर्तमान जाहीर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित व सावधान किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त भूमि के संबंध में अंतरसिंह पिता शमशेर सिंह निवासी - ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन अथवा रामनारायण चौहान पिता श्री अमृतलालजी चौहान निवासी- ग्राम बांदका तहसील घट्टिया व जिला उज्जैन से कोई भी संव्यवहार न करें। ऐसा संव्यवहार मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक नहीं होगा तथा ऐसे संव्यवहारकर्ता के विरूद्ध भी सक्षम न्यायालय व पुलिस में में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इति दिनांक 18.05.2026

**अजय जैन गिरिया एडव्होकेट**
**02, श्री विशाला देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण राम, दिलीप सिंह, लक्ष्मण, राजेश पुत्रगण पूनमचन्द जी, श्रीमती रामकन्याबाई पति श्री पूनमचन्द जी एवं भायग बाई पुत्री श्री पूनमचन्द जी निवासीगण ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-58/2 रकबा 1.1100 हेक्टयर में से रकबा 0.900 हेक्टयर स्थित ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-33 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने ऋय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक-18-05-2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे,**
**उज्जैन मो. 9993079516-9425094349**

### जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक. 1074 ( सभी भाग )व सर्वे नम्बर 191 ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश में स्थित है उक्त भूमि पर वर्तमान में मेरा स्वामित्व आधिपत्य है इस जमीन को विक्रय करने का प्रयास मेरे प्रकाश शर्मा एवं अन्य लोग कर रहे हैं प्रकाश शर्मा ने एक वाद न्यायालय में भी मेरे विरुद्ध प्रस्तुत किया है जो वाद उज्जैन न्यायालय मे लंबित होकर दिनांक 22-6 26 को नियत है प्रकाश शर्मा ने तीन अन्य प्रकरण मेरे नामांतरण के विरुद्ध अपील प्रस्तुत कर अनुवीभागीय अधिकारी महोदय उज्जैन ग्रामीण के समक्ष पेश किए थे जो निरस्त हो चुके हैं अत: समस्त बैंक वित्तीय संस्था निजी व्यक्ति व अन्य को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि सर्वे क्रमांक का किसी भी प्रकार का सम व्यवहार प्रकाश शर्मा व अन्य से ना करें क्योंकि वर्तमान में ना तो प्रकाश शर्मा भूमि सर्वे क्रमांक 1074 सभी भाग तथा सर्वे नम्बर 191 का स्वामित्व अधिकारी है ना ही उसका किसी प्रकार का आधिपत्य है यदि कोई व्यक्ति प्रकाश शर्मा से किसी प्रकार का सम व्यवहार करता है तो चल रहे वाद एवं भविष्य में होने वाले वाद में वह भी पक्षकार रहेगा एवं समस्त जिम्मेदारी भी उसकी ही रहेगी। सूचित हो।

**पंकज शर्मा**
**ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश उज्जैन मो. 9424067344**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं हर आम खास को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती मधुबाला श्रीमाली पति श्री कैलाशचंद्र जी श्रीमाली, आयु 76 वर्ष निवासी जनकपुरी, नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य के भू खण्ड क्रं. 129 स्थित जनकपुरी नानाखेड़ा इंदौर रोड़, उज्जैन को फी-होल्ड रूप में जिसकी एकमात्र स्वामिनी श्रीमती श्रीमती मधुबाला श्रीमाली पति श्री कैलाशचंद्र जी श्रीमाली रही होकर जिसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 968 वर्गफीट भूखण्ड के रूप में पश्चिम मुखी रहा होकर सम्पूर्ण हवाई हक सहित क्रय अनुबंधित अनुबंध पत्र का निष्पादन श्रीमती मधुबाला श्रीमाली द्वारा मेरे पक्षकार श्री इन्द्रनारायण पिता श्री वल्लभ जी शर्मा के हित में सम्पादित करते हुये उक्त भूखण्ड को पूर्ण रूप से विक्रय किये जाने हेतु अनुबंध पत्र निष्पादित किया है जिसके विक्रय मूल्य मे से अनुबंध पत्र में लिखित राशि समक्ष गवाहान प्राप्त करते हुये अनुबंध पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में किया गया है जिसका विक्रय पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवाया जाना अनुबंध में दर्शित निश्चित समयावधि में उपपंजीयक कार्यालय में किया जाना है। उक्त भूखण्ड विक्रेता द्वारा फी-होल्ड रूप में लिखित होकर उस पर किसी भी प्रकार का कोई शासकीय अर्द्धशासकीय या व्यक्तिगत भार दर्शित नहीं है जिसके आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय मूल्य आंशिक रूप में भुगतान किया गया है जिसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो या उजरदारी हो तो सूचित हों। इस जाहिर सूचना के माध्यम से उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा इस सूचना के 07 दिनों के पश्चात करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजरदारी निश्चित समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार पर पाबंदकारी नहीं मानी जावेगी। दिनांक 18.5.26

**राजेश पण्ड्या - एडव्होकेट**
**कार्यालय सराफा चौराहा उज्जैन मप्र**
**मो. 8435912712**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शेखअनवर पिता अबदुल वसीम जाति शेख (मुस्लिम) निवासी माकडौन एवं कृषक ग्राम चितावल्याखेडा तहसील माकडौन जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 397/1/2/4 रकबा 0.55 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम चितावल्याखेडा तहसील माकडौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था अथवा अन्य ऋ ण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि की हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से मय (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो।

इति दिनांक - 18-05-2026

**अरविन्द शर्मा ( दस्तावेज लेखक )**
**पता तहसील कार्यालय घटिया के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 01 ग्राम घटिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मो. 9826716661, 9424014405**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी भगवानसिंह पिता श्री दीपसिंह व गेंदकुंवर पति श्री दीपसिंह जी जाति सिसोदिया व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम रलायती तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 630/1/2, 644, 630/1/1, 632/1, 643 रकबा 0.69, 0.30, 0.08, 0.03, 0.29 हैक्टर कुल किता 05 कुल रकबा 1.39 हैक्टर स्थित ग्राम रलायती तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र में स्थित होकर से सौदा चिट्ठी संपातिद कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है एवं समय अवधि में पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा। यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालीयन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो- यह दिनांक 18-06-26 का है।

**विष्णु राईया सर्विस प्रोवाईडर**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 75664-70288**

# सुकरात की पत्नी



जो भी हो, हर व्यक्ति को शादी जरूर करनी चाहिए। अगर आपको अच्छी पत्नी मिली, तो आप खुशहाल जिंदगी जिएंगे, अगर बुरी पत्नी मिली, तो दार्शनिक बन जाएंगे। यह कहा है प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात ने। यह उनके अनुभव से निकला है। उनकी पत्नी झांटीपी बहुत ही कर्कश और झगड़ालू औरत थीं। कहते हैं, उन्होंने सुकरात को बहुत सताया। ऐसी भी कहानी है कि एक बार वह इतनी क्रोधित हुई कि उन्होंने केतली का उबलता हुआ पानी सुकरात के सिर पर उड़ेल दिया, जिससे उनका चेहरा जल गया,पर सुकरात पर कोई असर नहीं हुआ। वह पत्नी को तूफान कहते थे। उन्होंने चुपचाप चेहरा पोंछते हुए कहा, तूफान के साथ बारिश होना लाजिमी है और फिर उन्होंने अपनी बातचीत जारी रखी। ध्यान रहे, सुकरात की बातचीत कोई गपशप नहीं थी, बल्कि ज्ञान बांटने का उनका एक तरीका था। वह लोगों से उनके विश्वास, उनकी मान्यताओं पर सवाल करते थे। वे सवाल लोगों की जड़ें हिला देते थे। सुकरात को जानने वाले झांटीपी की निंदा करते थे कि ऐसे संत आदमी को कैसी पत्नी मिली है, वे इसे क्यों बर्दाश्त करते हैं? आगे चलकर सदियों तक कर्कश और बहस करने वाली पत्नियों के लिए झांटीपी एक विशेषण बन गया। हालांकि, सुकरात ने जान-बूझकर झांटीपी को चुना था। वह उनसे तीस साल छोटी थी। सुकरात उनके तर्क और विवाद का उपयोग खुद की सहनशीलता और धैर्य को बढ़ाने के लिए करते थे। एथेंस शहर में उन दिनों एक से एक दार्शनिक रहते थे। वे लंबी-लंबी बहसें किया करते थे। उन तक अगर आंतरिक ज्ञान और समझ की बात पहुंचानी हो, तो सुकरात को उनसे भी ज्यादा तार्किक होना जरूरी था। इसके लिए बिना आपा खोए धैर्य और शांति जरूरी थी। इसका अभ्यास सुकरात अपनी पत्नी के साथ करते थे। वह कहते, अगर उसके साथ वह सफल हो गए, तो मुश्किल लोगों के साथ जरूर सफल होंगे। अब पत्नी की नजर से भी देखें। सुकरात जैसे असाधारण प्रतिभाशाली पुरुष के साथ रहना बहुत कठिन है। वह देर रात तक बाहर रहते, लोगों के साथ विमर्श करते रहते और खूब शराब पीते। वस्तुतः उनके जैसे लोग पति बनने के लिए पैदा नहीं होते। पति-पत्नी एक संकीर्ण रिश्ता है, जो औसत लोगों के लिए बना है। इसके नियम बहुत सख्त हैं। सुकरात खुद को एक बुरा पति मानते थे। ज्यादातर प्रतिभाशाली लोग असफल पति साबित होते हैं। उनकी पत्नियों पर क्या बीतती है, उसका लेखा-जोखा कहीं नहीं होता, लेकिन दीये के दो पहलू होते है- गर्मी और रोशनी। जो दूर होते हैं, उन्हें रोशनी मिलती है और जो पास होते हैं, वे गर्मी में झुलसते हैं। यही नियति है।



सम्पादकीय

## समस्याओं का दशक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार आर्थिक संकट की चर्चा, ईरान में फिर युद्ध तेज होने की आशंका और दिल्ली में सीएनजी की कीमत में दो दिन में दूसरी बार वृद्धि सोचने पर मजबूर कर रही है। दिल्ली में देश में सबसे ज्यादा वाहन हैं और यहां बड़ी संख्या में ऐसे भी वाहन हैं, जो सीएनजी से चलते हैं। अतः इस वृद्धि से दैनिक यात्रियों, विशेष रूप से एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी से चलने वाले ऑटो, टैक्सी और निजी वाहनों पर निर्भर लोगों पर असर पड़ना तय है। एक समय सीएनजी की कीमत पेट्रोल से लगभग आधी हुआ करती थी, पर राष्ट्रीय राजधानी में सीएनजी की कीमत अब 79.09 रुपये से बढ़कर 80.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। यह आशंका पहले ही जताई गई थी कि ईंधन की कीमतों में धीरे-धीरे वृद्धि की जाएगी। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से तेल, गैस का जो बड़ा संकट पैदा हो गया है, उसका आसान समाधान किसी के पास नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागरिकों से ईंधन बचाने का आग्रह बार-बार कर रहे हैं, तो इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह शुद्ध अर्थनीति का विषय है, राजनीति का नहीं। बेशक, इस पर राजनीति हो रही है, लेकिन उससे कोई फायदा नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों विदेश यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में अपनी अब तक की सबसे कठोर चेतावनी दी है। उन्होंने नीदरलैंड में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से दोटूक कहा है कि अगर दुनिया में बढ़ते संकटों को तत्काल नहीं रोका गया, तो गरीबी के खिलाफ दशकों की कड़ी मेहनत से हासिल की गई प्रगति गंभीर खतरे में पड़ जाएगी। यूरोपीय देशों में उनका यह कथन खास मायने रखता है। अमेरिका ने फिलहाल यूरोपीय देशों को किनारे कर रखा है, मगर विश्व शांति में यूरोपीय देशों की एक बड़ी भूमिका रही है और अक्सर उनको अमेरिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में शामिल होते देखा गया है। प्रधानमंत्री ने उचित ही वर्तमान दशक को लगातार बढ़ती आपदाओं का दौर बताया है। इस दशक की शुरूआत कोरोना और लॉकडाउन से हुई थी और कोरोना के आतंक के खत्म होने के बाद युद्ध का दौर शुरु हो गया। पहले रूस-यूक्रेन, फिर हमास-इजरायल और अब अमेरिका-ईरान। समस्या केवल युद्ध नहीं हैं, युद्ध की वजह से तेल की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे ऊर्जा संकट विकराल होने लगा है। तेल को भी युद्ध में एक हथियार बना लिया गया है।

न्याय के बाद इंतजार

# वाग्देवी के बिना भोजशाला अब भी सूनी



डॉ.मुरलीधर चाँदनीवाला
(दैनिक अवन्तिका)

अंततः भोजशाला के साथ न्याय हुआ। यदि ऐसा नहीं होता, तो न्याय व्यवस्था पर से भरोसा पूरी तरह उठ जाता। जो कभी एक बार भी भोजशाला गया है, वह भोजशाला के पत्थरों को गवाह के रूप में खड़ा हुआ देखकर आया है। जो इतिहास में न जाना चाहे, उसके सामने भी भोजशाला ने हमेशा अपना हृदय खोलकर रखा है। यूँ तो भोजशाला का इतिहास मामूली नहीं है। उसे बार-बार दबाया जाता रहा, लेकिन उसका स्वाभिमान हिन्दू सम्राट् भोजदेव की तरह हमेशा जागा हुआ दिखाई दिया। यद्यपि आज कोई भी इतिहासकार भोजशाला की पूरी कहानी नहीं समझा सकता, लेकिन सच तो सामने आ गया है। राजा भोज से भी पहले दसवीं सदी में धारा नगरी राजा मुंज के प्रताप के कारण अखंड भारत में दूर-दूर तक प्रसिद्ध हो चुकी थी। तब भोजशाला का नाम भले ही कुछ और रहा हो, लेकिन वह मुंज के समय में बनकर तैयार हो चुकी थी। उस दौर में भोजशाला का नाम समूचे मालव प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय के रूप में विख्यात हो रहा था। नालंदा और तक्षशिला के बाद सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में पहला नाम भोजशाला का ही आता था। दूर-दूर से विद्वान् भोजशाला का वैभव देखने आते थे। राजा मुंज ने इस विश्वविद्यालय की नींव रखने के साथ ही वह आंतरिक संरचना बनाई, जो लम्बे समय तक बनी रही। मुंज सरस्वती का महान् उपासक था। जब वह नहीं रहा, तब पूरे भारत के विद्वानों के मुँह से यही एक वाक्य निकलता था-'गते मुंजे यशःपुंजे निरालम्बा सरस्वती'( यशस्वी मुंज के जाने बाद सरस्वती निरालम्ब हो गई।)

मुंज के बाद राजा भोज ने इस विश्वविद्यालय के ऐश्वर्य में चार चाँद लगा दिये। वह महान् पराक्रमी सम्राट् होने के साथ-साथ सच्चा सरस्वती पुत्र था। अपने समय में वह राजा से भी अधिक भोजशाला का कुलपति था। राजा भोज का चरित्र इतना ऊँचा था, कि पूरी प्रजा उसका अनुसरण करने में स्वयं को धन्य मानती थी। भोज की विद्वत्ता के कारण ही इस विश्वविद्यालय का नाम भोजशाला हुआ। भोजशाला में चौदह सौ पंडित



थे, जो अलग-अलग विषयों के विद्वान् थे। तब भोजशाला चार मंजिला विशाल और भव्य इमारत थी, जिसमें अनवरत वेदपाठ गूँजते रहते। भोजशाला में दार्शनिक थे, वैज्ञानिक थे, शिल्पकार थे, धर्मशास्त्री थे, वेदों के महान् आचार्य थे।

राजा भोज के समय भोजशाला कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का मुख्य केन्द्र था। धनंजय ने यहीं बैठकर दशरूपक लिखा, जो भरत मुनि के बाद नाट्यशास्त्र का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। भोजशाला की ख्याति सुनकर दूर-दूर से विद्वान् यहाँ आते रहे। उव्वट काश्मीर से पैदल चलकर यहाँ आया, और यहीं उसने सबसे पहला वेद-भाष्य लिखा। कहा जाता है कि तब धारा नगरी विक्रमादित्य की नगरी उज्जयिनी से बहुत आगे निकल चुकी थी। इसे अखंड भारत की काशी कहा जाने लगा था। भोजशाला में शास्त्र-चर्चाएँ होतीं, एक साथ कई वीणाएँ झनझनातीं। इसके विशाल प्रांगण में आकाशचारी विमान का प्रदर्शन होता और 'समरांगण सूत्रधार' की विवेचना होती। भोजशाला के परिसर के बीचों-बीच वह विशाल यज्ञशाला अब भी है, जहाँ राजा भोज सहस्त्रों ब्राह्मणों के साथ बैठकर देवों का आह्वान करते थे।

भोजशाला के भीतर की सारस्वत सम्पदा अंत में किसके पास गई, यह कोई नहीं बता सकता। भोजशाला के पत्थरों पर जो उत्कीर्ण है, वह हमारे लिये बेशकीमती है। ये बोलते पत्थर हैं। भोजरचित विपुल साहित्य हमारे पास आज भी सुरक्षित है। एक ज्ञानवापी भोजशाला में भी है, जिसे धारा नगरी के बच्चे-बूढ़े अब भी 'अकल कुई' के नाम से जानते हैं। इसका अमृत जल पीकर कई लोग तर गये। भोजशाला को एक सामान्य हिन्दू मन्दिर की तरह न देख कर विराट गुरुकुल की तरह देखेंगे, तो इसके कई रहस्य उजागर होंगे।

यहाँ कभी वाग्देवी की बहुत सुंदर प्रतिमा स्थापित थी। वह वाग्देवी ही इस विश्वविद्यालय की कुलस्वामिनी कहलाती थी। सच तो यह है, कि तब यह भोजशाला नहीं, वाग्देवी सरस्वती का ऐसा भव्य मंदिर था, जैसा इस धरती पर और कहीं भी नहीं था। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटने के बाद भोजशाला को ही लूटने का मन बनाया था, लेकिन मुंज और भोज के प्रतापी सैनिकों ने उसके धार में घुसने के सब रास्ते रोक दिये, और वह मालवा को छोड़कर कच्छ-सिन्ध होकर भाग गया। राजा भोज ने भोजशाला का यश इतना बढ़ा दिया था, कि एक समय यह भोजशाला ही भोज की राजधानी भी बन गई थी। राजा सदाचारी और विद्वान् था, तो प्रजा भी सदाचारी और विद्वान् थी।पाश्चात्य विद्वान् तो आज भी भोज को भारतीय आगस्टस कहते हैं।

राजा भोज के बाद जयसिंह उदयादित्य, लक्ष्मणदेव, नरवर्मदेव, यशोवर्मदेव, अर्जुनवर्मदेव और देवपाल देव ने भोजशाला की सुरक्षा में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। भोजशाला के प्रांगण में आज भी व्याकरण की शिक्षा से जुड़े हुए जो दो सर्पबंध पत्थर पर खुदे हुए हैं, वे भोज के इन परवर्ती राजाओं की रुचि और कौशल के प्रतीक हैं। 'पारिजातमंजरी' यहाँ भित्ति पर उत्कीर्ण है। तेरहवीं सदी में भोजशाला का नाम काशी और अवंतिका के विद्वानों में पूजा भाव से लिया जाता था। उस लकड़हारे की चर्चा होती थी, जिसने संस्कृत भाषा के एक अशुद्ध प्रयोग पर राजा भोज को टोक दिया था, वही लकड़हारा बाद में भोजशाला का द्वारपंडित नियुक्त हुआ। चौदहवीं सदी की शुरूआत में अलाउद्दीन खिलजी भोजशाला को लूटने और तहस-नहस करने के इरादे से आया। राजा मैकलदेव और उसकी सेना ने अलाउद्दीन खिलजी को रोकने की पुरजोर कोशिश की, किन्तु सफल नहीं हुए। अलाउद्दीन की सेना भीतर तक घुस आई। भोजशाला के प्रांगण में रखी हुई देव-प्रतिमाएँ और प्रस्तर-शिल्प खंड-खंड कर दिये गये। उस समय भोजशाला में बारह सौ विद्वान पंडित स्वाध्याय में थे। वे वेदाभ्यास कर रहे थे।

## 'न' से 'नानी'

ननिहाल अब उस पुराने डाकखाने की तरह हो गया है जहाँ चिट्ठियाँ तो आती हैं, पर उन्हें पढ़ने वाला डाकिया रिटायर हो चुका है। बस की खिड़की से जब मैंने उस कस्बे की धूल को उड़ते देखा, तो लगा जैसे मेरी स्मृतियों की किताब पर कोई जानबूझकर मिट्टी डाल रहा हो। घर की ड्योढ़ी पर कदम रखते ही वह चिर-परिचित गंध नदारद थी। मिट्टी के चूल्हे और घी के छौंके वाली वह खुशबू, जो नानी के पल्लू में गांठ की तरह बँधी रहती थी। अब वहाँ एअर फ्रेशनर की बनावटी महक थी, जो उदासी को दबाने की नाकाम कोशिश कर रही थी। नानी के बिना वह घर महज ईंट-पत्थरों का एक व्यवस्थित ढेर था, जहाँ दीवारों पर लगी उनकी तस्वीर भी अब एक अजनबी की तरह मुझे देख रही थी। ड्राइंग रूम में सोफे बदल गए थे, पर्दों के रंग चटख हो गए थे, पर उस घर की रूह कहीं कोने में सिमटकर सिसक रही थी। मामा-मामी के चेहरों पर औपचारिकता की वह मखमली परत थी, जिसे ओढ़कर अक्सर लोग शोक को शिष्टाचार में बदल देते हैं। मुझे लगा जैसे मैं किसी संग्रहालय में आ गया हूँ, जहाँ सब कुछ करीने से रखा है, बस वह स्पर्श गायब है जो निर्जीव वस्तुओं में भी जान फूँक देता था।

शहर का लोहा जब गाँव की माटी निगलने लगे, तो समझ जाना चाहिए कि हम स्मार्ट हो रहे हैं। संकरी गलियों के मुहाने पर अब नीम की शीतल छाँव नहीं, सीसीटीवी का निर्जीव और पथराया हुआ लेंस था। नानी के घर की वह पुरानी ड्योढ़ी, जहाँ कभी सोंधी महक और तुलसी का बिरवा था, अब वहां सेंसर वाला गेट लगा था जो अनजानों को देखकर घुरार्ता था। ममेरे भाई सुधीर हाथ में आईफोन लिए खड़े थे, जैसे किसी विरासत के अंतिम संस्कार का लाइव टेलीकास्ट कर रहे हों। आओ आओ! देखो, वह पुराना सड़ियल सा घर अब कितना आलीशान बन गया है। अब यहाँ गोबर की गंध नहीं, वियतनामी लैवेंडर महकता है। उसने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा। भैया, नानी की तुलसी कहाँ गई? मैंने पूछा। तुलसी? वह तो ऑक्सीजन का पुराना मॉडल थी। अब हमने हर कमरे में जापानी प्यूरीफायर लगा दिया है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 मई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:48 सूर्यास्त 18:59
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - तृतीया 14:18 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - मृगशिरा 08:41 उपरांत आर्द्रा
योग-धृति 17:48 उपरांत शूल करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 01 तारिख

**मेष-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें।

**मिथुन-** पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है।

**कर्क-** परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह-** किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**कन्या-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे।

**तुला-** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**वृश्चिक-** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**धनु-** नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मकर-** कार्य समय पर पूर्ण होंगे। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कुंभ-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

समसामयिक

## भोजशाला मंदिर था, है और रहेगा



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने वर्षों पुराने धार स्थित भोजशाला विवाद पर ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि भोजशाला के अवशेष, स्थापत्य और उपलब्ध साक्ष्य इसे माँ सरस्वती के मंदिर के रूप में स्थापित करते हैं। इस निर्णय के बाद न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि पूरे देश में हिंदू समाज में संतोष और उत्साह का वातावरण है। हालाँकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद बताते हुए अपने दावे पर कायम है और संभावना है कि वह इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा। किंतु भोजशाला परिसर से प्राप्त मंदिर संबंधित पुरातात्विक प्रमाणों और ऐतिहासिक तथ्यों को सर्वोच्च न्यायालय के लिए भी नकार पाना आसान नहीं होगा। यदि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचता है, तो आने वाले वर्षों में वहाँ से भी मंदिर पक्ष में निर्णय आने की पूरी संभावना दिखाई देती है। तब देश में वैसा ही वातावरण निर्मित होगा जैसा अयोध्या निर्णय के समय देखने को मिला था।

धार स्थित भोजशाला का निर्माण परमार वंश के महान प्रतापी राजा भोज ने कराया था। यहाँ वाग्देवी माँ सरस्वती की दिव्य प्रतिमा स्थापित थी। राजा भोज का उद्देश्य धार को शिक्षा, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रमुख केंद्र बनाना था। भोजशाला केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय विद्या, साहित्य और दर्शन की गौरवशाली धरोहर थी। लेकिन विदेशी मुस्लिम आक्रमणकारियों के उस दौर में, जब भारत के प्रसिद्ध मंदिरों को तोड़कर उन पर मस्जिदें खड़ी करने का अभियान चलाया गया, तब राजा भोज की नगरी धार भी उसका शिकार बनी। भोजशाला सहित अनेक हिंदू मंदिरों को खंडित कर उनका स्वरूप बदल दिया गया। यही कारण है कि अयोध्या, काशी, मथुरा और भोजशाला जैसे अनेक धार्मिक स्थलों के विवाद आज तक देश की सामाजिक और सांप्रदायिक चेतना को प्रभावित करते रहे हैं। विडंबना यह है कि हिंदू आस्था और संस्कृति के प्राचीन प्रतीकों को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अदालतों की चौखट तक जाना पड़ रहा है। किंतु हर बार पुरातात्त्विक साक्ष्य, ऐतिहासिक तथ्य और स्थापत्य की भाषा अंततः उसी सत्य की ओर संकेत करती है कि अनेक मंदिरों को ध्वस्त कर उन पर इस्लामी ढाँचे खड़े किए गए थे।

## पुरूषोत्तम मास

पुरूषोत्तम मास की दिव्य महिमा गाते सद्गुरु संत,
देता है यह अधिक माह पुण्य कर्मों का फल अनंत,
सूर्य संक्रांति से वंचित होकर इसको सबने ठुकराया,
विवाह शुभादि कर्मों से त्याज्य हो मलमास कहलाया ।
दुःखी होकर अधिक मास ने करी प्रार्थना श्रीकृष्ण से,
मुक्त करो हे परमेश्वर ! मुझको इस असहाय कष्ट से,
प्रसन्न हो दयालु श्रीहरि ने मलमास को गले लगाया,
अनन्य कृपा से ही माधव की पुरूषोत्तम मास कहाया ।
आंवला पीपल वृक्ष की इस माह पूजा विशेष फलदाई,
भक्तों ने श्रद्धा रखकर हरि चरणों में वंदना प्रेम से गाई,
भक्त तन-मन से करते 30 दिनों की सुखदाई साधना,
प्रभु के पुरूषोत्तम स्वरूप का करते चिंतन आराधना ।
गीता जी के 15वें अध्याय का पठन-पाठन हो विशेष,
भक्तों पर होती पुरूषोत्तम प्रभु की कृपानिधि अशेष,
पापनाशिनी ऊर्जा बढ़ें आत्मा के तेज में वृद्धि बहुगुणा,
जप तप सत्संग ध्यान दान धर्म का पुण्य हो कई गुना।
एक माह की सात्विक अर्चना से कष्टों से हो किनारा,
भगवान विष्णु को यह पुरूषोत्तम मास हैं बहुत प्यारा,
तीन साल के इंतजार पर आता है यह शुभ अवसर,
आत्म आनंद आत्म शुद्धिकरण में हो जाओ तत्पर ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# खाने के बाद होती है पेट में जलन की समस्या, हो सकते हैं ये कारण

खाना खाने के बाद जलन की समस्या एक आमबात है लेकिन यही समस्या ज्यादा बढ़ जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकती है। ये समस्या ज्यादातर मिर्च मसाले खाने से हो जाती है। कुछ लोगों को जलन की समस्या हमेशा रहती है जिसके कारण वो असहज महसूस करने लगते हैं। तो आइए जानते हैं कि खाना खाने के बाद पेट में जलन होने के क्या कारण होते हैं और कैसे इससे बचा जा सकता है।

खराब लाइफस्टाइल के कारण आज के समय में एसिडिटी और पाचन से जुड़ी बहुत सारी समस्याएं सामने आ रही हैं। एसिडिटी की समस्या आजकल हर किसी को हो रही है। वहीं, खाना खाने के बाद पेट में जलन होना भी एसिडिटी का ही एक लक्षण है, जिसे डॉक्टरों की भाषा में हार्टबर्न और एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है। खाने के बाद जलन की समस्या ज्यादातर तब होती है जब तीखा खाना या मसालेदार खाने का सेवन किया हो। हालांकि, कभी कभी जलन होना एक आम बात हो सकती है। लेकिन, हर बार खाने के बाद जलन होना एक बड़ी बीमारी का संकेत हो सकता है। तो आइए जानते हैं आखिर क्यों खाने के बाद पेट और सीने में जलन की समस्या होती है।

### खाना खाने के बाद पेट में जलन क्यों होती है?



खाना खाने के बाद पेट में जलन की समस्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे लोग जो बहुत ज्यादा मसालेदार खाना खाते हैं उन्हें इस समस्या का खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

### 1। गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज

पेट में जलन एसिड रिफ्लक्स की वजह से हो सकती है। दरअसल, जब पेट के निचले हिस्से में खाना पहुंचकर दोबारा ऊपर फूड पाइप में आने लगता है तो इसी समस्या को गैस्ट्रोइसोफेगल एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है।

### 2। हाइटल हर्निया

पेट में हर्निया होना सामान्य कंडीशन है। इसकी वजह से कई बार खाना खाने में परेशानी, जलन, दर्द, थकान या मुंह का स्वाद बिगड़ जाता है। अगर किसी को हल्की-फुल्की दिक्कत है तो उसे खाने के पैटर्न में बदलाव और सुधारकर ठीक किया जा सकता है।

### 3। मसालेदार या तीखा खाना

मसालेदार खाना स्वाद में काफी तीखा होता है, जो मुंह और गले में जलन पैदा कर देता है। मसालेदार खाना खाने से मुंह में जलन, पेट में दर्द, एसिड रिफ्लक्स आदि हो सकता है।

### पेट में जलन की समस्या को ऐसे करें दूर

1. अगर पेट में जलन की समस्या लंबे समय से परेशान कर रही है तो ऐसे में डॉक्टर की सलाह जरूर लें। साथ ही साथ ये बीमारी कुछ खास घरेलू नुस्खों से भी दूर की जा सकती है।
2. खाना खाने के बाद तुरंत नहीं लेटना चाहिए। खाने के बाद तुरंत लेटने से एसिड रिफ्लक्स जैसी पाचन संबंधी दिक्कतें सामने आती हैं।
3. खाना खाने के बाद कम से कम 1000 स्टैप्स चलना चाहिए। ऐसा करने से डाइजेस्टिव सिस्टम, ब्लड शुगर लेवल और सेहत अच्छी रहती है।

धर्म-आस्था

# पुरुषोत्तम मास का पौराणिक महत्व और कथा

साल 2026 में ज्येष्ठ माह में पुरुषोत्तम मास का योग बन रहा है। इसे अधिकमास भी कहते हैं। 17 मई 2026 प्रारंभ होकर यह 15 जून 2026 को समाप्त होगा। इसके तुरंत बाद निज ज्येष्ठ मास (शुद्ध ज्येष्ठ) शुरू होगा, जो 13 जुलाई 2026 तक चलेगा।

### पुरुषोत्तम मास का महत्वः

सूर्य के धनु या मीन राशि में गोचर के दौरान जो समय रहता है उसे मलमास या खरमास कहते हैं लेकिन हर 3 साल में चंद्रमास के बढ़े हुए दिनों को सौरमास में समाहित करने के लिए एक अतिरिक्त मास या महीना जोड़ा जाता है जिसे अधिकमास कहते हैं। इसे पहले मलमास और बाद में पुरुषोत्तम मास कहा जाने लगा।

इस मास में किए गए दान, पुण्य, स्नान आदि सभी धार्मिक आयोजन पुण्य फलदायी होने के साथ ही ये आपको दूसरे माहों की अपेक्षा करोड़ गुना अधिक फल देने वाले माने गए हैं। पुरुषोत्तम मास में सभी नियम अपने सामर्थ्य अनुसार करना चाहिए। जितना हो सके उतना संयम यानी ब्रह्मचर्य का पालन, फलों का भक्षण, शुद्धता, पवित्रता, ईश्वर आराधना, एकासना, देवदर्शन, तीर्थयात्रा आदि अवश्य करना चाहिए।

**इस माह में अधिक मास के 33 देवताओं की पूजा का महत्व है-** विष्णु, जिष्णु, महाविष्णु, हरि, कृष्ण, भधोक्षज, केशव, माधव, राम, अच्युत, पुरुषोत्तम, गोविंद, वामन, श्रीश, श्रीकांत, नारायण, मधुरिपु, अनिरुद्ध, त्रीविक्रम, वासुदेव, यगत्योनि, अनन्त, विश्वाक्षिभूणम्, शेषशायिन, संकर्षण, प्रद्युम्न, दैत्यारि, विश्वतोमुख, जनार्दन, धरावास, दामोदर, मघार्दन एवं श्रीपति जी की पूजा से बड़ा लाभ होता है।

धर्म ग्रंथों के अनुसार श्री नृःसिंह भगवान ने इस मास को अपना नाम देकर कहा है कि अब मैं इस मास का स्वामी हो गया हूं और इसके नाम से सारा जगत पवित्र होगा। इस महीने में जो भी मुझे प्रसन्न करेगा, वह कभी गरीब नहीं होगा और उसकी हर मनोकामना पूरी होगी। इसलिए इस मास के दौरान जप, तप, दान से अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है।

**पुरुषोत्तम मास की पौराणिक कथाः**- कहते हैं कि दैत्याराज हिरण्यकश्यप ने अमर होने के लिए तप किया ब्रह्माजी प्रकट होकर वरदान मांगने का कहते हैं तो वह कहता है कि आपके बनाए किसी भी प्राणी से मेरी मृत्यु ना हो, न मनुष्य से और न पशु से। न दैत्य से और न देवताओं से। न भीतर मरूं, न बाहर मरूं। न दिन में न रात में। न आपके बनाए 12 माह में। न अस्त्र से मरूं और न शस्त्र से। न पृथ्वी पर न आकाश में। युद्ध में कोई भी मेरा सामना न करे सके। आपके बनाए हुए समस्त प्राणियों का मैं एकक्षत्र सम्राट हूं। तब ब्रह्माजी ने कहा- तथास्थु। फिर जब हिरण्यकश्यप के अत्याचार बढ़ गए और उसने कहा कि विष्णु का कोई भक्त धरती पर नहीं रहना चाहिए तब श्रीहरि की माया से उसका पुत्र प्रहलाद ही भक्त हुआ और उसकी जान बचाने के लिए प्रभु ने सबसे पहले 12 माह को 13 माह में बदलकर अधिक मास बनाया। इसके बाद उन्होंने नृसिंह अवतार लेकर शाम के समय देहरी पर अपने नाखुनों से उसका वध कर दिया। इसके बाद चूंकि हर चंद्रमास के हर मास के लिए एक देवता निर्धारित हैं परंतु इस अतिरिक्त मास का अधिपति बनने के लिए कोई भी देवता तैयार ना हुआ। ऐसे में ऋषि-मुनियों ने भगवान विष्णु से आग्रह किया कि वे ही इस मास का भार अपने उपर लें और इसे भी पवित्र बनाएं तब भगवान विष्णु ने इस आग्रह को स्वीकार कर लिया और इस तरह यह मलमास के साथ पुरुषोत्तम मास भी बन गया।

ऐसी भी मान्यता है कि स्वामीविहीन होने के कारण अधिकमास को 'मलमास' कहने से उसकी बड़ी निंदा होने लगी। इस बात से दुःखी होकर मलमास श्रीहरि विष्णु के पास गया और उनको अपनी व्यथा-कथा सुनाई। तब श्रीहरि विष्णु उसे लेकर गोलोक पहुचें।

गोलोक में भगवान श्रीकृष्ण ने मलमास की व्यथा जानकर उसे वरदान दिया- अब से मैं तुम्हारा स्वामी हूं। इससे मेरे सभी दिव्य गुण तुम में समाविष्ट हो जाएंगे। मैं पुरुषोत्तम के नाम से विख्यात हूं और मैं तुम्हें अपना यही नाम दे रहा हूं। आज से तुम मलमास के बजाय पुरुषोत्तम मास के नाम से जाने जाओगे। इसीलिए प्रति तीसरे वर्ष में तुम्हारे आगमन पर जो व्यक्ति श्रद्धा-भक्ति के साथ कुछ अच्छे कार्य करेगा, उसे कई गुना पुण्य मिलेगा।

इस प्रकार भगवान ने अनुपयोगी हो चुके अधिकमास को धर्म और कर्म के लिए उपयोगी बना दिया। अतः इस दुर्लभ पुरुषोत्तम मास में स्नान, पूजन, अनुष्ठान एवं दान करने वाले को कई पुण्य फल की प्राति होगी।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी- 5101-5750, डालर-3461-8000, मटर- 1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन- 2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी-टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,000।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष ने अपनाई साइकिल,

## स्वच्छता और जनसुनवाई का अनोखा अभियान, रोज सुबह वार्डों में पहुंच रहे अध्यक्ष

**सुसनेर।** नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी इन दिनों अपनी कार्यशैली को लेकर नगरभर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। अध्यक्ष प्रतिदिन सुबह करीब 5 बजे साइकिल से नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। वे नगर के सभी 15 वार्डों में लगातार भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही आम नागरिकों की समस्याएं भी सुन रहे हैं।नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा किए जा रहे इस निरीक्षण अभियान का उद्देश्य नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और लोगों से सीधे संवाद स्थापित करना बताया जा रहा है। सुबह के समय वार्डों की गलियों में पहुंचकर वे नालियों की सफाई, कचरा उठाव, सड़क सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हैं। जहां कहीं भी लापरवाही या गंदगी दिखाई देती है। वहां संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए जाते हैं। कई स्थानों पर पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सड़क और नाली निर्माण जैसी समस्याएं सामने आने पर अध्यक्ष ने मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर निराकरण के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत, पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस को लेकर समय-समय पर की गई अपील के बाद भाजपा नेताओं द्वारा अलग-अलग माध्यमों से जनजागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी भी साइकिल के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। लगातार निगरानी के चलते सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में भी सक्रियता आई।

## योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले, ये सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य- पाटीदार



**गुना।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार अपने निर्धारित गुना प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय पहुंचे जहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया तथा उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उनके गुना आगमन पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार व पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर व अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। होटल नारायणा में मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एवं हितग्राही संवाद कार्यक्रम के स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष सेन ने कहा कि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के जिला आगमन पर कार्यकताओं ने अत्यंत उत्साह है और उनके नेतृत्व में मोर्चा पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाटीदार ने कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान समर्पित भाव से काम करने वाले कार्यकर्ता है ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा की रीड की हड्डी है। सबकी जिम्मेदारी है कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संगठन को हम प्रत्येक बूथ पर समाज को संगठित करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की यात्रा केवल सत्ता तक पहुंचने की कहानी नहीं है, बल्कि उस विश्वास की कहानी है जिसमें अंतिम पंक्ति का कार्यकर्ता भी स्वयं को राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और समृद्ध आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड योजना महिलाओं के लिए उजाला गैस निशुल्क योजना प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मन निधि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार भाव का संकल्प लेकर अंत्योदय को साकार कर रहे हैं।

कई जगह नियमों का उल्लंघन, टोंककलां ब्लास्ट के बाद प्रशासन अलर्ट

# देवास में आधा दर्जन पटाखा दुकानें और गोदाम सील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में टोंककलां के पास हुई पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट की घटना के बाद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखा दुकानों तथा गोदामों की जांच का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक दुकानों और गोदामों को सील कर दिया।



### सुरक्षा मानकों और दस्तावेजों की जांच

जांच के दौरान सुरक्षा मानकों, लाइसेंस, फायर फिटनेस और स्टॉक रजिस्टर जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहन पड़ताल की गई। कई स्थानों पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने के बाद प्रशासन ने सीलिंग की कार्रवाई की।

### कलेक्टर के निर्देश पर गठित हुई टीमें

तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर शहर और ग्रामीण इलाकों में जांच के लिए टीमें गठित की गई थीं। इन टीमों ने जहां भी कमियां पाईं, वहां सीलिंग की कार्रवाई की गई।नायब तहसीलदार पूजा भाटी ने शहर में तीन दुकानों का निरीक्षण किया। इनमें से एक दुकान आबादी वाले क्षेत्र में संचालित हो रही थी, जिसे तत्काल सील कर दिया गया। बताया गया कि दुकान के सामने बिजली का डीपी लगा हुआ था, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ था।

### दो दुकानों के लाइसेंस मिले नवीनीकृत

पूजा भाटी की टीम ने दो अन्य दुकानों की भी जांच की, जहां कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इन दुकानों के लाइसेंस नवीनीकृत पाए गए। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के गद्दूखेड़ी इलाके में भी कार्रवाई की गई। उधर, नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने शिप्रा क्षेत्र में चारभुजा पटाखा दुकान पर कार्रवाई की।

जांच के दौरान दुकान में स्टॉक रजिस्टर, इलेक्ट्रिक फिटनेस, फायर फिटनेस और बिल्डिंग फिटनेस से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही कुछ बिना लेबल वाले पटाखे भी बरामद हुए, जिसके बाद दुकान को सील कर दिया गया।

### भूसा मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी

एक अन्य दुकान की जांच में यह भी सामने आया कि उसके पास पटाखा दुकान और गोदाम दोनों का लाइसेंस था, लेकिन दुकान के भीतर भारी मात्रा में भूसा भरा हुआ पाया गया। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए टीम ने लाइसेंस निरस्त करने के लिए प्रतिवेदन भेजा है।

बैराखेड़ी के पास चीख-पुकार के बीच जेसीबी से निकाली गई-लाशें

# 90 डिग्री अंधे मोड़ पर प्याज से भरा मिनी ट्रक पलटा 3 की मौत, 2 गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले के पीपलरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबाराधीरा रोड पर ग्राम बैराखेड़ी के पास 90 डिग्री मोड़ पर शनिवार रात करीब 12 बजे प्याज से भरा मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार पांच मजदूर प्याज की बोरियों के नीचे दब गए। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।




प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन तेज रफ्तार में था। बैराखेड़ी के खतरनाक अंधे मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के तुरंत बाद चालक वाहन से कूदकर फरार हो गया, जबकि मजदूर बोरियों के नीचे दबे तड़पते रहे।

सूचना मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों और जेसीबी की मदद से सभी मजदूरों को बाहर निकाला और सोनकच्छ अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान आकाश बामनिया (24), ओमप्रकाश मालवीय (23) और विजेंद्र (26) परमार की मौत हो गई। पुलिस ने मिनी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अपहृत एवं गुमशुदा नाबालिगों की दस्तयाबी में गुना पुलिस की सतत संवेदनशील कार्यवाही

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के संवेदनशील, मानवीय एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में बमौरी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिला दिया है। गौरतलब है कि 11 मई को बमौरी थाने पर एक भाई द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बहन के 09 मई से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा किशोरी की तलाश प्रारंभ की गई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बालिका की लगातार सघन तलाश की गई। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए विभिन्न तकनीकी संसाधनों एवं साइबर विश्लेषण की सहायता से किशोरी की सभी संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की गई। पुलिस की सतत मेहनत, सूझबूझ एवं प्रभावी रणनीति किशोरी को ढूँढकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या: मजदूरी कर पालता था परिवार

**देवास।** देवास में 21 वर्षीय युवक सुनील सोलंकी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, पोलाई निवासी सुनील रविवार को किसी काम से देवास आया था। वापस लौटते समय उसने रास्ते में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर खाने के बाद सुनील ने मोबाइल लोकेशन के जरिए अपने परिजनों को अपनी स्थिति की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में देवास जिला अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में उपचार के दौरान कुछ घंटों बाद उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि सुनील मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके।

## दो बाइकों की भिड़ंत, एक युवक की मौत, दो अन्य घायल



**देवास।** टोंकखुर्द थाना क्षेत्र के जिरवाय रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद देवास और इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात गिरलाखेड़ी गांव निवासी ईश्वर पिता उदयसिंह गुर्जर (24) टोंकखुर्द डेयरी पर दूध देकर अपने गांव लौट रहा था। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच जिरवाय रोड स्थित गिट्टी मशीन के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के लोगों ने घायल ईश्वर को तत्काल टोंकखुर्द अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार टोंकखुर्द निवासी कृष्णा पिता महेश राठौर और राला मंडल निवासी कृष्णपाल पिता जोगेंद्र सिंह सेंधव भी हादसे में घायल हो गए। उन्हें भी टोंकखुर्द अस्पताल ले जाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को देवास और इंदौर रेफर कर दिया गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी भारत सिंह पिता श्री हाकम सिंह, निवासी-उज्जैन, से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-358/1 रकबा-1.03 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम मालपुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी । सो सूचित हो । इति दिनांक-18.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी लीलाधर वागोल पिता श्री मोहनलालजी, निवासी-153, रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-184/2/1 रकबा -1.00 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम कुंवारिया तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो ।
इति दिनांक-18.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी नंदराम पिता श्री भुवानी जी निवासी 98, ग्राम आलमपुर, उड़ाना, पंथपिप्लाई, उज्जैन से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 124 रकबा 0.3000 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 125 रकबा 0.7000 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 258 रकबा 0.1700 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 291 रकबा 0.3300 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 302 रकबा 0.1000 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 371 रकबा 0.4100 हेक्टर व कृषि भूमि सर्वे नं0 372 रकबा 0.8200 हेक्टर कुल किता 7 कुल रकबा 2.8300 हेक्टर में से भूमि स्वामी के स्वामित्व रकबा 0.4200 हेक्टर (02 बीघा 02 बिस्वा) स्थित ग्राम आलमपुर उडाना तहसील व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग; बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 18-05-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडव्होकेट**
**सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो.नं.- 88277-65533, 70001-92470**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी गणेश पिता सिद्धजी जाति कहार भोई, निवासी हातोद, तहसील हातोद, जिला इन्दौर (म.प्र.) के स्वामित्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 151/1 रकबा 0.39, 141/2 रकबा 0.66 कुल किता 02 कुल रकबा 1.05 हेक्टर स्थित ग्राम भाण्डतलावली, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को कय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है व भूमि स्वामी द्वारा एक सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भूमि का विकय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो।
दिनांक 18/05/2026

**सूर्यकुमार परमार, एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबा. 9977060138**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी ओमप्रकाश बागोल पिता श्री मोहनलालजी, निवासी-153, रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधि ापत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-191/2 रकबा 0.18 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-192/2/1 रकबा 0.83 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.01 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम कुंवारिया तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-18.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी अशोक पिता श्री मोहनलाल, निवासी-153, मालीपुरा, उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-184/2/2 रकबा 0.14 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-191/1 रकबा 0.18 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक-192/1 रकबा 0.68 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा -1.00 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम कुंवारिया तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-18.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती कमलादेवी पति श्री शंकरलाल चौधरी जाति जाट निवासी 39, आनंद नगर, इन्दौर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) ने रईस खान पिता न्याज मोहम्मद जाति पिंजारा निवासी ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) व. सुभाष परमार पिता श्री रमेश परमार जाति निवासी निवासी ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 149/2/2 रकबा 0.200 हेक्टर स्थित ग्राम किशनपुरा प.ह.नं. 12 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकरों व मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत राशि अदाकर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 18/05/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

In The Court Of Sushri Diksha Dohare, Fourth Civil Judge, Senior Division, District Court, Dewas
Presiding Officer: **सुश्री दीक्षा दोहरे**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000027/2025)
**संगीताबाइ पति दिनेश कुमार -------आवेदक**
**Vs**
**विष्णु राठौर पिता चौरभुज चतुर्भुज राठौर -----अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 18/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता देवास
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संगीताबाई पति दिनेश कुमार ने मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर, निवासी - माधौपुरा उण्डासा जिला उज्जैन मप्र जिसकी मृत्यु दिनांक 21-06-2024 को जिला अस्पताल उज्जैन में गंभीर बीमारी के कारण हो गया था। उक्त मृतक मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर, पिता स्व. चौरभुज राठौर के द्वारा किसी भी व्यक्ति को कोइ नामिनी नहीं बनाया गया मृतक ने अपने जीवनकाल में विवाह नहीं किया एवं कोइ संतान भी नहीं है एवं किसी भी व्यक्ति को कोइ नामिनी नहीं बनाया गया था, मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर, अपनी बहन (आवेदिका) के साथ ही निवास करते थे। मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर के नाम पर बैंक आफ इंडिया शाखा औद्योगिक क्षेत्र देवास जिला देवास के खाते में 6,47,800/- रुपये की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 13 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती दीक्षा मौर्य)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जिला देवास (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of Sushri Diksha Dohare, Fourth Civil Judge, Senior Division, District Court, Dewas
Presiding Officer: **सुश्री दीक्षा दोहरे**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000027/2025)
**संगीताबाइ पति दिनेश कुमार -------आवेदक**
**Vs**
**विष्णु राठौर पिता चौरभुज चतुर्भुज राठौर -----अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 18/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) विष्णु राठौर पिता चोरभुज (चतुर्भुज) राठौर, निवासी 8 त्रिलोक नगर देवास (म.प्र.)
(2) गिरिश राठौर पिता चोरभुज (चतुर्भुज) राठौर, निवासी 8 त्रिलोक नगर देवास (म.प्र.)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संगीताबाइ पति दिनेश कुमार ने मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर, निवासी - माधौपुरा उण्डासा जिला उज्जैन मप्र जिसकी मृत्यु दिनांक 21-06-2024 को जिला अस्पताल उज्जैन में गंभीर बीमारी के कारण हो गया था। उक्त मृतक मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर, पिता स्व. चौरभुज राठौर के द्वारा किसी भी व्यक्ति को कोइ नामिनी नहीं बनाया गया मृतक ने अपने जीवनकाल में विवाह नहीं किया एवं कोइ संतान भी नहीं है एवं किसी भी व्यक्ति को कोइ नामिनी नहीं बनाया गया था, मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर, अपनी बहन (आवेदिका) के साथ ही निवास करते थे। मृतक स्व. सुनील कुमार राठौर के नाम पर बैंक आफ इंडिया शाखा औद्योगिक क्षेत्र देवास जिला देवास के खाते में 6,47,800/- रुपये की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 13 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(श्रीमती दीक्षा मौर्य)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जिला देवास (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## महिला की मौत पर बवाल,शव रखकर हिंदू संगठनों का चक्काजाम

**शाजापुर।** जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ हुई बर्बर मारपीट और इलाज के दौरान उसकी मौत के बाद आक्रोशित हिंदू संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मृतका का शव शाजापुर के ट्रैफिक पॉइंट पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार घटना रात के समय सारंगपुर-अकोदिया रोड स्थित लसूडिया मेहा जोड़ पर हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी इब्राहिम खां निवासी ग्राम मुड़लाय और मृतका अनीता बाई पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे से परिचित थे। घटना के वक्त दोनों साथ थे, तभी किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और इब्राहिम ने अनीता के साथ बुरी तरह मारपीट की। गंभीर रूप से घायल अनीता को उपचार के लिए पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे देवास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी इब्राहिम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद सोमवार शाम करीब 4 बजे शाजापुर ट्राफिक पाईंट पर हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने अनीता का शव रखकर जमकर नारेबाजी की और दोषी को फांसी की सजा दिए जाने तथा उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। अधिकारियों ने बुलडोजर चलाने का लिखित आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

## हाईवे पर भूसे से भरे दो ट्रकों में भीषण भिड़ंत

**शाजापुर।** शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर भूसे से भरे दो ट्रकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि दोनों भारी वाहन बेकाबू होकर पलट गए, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि हादसे के बाद मौके से दोनों ट्रकों के चालक रहस्यमय तरीके से गायब मिले। जानकारी के अनुसार घटना लालघाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरवर रोड स्थित प्रिंस होटल के पास सोमवार सुबह करीब 5 बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों ट्रक ब्यावर से इंदौर की ओर जा रहे थे। हाईवे पर पहले से एक खराब ट्रक खड़ा हुआ था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर बाधित यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने आसपास के इलाकों और अस्पतालों में दोनों चालकों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल, पुलिस ट्रकों के नंबर के आधार पर वाहन मालिकों से संपर्क कर रही है ताकि लापता चालकों का पता लगाया जा सके।

## एनएच-52 पर बेकाबू होकर पलटा शक्कर से भरा ट्रक

**शाजापुर।** बेकाबू होकर शक्कर से भरे ट्रक के पलट जाने पर परिचालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक महाराष्ट्र के नासिक से शक्कर की बोरियां लेकर राजगढ़ के ब्यावरा की ओर जा रहा था, तभी सोमवार को शाजापुर के नेशनल हाईवे-52 पर गिरवर रोड के समीप दोपहर करीब 12 बजे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भीषण हादसे में ट्रक के नीचे दबने से परिचालक अंकित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गनीमत रही कि चालक अशोक सुरक्षित बच गया। शुरुआती जांच में हादसे का मुख्य कारण ओवरस्पीड को माना जा रहा है। दुर्घटना की सूचना पाते ही लालघाटी और यातायात थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रक को हटाया और दबे हुए दोनों व्यक्तियों को बाहर निकाला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने खोला मोर्चा, 26 को धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**शाजापुर।** जिले के शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ अब तक न मिलने पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। विभागीय लापरवाही के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एसोसिएशन ने 18 मई को जिला कार्यालय में स्मरण पत्र सौंपकर तत्काल आदेश जारी करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आगामी 26 मई को कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, जिला शाजापुर के प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में कार्यरत 35 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके शिक्षकीय संवर्ग के लोकसेवकों को 1 जुलाई 2023 से चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान देने के आदेश प्रसारित किए गए हैं। पंवार ने बताया कि शिक्षकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारी पहले 11 मई को दोपहर 1 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। इसके पश्चात भी कोई कार्रवाई न होने पर 18 मई सोमवार को पुन: एसोसिएशन द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर स्मरण पत्र सौंपा गया और 26 मई 2026 को धरने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है।

## ब्रम्हांड का सबसे अलौकिक उत्सव था शिव और शक्ति का मिलन

**शाजापुर।** शिव और शक्ति का मिलन ब्रम्हांड का सबसे अलौकिक उत्सव माना जाता है। जब भगवान शंकर माता पार्वती से विवाह करने बारात लेकर पहुंचे तो उनकी बारात में देव-दानव-भूत-प्रेत सभी शामिल थे। उन्होंने जो विवाह उत्सव मनाया वैसा उल्लेख कहीं ओर नहीं मिलता। जगत कल्याण के लिए हुआ परमपिता शंकर और माता पार्वती का मिलन युगों-युगों के लिए वंदनीय हो गया। इसीलिए शिव-पार्वती की जोड़ी को संसार की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी कहा जाता है। उक्त आशीर्वचन महंत 1008 अनुजदास महाराज ने सोमवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में भक्तों को प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रूप द्वारा आयोजित कथा महोत्सव स्थानीय रेल्वे मैदान स्टेशन रोड़ पर प्रतिदिन सांय 7.30 से रात्रि 11.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके तृतीय दिवस कथा वाचक अनुजदास जी द्वारा विभिन्न कथा प्रसंगो के साथ शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का उत्सवी वर्णन किया गया। जिसमें शिव-पार्वती का स्वरूप धारण कर बाल कलाकारों सहित भूत-प्रेतों की टोली तथा भक्तजनों ने आनंद लिया।

# शाजापुर में रातभर चली पुलिस की कॉम्बिंग गश्त, 300 जवानों ने संभाला मोर्चा

**शाजापुर।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शाजापुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व में 17-18 मई की मध्यरात्रि को पूरे जिले में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में 300 से अधिक पुलिसकर्मी एक साथ मैदान में उतरे। अभियान की शुरुआत से पहले पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस टीमों को सुरक्षा और कार्रवाई के संबंध में आवश्यक ब्रीफिंग दी गई। इसके बाद जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी और थाना स्तर के बल ने मोर्चा संभाला। वरिष्ठ अधिकारियों ने रातभर विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर खुद इस पूरे अभियान की कमान संभाली और मॉनिटरिंग की।

इस औचक अभियान के दौरान पुलिस ने अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ कार्रवाई की। रातभर में कुल 53 स्थायी वारंट और 97 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। सर्वाधिक 13 स्थाई वारंट थाना कोतवाली द्वारा और सर्वाधिक 19 गिरफ्तारी वारंट थाना कालापीपल द्वारा तामील किए गए। इसके साथ ही 16 जिला बदर अपराधियों, 92 गुंडों और 134 निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर दबिश देकर उनकी चेकिंग की गई। आबकारी एक्ट के तहत 08 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा थाना शुजालपुर मंडी द्वारा सट्टा एक्ट में और थाना कोतवाली द्वारा दो अन्य अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। सुरक्षा के लिहाज से जिले के 35 होटलों, लॉज, ढाबों और धर्मशालाओं को खंगाला गया। साथ ही बैंक, एटीएम और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई गई। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने सक्रिय बदमाशों, जेल से रिहा हुए अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर पहुंचकर उनकी मौजूदा गतिविधियों की जानकारी ली।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश सिंह पिता स्व. प्रतापसिंह भदौरिया, निवासी-139/2, दशहरा मैदान, उज्जैन एवं श्री संदेश पिता स्व. रमेशचन्द्रजी जायसवाल निवासी -21, क्षपणक मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन के द्वारा ग्राम मतानाकलां की भूमि सर्वे क्रमांक 640 मिन रकबा 0.03 हेक्टेयर/300 वर्गमीटर की भूमि दिनांक 25.09.2007 को श्रीमती हुरा बी पति अजीम शाह से उप पंजीयक कार्यालय, उज्जैन के विक्रय पत्र क्रमांक 3258 दिनांक 25.09.2007 के माध्यम से क्रय की है और ग्राम मतानाकलां की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 639 मिन रकबा 0.03 हेक्टेयर भूमि उप पंजीयक कार्यालय उज्जैन से पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख क्रमांक 2560 दिनांक 10.08.2010 के माध्यम से क्रय की है, दोनों कृषि भूमि के संबंध में विक्रय पत्र विलेख उक्त वर्णित दिनांक को मेरे पक्षकारगण का संयुक्त आधिपत्य, स्वामित्व एवं स्वत्वाधिपत्य चला आ रहा है। मेरे पक्षकारगण के द्वारा न्यायलय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), उज्जैन जिला उज्जैन के प्रकरण क्रमांक 223/अ-2/2010-11 में दिनांक 13.07.2012 को और प्रकरण क्रमांक 221/अ-2/2011-12 में दिनांक 13.07.2012 के माध्यम से उक्त कृषि भूमि के संबंध में विधिवत भूमि का व्यपवर्तन/डायवर्शन का आदेश प्राप्त कर लिया है और मेरे पक्षकारगण के द्वारा ग्राम पंचायत मतानाकलां में विधिवत डायवर्शन का शुल्क उक्त दोनों कृषि भूमि के संबंध में पृथक पृथक अदा कर ग्राम पंचायत मतानाकलां से उसकी विधिवत रसीद आदेश के पालन में प्राप्त कर ली है, इस प्रकार उक्त कृषि भूमियों पर मेरे पक्षकारगण का उप उल्लेखित विक्रय पत्र विलेख दिनांक से विक्रेता से मौके पर जाकर आधिपत्य प्राप्त करते हुए उसकी फेंसिग तत्समय की जा कर जमीन पर सीमांकन एवं नामांतरण किया है और निरंतर मेरे पक्षकारगण का स्त्वाधिपत्य चला आ रहा है। मेरे पक्षकारगण को ज्ञात हुआ है कि उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त उल्लेखित कृषि भूमि जो ग्राम मतानाकलां, देवास रोड़, उज्जैन के ग्राम पंचायत मतानाकलां में स्थित है, को फर्जी अभिलेखों के माध्यम से कोई विक्रय कर मेरे पक्षकार के स्वत्वाधिपत्य की उक्त भूमि में विवाद करना चाहता है, जिसकी रिपोर्ट मेरे पक्षकारगण द्वारा संबंधित पुलिस थाना नरवर में लिखित सूचना के माध्यम से दर्ज करायी है। अतएव सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के संयुक्त स्वामित्व एवं स्वत्वाधिपत्य की उक्त सर्वे नंबरों की वर्णित भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, फर्म अथवा अन्य कोई भी विक्रय संव्यवहार करता है तो उक्त जाहिर सूचना के पालन में वह अवैध, शून्य एवं अप्रभावशील माना जावेगा और मेरे पक्षकारगण की उक्त संपत्ति व उनके आधिपत्य पर बंधनकारक अथवा पालनीय नहीं होगा। सूचित हो। इति दिनांक : 18.05.2026, उज्जैन

**एकांश नाईक**
अभिभाषक
नाईक लॉ चेम्बर्स, द्वितीय तल, वासवानी प्लाजा, 26, शंकु मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन
मोबा.: 9826060621

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, अनारजी पिता सेवाजी बागरी के वारिसान सजनबाई पति अनारजी, रमेश, मांगीलाल, बाबुलाल, राजुबाई, शांतिबाई बागरी समस्त कृषकगण निवासी गांव सन्डावदा, तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र) वाले ने सुशील कुमार पिता शांतिलाल बुपक्या इन्दुबाला, लताबाला पुत्री शांतिलाल, कनीराम, पेपाबाई, राजुबाई, कलाबाई आदि 18 लोगों के विरूद्ध अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.12.2024 से असंतुष्ट होकर अपील पेश की गई है, जिसमें रेस्पोडेंट क्रमांक 2 इन्दुबाला पुत्री शांतिलालजी बुपक्या जैन भी पक्षकार है। उनको रजिस्टर्ड डाक से व साधारण से कई बार तामिल दी गई, लेकिन तामिल नहीं हुई। न्यायालय आदेशानुसार समाचार पत्र द्वारा तामिल का आदेश प्रदान किया गया है, जिसमें प्रकरण क्रमांक 04/2025 सजनबाई आदि 6 विरूद्ध सुशील कुमार आदि 18 दर्ज होकर अगली पेशी दिनांक 02.07.2026 नियत की गई है। अगर किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म आदि किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो नियत दिनांक 02.07.2026 को न्यायालय में अपनी आपत्ति व जवाब पेश करें। उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय अग्रीम कार्यवाही करेगा।

**डी.डी.राठी एडवोकेट ( खाचरौद )**
**मो.नं.- 9826618187**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा दुर्गा पिता मोहन गुरू निवासी ग्राम गोन्सा तहसील व जिला उज्जैन अपने पति शरद चौहान से पारिवारिक विवाद के चलते पिछले 6 वर्षो से पृथक रहकर अपने भाई रामजी पिता मोहन गुरु के घर ग्राम गोन्सा में निवास कर रही है मेरी पक्षकारा का पुत्र दिवाकर भी मेरी पक्षकारा के साथ ही निवासरत था किन्तु पिछले तीन वर्षो से मेरी पक्षकारा का पुत्र दिवाकर उसके साथ निवासरत नहीं रहकर कहीं अलग निवास करने चला गया है तथा वर्तमान में मेरी पक्षकारा के सम्पर्क में भी नही है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि वह कई आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त होने लगा हैं तथा कई लोगों से उसके द्वारा लेन देन कर धोखाधड़ी की शिकायतें भी मेरी पक्षकारा को प्राप्त हुई हैं। पिछले तीन वर्षो से मेरी पक्षकारा एवम् उसके मामा रामजी का मेरी पक्षकारा के पुत्र दिवाकर से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नही है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि के द्वारा मेरी पक्षकारा के पुत्र से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता हैं या मेरी पक्षकारा के पुत्र किसी प्रकार की कोई आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है तो उस लेन देन या आपराधिक गतिविधि से मेरे पक्षकार का किसी प्रकार कोई लेना देना नही है। सूचित हो।

इति दिनांक 18/05/2026

**अशोक सांखला एडवोकेट**
**कार्यालय -4, उर्दूपुरा उज्जैन मो. 94250-68628**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01, शन्नो बी, 02, जीनत बी, 03, शेर बानो, 04, शबाना बी पुत्रीया स्वर्गीय श्री मोहम्मद सादिक हुसैन लम्बरदार निवासीगण इन्दौर एवं उज्जैन के द्वारा एक जाहिर सूचना का प्रकाशन दिनांक 09/05/2026 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित करवाई हैं। इस जाहिर सूचना में आपके द्वारा मेरे पक्षकार आसीफ हुसैन व साजिद हुसैन पुत्रगण स्वर्गीय सादिक हुसैन के ऊपर यह आरोप लगाया हैं, कि स्वर्गीय श्री मोहम्मद सादिक हुसैन लम्बरदार के स्वामित्व के मकान क्रमांक 7/1, खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन में जाहिर सूचना प्रकाशनकर्ता शन्नो बी आदि का अधिकार हैं व यह सम्पत्ति पेत्रिक सम्पत्ति हैं व मेरे पक्षकारो पर यह आरोप लगाया हैं कि, उनके द्वारा फर्जी दस्तावेजो को तेयार कर उस आधार पर सम्पत्ति को बेचने के प्रयास में हैं, इस सम्बंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, उपरोक्त सम्पत्ति श्रीमति बशीरन बाई के स्वामित्व की रही हैं, उनके द्वारा अपने जीवन काल में इस सम्पत्ति को स्वर्गीय श्री सादिक हुसैन को प्रदान की है व इसके बाद इस सम्पत्ति पर स्वामी के रूप में स्वर्गीय श्री सादिक हुसैन का नाम उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन दर्ज रहा है। स्वर्गीय श्री सादिक हुसैन के द्वारा अपने जीवनकाल में अपनी स्वेच्छा से एक रजिस्टर्ड वसीयत पत्र का सम्पादन उज्जैन उप पंजियक कार्यालय में किया गया है। इस वसीयत पत्र के सम्पादन के पश्चात स्वर्गीय श्री सादिक हुसैन का स्वर्गवास हो गया है। उनके स्वर्गवास के पश्चात वसीयत पत्र के द्वारा इस मकान पर मेरे पक्षकारों का नाम स्वामी के रूप में उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन में दर्ज किया जा चुका है। इस मकान पर स्वामी के रूप में मेरे पक्षकारों का आधिपत्य है, श्रीमती शन्नों बी के द्वारा यह अरोप लगाया गया है कि मेरे पक्षकार इस उक्त मकान को विक्रय करना चाहते है जो सरासर झूठा आरोप है। इस मकान में मेरे पक्षकार अपने परिवार सहित निवास करते है इस पूर्ण मकान पर मेरे पक्षकारो के अलावा अन्य किसी का कोई आधिपत्य नही है, श्रीमती शन्नो आदि ने अपने निवास का पता उक्त मकान का दिया है जबकि सभी अलग-अलग जगह निवास करती है। इस प्रकार मेरे पक्षकारो के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती शन्नो बी आदि की बातो में कोई नही आवे व उनका इस मकान क्रमांक 7/1, खुदीराम बोस मार्ग उज्जैन में न तो किसी प्रकार का कोई हित है व न हीइसा मकान पर आधिपत्य है। मेरे पक्षकारों का इस मकान को कोई विक्रय का इरादा नहीं हैं। श्रीमती शन्नो बी आदि के द्वारा जो जाहिर सूचना प्रकाशित कि गई हैं, वह झुटी. निराधार एवं गालत तथ्यों के आधार पर प्रकाशित करवाई गई हैं। अत: शन्नो बी आदि के द्वारा प्रकाशित जाहिर सूबना पर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं देवे इसलिये इस जाहिर सूबना का प्रतिवाद मेरे पक्षकारों के द्वारा कराया गया है। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 18/05/2026 ई. स्थान - उज्जैन

**माननल दुग्गड़ अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94250-91829**

## विजयनगर में फिर नाले में गिरी गाय

**शाजापुर।** शहर के विजय नगर स्थित हनुमान मंदिर से सटे नाले में एक बार फिर गाय गिरने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे सूचना मिलते ही गौरक्षा सेना के सदस्य मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए रस्सी की मदद से महज 10 मिनट में गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गौरतलब है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां से पूर्व में भी गौरक्षा सेना करीब 10 बार गायों व नंदी का रेस्क्यू कर चुकी है। पहले भी संबंधित पार्षद से नाले की ओर जाने वाले रास्ते को पूरी तरह बंद कराने का आग्रह किया गया था।

## योग तन, मन और जीवन को संवारने की विधा-विधायक भीमावद

**शाजापुर।** नई नगर पालिका परिषद परिसर में चल रही नियमित और अखंड योग साधना के 1000 दिन पूरे होने पर सोमवार को अनुभव साझा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद ने साधकों से कहा कि योग तन, मन और जीवन को संवारने की विधा है। उन्होंने शहरवासियों से योग अपनाने की अपील की।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**"ई-निविदा सूचना"**
क्र. सं. 1. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-32। कार्य का नाम: Ratlam (LCC) Upgradation of Traction Training centre of locomotive care centre at (Composite Civil + Electrical)। अनुमानित मात्रा: As per tender schedule। अनुमानित लागत: 6,29,25,510.10। बयाना राशी: 12,58,500.00। कार्य समापन अवधि: 12 Months। वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 15.05.2026। निविदा खुलने की की तिथि: 10.06.2026। क्र. सं. 2. ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-33। कार्य का नाम: Rajendra Nagar Station Provision of fencing between UP Main Track & DN Main Track to avoid tresspassing। अनुमानित मात्रा: As per tender schedule। अनुमानित लागत: 34,99,848.24। बयाना राशी: 70,000.00। कार्य समापन अवधि: 06 Months। वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 15.05.2026। निविदा खुलने की तिथि: 10.06.2026। विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। 0058
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता कैलाशचन्द्र पिता रामबालकजी जाति अहिर निवासी ग्राम पीरझलार तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि सर्वे नम्बर 266/2 रकबा 1.57 हे. सर्वे नम्बर 266/1/3 रकबा 0.20 हे. कुलकिता 02 कुल रकबा 1.77 हे. भूमि ग्राम पीरझलार तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित होकर उपरोक्त भुमि को बिकी करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिकी कि गई भूमि का विकय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकिय संस्था का ऋ्रण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहीर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी । सुचित हो। दिनांक-18/05/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी ( एडव्होकेट )**
**विकास त्रिवेदी ( से.प्र. ) कोर्ट परिसर बडनगर**
**मो.न. 8871902775**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी गणेश पिता सिद्धजी जाति कहार भोई, निवासी हातोद, तहसील हातोद, जिला इन्दौर (म.प्र.) के स्वामित्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 151/1 रकबा 0.39, 141/2 रकबा 0.66 कुल किता 02 कुल रकबा 1.05 हेक्टर स्थित ग्राम भाण्डतलावली, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है व भूमि स्वामी द्वारा एक सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 18/05/2026

**सूर्यकुमार परमार एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मो. 9977060138**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी गुलाब पिता इंदरलाल प्रजापत, निवासी- 87, नीलगंगा उज्जैन के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि आराजी सर्वे क्रं.-498/1 रकबा 0.1600 हैक्टर तथा सर्वे क्रं.-498/2/1 रकबा 0.1000 हैक्टर भूमि ग्राम जवासिया, तह. व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि की भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका पर भूमिस्वामी के रूप मे गुलाब पिता इंदरलाल प्रजापत का नाम दर्ज है। मेरे पक्षकार ने उक्त वर्णित भूमि रकबा 0.2600 हैक्टर मे से 0.0185 हैक्टर भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विकय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधि कार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि 1 पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 18/05/2026

**दीपक बोरीवाल**
**ए-12, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन मो 9425168084**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा 1- श्रीमती कमला देवी पति स्व. सूरजमल जी 2- दिलीप पिता स्व. सूरजमल जी, निवासीगण 5/2, राजेन्द्र नगर, सरगम स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 4/1, राजेन्द्र नगर, शास्त्री नगर के पीछे, उज्जैन में स्थित हैं। भवन केवल तल मंजिल गार्डर-फर्शी का निर्मित हैं। भवन की भूमि का कुल क्षेत्रफल 41.47 वर्गमीटर अर्थात 446 वर्गफीट हैं। भवन के पूर्व दिशा में रास्ता, पश्चिम दिशा में -भवन क्रमांक 43, उत्तर दिशा में भवन क्रमांक 4 एवं दक्षिण दिशा में भवन ओमप्रकाश जी का हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर बैंक आफ बड़ोदा शाखा वेदनगर, उज्जैन का ऋ्रण है इसके अलावा किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋ्रण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 18-05-2026

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने जाकिर पटेल पिता नादर पटेल निवासी-ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) कृषक ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-1062/2 रकबा 0.32 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-16.05.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूपेन्द्र सिंह पंवार पिता श्री गोकुलसिंह पंवार निवासी- 67 ग्राम कल्याणपुरा पोस्ट नरवर तहसील व जिला उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 344 आर.के.ड्रीम्स ग्राम हामूखेडी तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूखण्ड को विधिवत अनुबंधपत्र के माध्यम से भूपेन्द्र कार्तिकय पिता श्री तुलसीराम जी निवासी- 89 हरसिद्धी रोड उज्जैन ने क्रय किया हुआ है उक्त अनुबंधपत्र के आधार पर उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारों सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 18/05/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन**
**मो.8839742938**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- श्रीमती हरू बाई पति स्व. श्री रामा जी, 2 कान्हा पिता स्व. श्री रामा जी, निवासीगण ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 488/3 रकबा 0. 6800 हेक्टेयर भूमि, स्थित ग्राम नलवा पटवारी हल्का नंबर 01 तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का संपादन करवाया जाना है यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।

इति दिनांक-18/05/2026

**श्रीमती पुष्पा शर्मा ( चौधरी ) ( एडवोकेट )**
**कार्यालय - सीएफ-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 79876-46909**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी शंकरलाल पिता नरसिंह, आनंदीबाई, कृष्णाबाई पुत्री नरसिंह, गंगाबाई बेवा नरसिंह, समस्तगण जाति- बलाई, निवासीगण ढाबलाधूता तहसील घटिया जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 309/1/1 रकबा 0.39 हैक्टर में से रकबा 0.20 हैक्टर भूमि ग्राम ढाबलाघूता तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने कय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का संपादन कर लिया है। अत: उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋ्रण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विकय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 18-05-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आदित्य वर्मा पिता श्री सिंगारामजी वर्मा निवासी ग्राम सिंगावदा तह. व जिला देवास के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 36 स्थित चौबीसखम्बा मार्ग गली कमांक 1 उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 72.82 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर-पूर्व की ओर-भवन प्रकाशजी का, पश्चिम की ओर- भवन सुरेशचन्द्रजी का, उत्तर की ओर - भवन कन्हैयालालजी का, दक्षिण की ओर चौबीस खम्बा मार्ग गली क्रमांक 1 तथा पेमाईश लंबाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 16.31 मीटर व बतरफ पश्चिम 16.00 मीटर चौडाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 4.57 मीटर का है उक्त मकान को कय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 18/5/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो.94250-91124, 8959999299**

## सात दिवसीय फैशन डिजाइनिंग शिविर का शुभारंभ

**रतलाम।** महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर समाज की दिशा में सृष्टि समाज सेवा समिति द्वारा निशुल्क फैशन डिजाइनिंग शिविर का शुभारंभ शास्त्री नगर मेन रोड स्थित डायमंड अपार्टमेंट में हुआ संस्था सदस्य शिविर प्रभारी दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि युवतियों महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए संस्था हमेशा हमेशा से प्रयासरत रहती हैं इसी तरह पहली बारसात दिन का फैशन डिजाइनिंग बेसिक कोर्स शिविर शास्त्री नगर में लगाया जाएगा जिसमें प्रशिक्षिका सकीना लोखंडवाला प्रशिक्षण देंगी इस शिविर में हैंड वर्क, फ्री हैंड पेंटिंग, स्केचिंग, कलर शेड्स की जानकारी , फैब्रिक जजमेंट के साथ ही बहुत कुछ सिखाया जाएगा। महिलाओं को रोजगार से जोड़कर शसक्त बनाने के लिए समय समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा अभियान 2026 (15 मई से 5 जून 2026) के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों एवं कार्यालयों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अभियान के तहत आज नागदा स्टेशन पर यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने, अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही गीले, सूखे एवं प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी क्रम में दाहोद स्टेशन पर यात्रियों को कचरे के पृथक्करण, स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण के लिए जागरूक किया गया।

वहीं उज्जैन स्टेशन पर यात्रियों एवं विक्रेताओं को पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें प्लास्टिक की थैली के स्थान पर जूट एवं कपड़े की थैली के उपयोग के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं गंदगी नहीं फैलाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। इस दौरान लगभग 15 यात्री उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत लोकोमोटिव केयर सेंटर, रतलाम स्थित डीजल ट्रेनिंग सेंटर में भी जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिनमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त परिसर के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान में लगभग 52 कर्मचारियों ने सहभागिता की।

इंदौर रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों हेतु जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन एवं सतत विकास संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया तथा यात्रियों को पुनः उपयोग होने वाली अपनी पानी की बोतल साथ रखें के प्रति जागरूक किया गया।

रतलाम मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।

## न्यूज कालम



## स्कॉर्पियो कार से 402 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भांगी पिपलिया से चौथखेड़ी रोड पर घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने एक महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें 20 प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 402 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी लालसिंह पिता कमलसिंह बौराना उम्र 34 साल निवासी दोरवाड़ी थाना नारायणगढ़ जिला मंदसौर को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त किए गए डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 8 लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा स्कॉर्पियो कार और एक एंड्रॉइड मोबाइल भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना नारायणगढ़ पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया है। मामले में एक अन्य आरोपी सुरेंद्र बांछड़ा निवासी ग्राम डोडिया मीणा थाना वायडी नगर जिला मंदसौर फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## युवा अंकित जैन का दुखद निधन

**नीमच।** शहर की मंडी व्यवसायी बंसीलालजी जैन (नावेड़ा) के ज्येष्ठ पुत्र अंकित जैन का ३२ वर्ष की अल्पायु में शनिवार प्रातः तीव्र हृदयाघात से दुःखद निधन हो गया। वे शुक्रवार शाम अपने मित्रों के साथ नलखेड़ा स्थित शक्तिपीठ बगुलादेवी के दर्शनार्थ गये हुए थे द्य शनिवार प्रातः उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ। उनके मित्र उन्हें तुरन्त नजदीकी अस्पताल ले गये, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मूलतः गादोला निवासी अंकित हँसमुख, मिलनसार, धार्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व के जुझारू युवा थे। वे अपनी मित्र मंडली में लोकप्रिय थे और धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते थे। वे अपने पीछे पत्नी एवं डेढ़ वर्ष की पुत्री सुश्री प्रांशी छोड़ गये हैं। यहां आएगी लोकसभा में बड़ी संख्या में उपस्थित समाज जनों व शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## स्व-गणना अभियान में मंदसौर प्रदेश में प्रथम, जिले में जनगणना का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि जिले में जनगणना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में चार्ज अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण करवाया जाए। उन्होंने बताया कि स्व-गणना अभियान अंतर्गत मंदसौर जिले ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सभी सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा गया कि गर्मी एवं आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए आवश्यक तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित करें। अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर ब्रिगेड एवं अन्य संसाधनों को हमेशा अलर्ट मोड में रखा जाए। जहां कहीं पेयजल की समस्या उत्पन्न हो, वहां तत्काल आवश्यक जल स्त्रोतों का अधिग्रहण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भू-अर्जन के प्रकरण लंबित नहीं रखने एवं ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। बारदान एवं गोदाम की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए।

बताया गया कि 23 मई तक स्लॉट बुकिंग जारी रहेगी। गेहूं परिवहन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो, इसमें किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा भी की गई और अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल 20 को

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

अवैध ई-फामेर्सी, शोषणकारी मूल्य निर्धारण नीति तथा कोविड कालीन आपातकालीन अधिसूचनाओं को लेकर दवा व्यापारियों में भारी आक्रोश है। इसी के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आव्हान पर 20 मई, बुधवार को देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं दवा वितरक एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद रखेंगे।

मंदसौर जिले में भी दवा व्यापार पूर्णतः बंद रहेगा तथा दवा व्यापारी सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। इस विरोध प्रदर्शन के तहत रैली में केमिस्ट ई-गाड़ियों से निकलेंगे। मंदसौर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं सचिव पंकज सुराणा ने बताया कि अवैध ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जिससे एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग किया जा रहा है।

वहीं एआई आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के माध्यम से एंटीबायोटिक्स एवं नशीली दवाओं की अनियंत्रित बिक्री हो रही है, जो एंटी माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसे गंभीर खतरे को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा बड़े कॉरपोरेट संस्थानों द्वारा डीप डिस्काउंट देकर बाजार में अनुचित प्रतिस्पर्धा पैदा करने का आरोप भी लगाया गया है, जिससे छोटे दवा व्यापारियों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है।

एसोसिएशन ने कोविड काल में जारी अस्थायी अधिसूचना और ई-फामेर्सी से संबंधित अधिसूचनाओं को वापस लेने और समान अवसर आधारित नीति लागू करने की मांग की है। संगठन ने आमजन से जरूरी दवाएं एक दिन पूर्व लेकर सहयोग करने की अपील की है।

## हमारे देश के वीर एवं वीरांगनाओं ने किया है पराक्रम -देशपांडे




**जावरा ।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का चल रहे उज्जैन संभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस पर केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने भारत का गौरव शाली व पराक्रम का इतिहास विषय पर बहनों को मार्गदर्शन दिया। दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका वर्ग प्रमुख ज्योति प्रिया शर्मा उपस्थित रही। विहिप के जिला मंत्री तूफान सिंह यादव ने बताया कि विहिप के चल रहे दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में तृतीय दिवस पर सह संगठन महामंत्री देशपांडे ने कहा कि भगवान कृष्ण की नीति शिवाजी की नीति का पालन करने से हम अजय हो जाएंगे। हिंदुओं ने धर्म युद्ध किया। हमारे हिंदुओं ने जितना पराक्रम किया, जितना वीर और वीरांगनाओं ने किया वह किसी भी देश ने नहीं किया। हमारे हिंदू राजाओं ने विलक्षण पराक्रम किया लेकिन उसकी जानकारी हमें नहीं थी। हमारी पुस्तकों में हमारे पराक्रम को छुपाया गया। हमें विजेता नहीं हम जो हारे वही हमें पढ़ाया गया। हमें हमारे गौरवशाली इतिहास को नहीं भुलना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 15 मई से 23 मई 2026 तक निजी स्कूल में चल रहा है। जिसमें पूरे प्रांत से 360 दुर्गा वाहिनी ने भाग लिया।

## 19 मई रात्रि 12 बजे से 20 मई रात्रि 12 बजे तक बंद रहेगा दवा व्यापार

### जिला औषधि विक्रेता संघ का बंद को सफल बनाने का संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

आनलाइन फामेर्सी के विरोध में 20 मई को देश-प्रदेश के साथ रतलाम जिले में भी दवा दुकानें बंद रहेगी। ऑल इंडिया ऑगेर्नाईजेशन ऑफ केमिस्टस एव ड्रगिस्टस ने 19 मई रात्रि 12 बजे से 20 मई रात्रि 12 बजे तक दवा व्यापार बंद रखने का आव्हान किया है। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेगी। जिला औषधि विक्रेता संघ ने आम नागरिकों से १९ मई को ही जरूरी दवाएं खरीदकर असुविधा से बचने का आव्हान किया है।

जिला औषधि विक्रेता संघ अध्यक्ष जय छजलानी एवं सचिव अजय मेहता ने बताया कि एआईओसीडी के आव्हान पर रतलाम जिले की सभी दवा दुकाने आनलाइन बिक्री के विरोध में बंद रहेगी। दवा व्यवसाय आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आता है, इसलिए संघ ने सभी दवा दुकानों पर पोस्टर के माध्यम से बंद की सूचना चस्पा कर आम लोगों से एक दिन पूर्व ही आवश्यक दवाएं खरीद लेने का आव्हान करते हुए बंद को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

उन्होनें बताया कि आन लाइन फामेर्सी के खिलाफ यह संघर्ष किसी व्यापारिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड को रोकने और आने वाली पीढी के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए है। दवा दुकानें बंद रखकर फार्मासिस्ट 20 मई को मरीजों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करने का संदेश देंगे। ये बंद ऑनलाइन दवा बिक्री के साथ अव्यवस्थित नियमों एवं बडे कॉपोरेट हस्तक्षेप के विरोध में किया जा रहा है।

संघ प्रवक्ता अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बंद के दौरान रतलाम में जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा जिला अस्पताल के द्वार पर धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर कलेक्टर को प्रधानमंत्रीजी के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

रेली जेल रोड से आरंभ होगी और लोकेंद्र टाकीज, सैलाना बस स्टैंड, शहर सराय, धानमंडी, नाहरपुरा, कालेज रोड, छत्री पुल, महू रोड फव्वारा चोक होते हुए कलेक्ट्रोरेट पर ज्ञापन देकर विसर्जित होगी । संघ ने सभी दवा विक्रेताओं से बंद को शत-प्रतिशत सफल बनाने का आव्हान किया है।

## कवियों ने कविताओं के जरिए दिया राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर




अखिल भारतीय साहित्य परिषद मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न सेवा कार्यों व विषयों पर आधारित एक विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और हेमासिंह द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद नंदकिशोर राठौर ने परिषद का ध्येय गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि बी.आर. नलवाया ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह काव्य गोष्ठी दिलों में राष्ट्रप्रेम का संचार करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने कविता को कल्पना और विचारों का तालमेल बताते हुए वैश्विक ऊर्जा संकट पर चिंता जताई और तेल मितव्ययिता अपनाने का संदेश दिया। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने स्वयंसेवकों के पथ संचलन पर ओजस्वी पंक्तियां पढ़ीं, वहीं नरेंद्र त्रिवेदी ने भगवा तो भगवा है, हर हाल में फहराएगा के जरिए त्याग और तपस्या का संदेश दिया। समरसता के भाव को रेखांकित करते हुए राजेंद्र तिवारी ने मैं और तुम हम हो जाएं कविता सुनाई, तो राहुल राठौर ने गौ माता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का आह्वान किया। इसके साथ ही सुरेंद्र शर्मा पहलवान, दीपिका किशोरी दाहोद और नरेंद्र भावसार ने कुटुम्ब प्रबोधन व बदलते पारिवारिक रिश्तों पर अपनी रचनाएं व छंद प्रस्तुत किए। पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हेमा सिंह भावसार, दिलीप जोशी और प्रकाश कल्याणी ने प्रकृति बचाने की बात कही। देशप्रेम की भावना को आगे बढ़ाते हुए नरेंद्र सिंह राणावत और राजकुमार अग्रवाल ने भी देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नरेंद्र भावसार ने मंच संचालन किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन नंदकिशोर राठौर च्नादानज द्वारा व्यक्त किया गया।

## सोशल मीडिया की सजगता से पकड़ा गया वर्षों पुराना फरार स्थाई वारंटी

**मंदसौर।** थाना कोतवाली पुलिस ने 9 वर्ष, 11 वर्ष और 15 वर्ष पुराने तीन अलग-अलग प्रकरणों में वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह कामयाबी सोशल मीडिया पर प्रसारित एक खबर के माध्यम से मिली। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राकेश पिता बालुराम राठौर निवासी कालाखेत बालागंज मंदसौर, हाल मुकाम लक्ष्मण कॉलोनी शामगढ़ है। आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2011, 2013 और 2017 के न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों में स्थाई वारंट जारी थे। इस घटनाक्रम की विशेषता यह रही कि सोशल मीडिया के व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म के माध्यम से पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि शामगढ़ में एक व्यक्ति को जबरदस्ती पकड़ने की घटना हुई है। इस सूचना पर थाना शामगढ़ पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। जब पुलिस को पीड़ित का नाम राकेश राठौर होने की जानकारी मिली, तो शहर कोतवाली पुलिस ने शामगढ़ पुलिस से संपर्क कर उसके नाम, पिता का नाम व अन्य रिकॉर्ड का मिलान किया। कोतवाली पुलिस का रिकॉर्ड चेक करने पर पीड़ित ही स्थाई वारंटी पाया गया। कोतवाली पुलिस की टीम तुरंत शामगढ़ पहुंची और आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**"निविदा सूचना"**
**Tender Notice No.: EL81-1-2026-27-03RT2 Date: 15-05-2026. Name of work:** रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप दाहोद एवं कालिडैम पंप हाउस का एनर्जी ऑडिट। Location: सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद –389160 (गुजरात)। **Approximate Cost of the work: ₹5,09,760/-. Date & time of Submission & opening of E-Tender:** Submission Up to 15.00 Hrs on **05.06.2026** and & the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. 0056
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा सुदृढ़ीकरण पुलिस अधीक्षक का व्यापक निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

जिले मे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा को ओर अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिले के राजकीय राज्य मार्ग-31 सहित विभिन्न चिहिन्त ब्लैक स्पॉट्स का विस्तृत निरीक्षण किये जाने का आदेश थाना प्रभारी यातायात को दिया गया । यह निरीक्षण अभियान जिले मे बढ़ती सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं संवेदनशील स्थलो पर आवश्यक सुरक्षा उपायो को सुदृढ़ करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम रहेगा । निरीक्षण के दौरान जिले मे पूर्व से चिन्हित 2 ब्लैक स्पाट्स की समीक्षा की गई, साथ दुर्घटना संभावित को भी चिन्हित किया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित विभागो को निदेर्शित किया गया कि पूर्व मे किये गए परिशोधन कार्यो को ओर अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं सुरक्षित बनाया जाए ताकि दुर्घटनाओ की संभावना न्युनतम हो सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क इंजीनियरिंग, संकेतक व्यवस्था , प्रकाश व्यवस्था तथा वाहन गति नियंत्रण के सभी आवश्यक उपायो को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संभावित दुर्घटना स्थल पर स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं हाई मास्क लाईट लगाई जाना चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कागज रहित व प्लास्टिक मुक्त यात्रा जागरूकताअभियान



**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नीमच और उज्जैन रेलवे स्टेशनों पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य यात्रियों में जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा स्थायी, पर्यावरण अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नीमच स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में हष्टष्ट प्रशिक्षुओं द्वारा यात्रियों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, पर्यावरण संरक्षण के उपायों और डिजिटल टिकट बुकिंग (ऑनलाइन ऐप्स) के माध्यम से कागज रहित यात्रा के लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। यात्रियों को मोबाइल ऐप्स द्वारा टिकट बुक करने, ई-टिकट का उपयोग करने और कागज की बचत के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 62 यात्रियों ने भाग लिया। ऐसे जागरूकता अभियान से रेल परिसर और रेल गाड़ियों में स्वच्छता के प्रति लोग जिम्मेदारी महसूस करेंगे ऐसे कार्यक्रम से स्वछता भावना बढ़ेगी ।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**"ई-निविदा सूचना"**
निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई–निविदाए आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः SnT_RTM_26_07_R_SIGNAL दिनांकः 15.05.2026। कार्य का नामः** रतलाम मंडलः नीमच–चित्तौड़गढ़ डबल लाइन सेक्शन पर शंभुपुरा–गंभीरी रोड स्टेशनों के बीच इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग (आईबीएस) का प्रावधान के शेष कार्य के संबंध में एसएंडटी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹10485790.32/–। **बयाना राशिः** ₹209700.00/–। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 09 माह। **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांकः** 08/06/2026 समय 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः** 08/06/2026 समय 15.30 बजे के बाद। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थानः** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन ई–निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। 0057
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## कस्तूर पवन धाम के पहले चरण में हुए कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा





गुरु कस्तूर पवन धाम के पहले चरण में हुए कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन भवन का भूमि पूजन हुआ ।दूसरे चरण में सामाजिक भवन बनेगा। आयोजन में समाजजन एवं बाहर से आए हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

प्रवर्तक विजय मुनि जी ने कहा कि गुरु की महिमा का जो समागम हुआ वह गुरु के प्रति भक्ति का अनुपम माहौल जो नगर में हुआ वह विकास का प्रतिफल है। उपाध्याय डॉ गौतम मुनि जी ने कहा गुरु का उपकार जावरा वालों पर हुआ है। जिस उत्साह के साथ कस्तूर पवन धाम का प्रथम चरण का कार्य पूरा कर गुरु भक्ति का परिचय दिया। दूसरे चरण के लिए दानदाताओं ने अपनी सहमति देकर गुरु कस्तूर के पति भक्ति का परिचय दिया ।

महासती डॉक्टर कुमुद लता जी ने कहा कि समाज ने स्मारक एवं ग्राम कस्तूर गुरु कस्तूर भवन निर्माण कर गुरु भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया ।

कस्तूर पावन धाम ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश मेहता एवं संदीप राँका ने बताया कि प्रथम चरण में स्मारक निर्माण बसंतीलाल कमल कुमार सुशील विमल अनिल चोपड़ा के सहयोग से हुआ। गुरु हीरा प्रताप भवन के निर्माण में कनकमल सुभाष राजेश धनसुख चोरडिया परिवार प्रथम मंजिल के लाभार्थी मनोहर लाल पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने दिया ।आयोजन समिति ने संत साध्वियों को आदर की चादर भेंट की । ट्रस्ट सचिव सुजान माल को चट्टा नें आभार व्यक्त किया।

नवीन नवीन चपरोड़ परिवार रहे।

अतिथि विधायक डॉ राजेंद्र पांडे ने इस मौके पर कहा कि जावरा पावन धरती है जहां पर गुरु भगंवतो का आशीर्वाद सदा बना रहता है । मंदसौर विधायक विपिन जैन एवं नीमच नगर

## भगवान से निस्वार्थ रूप से परम प्रेम हो जाना ही सच्ची भक्ति है- केशवानंद जी महाराज

**मन्दसौर।** भक्ति प्रेमस्वरूपा होती है अर्थात भक्ति का रूप प्रेम से शुरू होता है। ईश्वर को प्राप्त करने के लिए हमारे शास्त्रों में कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग नामक तीन उपाय बताए।

# राष्ट्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास और संगठन विस्तार का केंद्र बना ब्यावरा, 32 जिलों से पहुंचे स्वयंसेवक

### 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में अनुशासन, वैचारिक प्रशिक्षण और राष्ट्र प्रथम का दिया जा रहा संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।





ब्यावरा एक बार फिर बड़े वैचारिक एवं संगठनात्मक आयोजन का केंद्र बना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग (व्यवसायी प्रशिक्षण वर्ग) का शुभारंभ ब्यावरा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में हुआ। मध्यभारत प्रांत के 32 जिलों से करीब 200 व्यवसायी स्वयंसेवक इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने पहुंचे हैं। 15 दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में प्रतिभागियों को शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वर्ग का शुभारंभ प्रातः 9:45 बजे भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंच पर वर्ग सर्वाधिकारी योगेश गौतम, मध्यभारत प्रांत के प्रांत सह संघचालक एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सेठी, वर्ग कार्यवाह कदम सिंह मीणा तथा सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता के समक्ष नमन कर राष्ट्र निर्माण और संगठन सुदृढ़ीकरण का संकल्प लिया।

यह प्रशिक्षण वर्ग व्यवसायी वर्ग के स्वयंसेवकों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार समाज जीवन में व्यवसायी वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए उनके संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्रभावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह वर्ग आयोजित किया गया है। सुबह 5 बजे से रात 10:30 बजे तक कठोर दिनचर्या प्रशिक्षण वर्ग में शामिल स्वयंसेवकों के लिए अनुशासित और नियमित दिनचर्या निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों का दिन सुबह 5 बजे प्रारंभ होता है और रात 10:30 बजे तक विभिन्न गतिविधियां संचालित होती हैं। इसमें योग, व्यायाम, खेल, शारीरिक प्रशिक्षण, समूह चर्चा, बौद्धिक सत्र, गीत, प्रार्थना, शाखा पद्धति और व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियां शामिल हैं। 15 दिनों तक स्वयंसेवक पूरी तरह वर्ग की अनुशासित जीवनशैली का पालन करेंगे।

#### वर्ग केवल प्रशिक्षण नहीं, स्वयं को गढ़ने का अवसर

मुख्य वक्ता डॉ. राजेश सेठी ने वर्ग में आने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक किसी न किसी उद्देश्य को लेकर यहां आता है। वास्तव में संघ शिक्षा वर्ग व्यक्ति के स्किल डेवलपमेंट, व्यक्तित्व निर्माण और वैचारिक स्पष्टता का केंद्र है। यहां स्वयंसेवक घर-परिवार से दूर रहकर स्वयं को राष्ट्रकार्य के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ कार्य के विस्तार और दृढ़ीकरण के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अच्छे कार्यकर्ता बनने के लिए केवल शारीरिक क्षमता पर्याप्त नहीं, बल्कि बौद्धिक और भावनात्मक विकास भी आवश्यक है। यही कारण है कि संघ शिक्षा वर्ग में तीनों आयामों पर समान रूप से काम किया जाता है। डॉ.सेठी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन का मूल भाव होना चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग स्वयंसेवकों में यही भावना विकसित करता है कि व्यक्तिगत हित से ऊपर राष्ट्रहित को रखा जाए। उन्होंने कहा कि संघ की कार्यपद्धति वैज्ञानिक, अनुशासित और पूर्ण है, जो भारत को परम वैभव तक पहुंचाने में सक्षम है।

#### हिंदुत्व दर्शन पर रखा पक्ष

डॉ. सेठी ने हिंदुत्व विषय पर विस्तार से विचार रखते हुए कहा कि हिंदू विचारधारा विविधता में एकता का संदेश देती है। सत्य एक है, लेकिन विद्वानों ने उसे अलग-अलग मार्गों से समझाया है। भारत में हर व्यक्ति को अपने विचार रखने और मत व्यक्त करने का अधिकार है। यही भारतीय संस्कृति की विशेषता है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज राष्ट्रीय विचार को लेकर चलता है, इसलिए उसके विचार सदैव राष्ट्रहित में होते हैं। जिन मूल्यों और विचारों की रक्षा के लिए व्यक्ति अपने प्राणों का बलिदान तक दे सकता है, वही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बनते हैं।

#### संगठन आदेश नहीं, अपनत्व की भावना

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि संगठन शब्द केवल आदेश देने वाली व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह अपनेपन, समर्पण और ध्येय निष्ठा पर आधारित व्यवस्था है। जब व्यक्ति स्वयं को राष्ट्र का अंग मानकर कार्य करता है, तभी सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होता है।

# भाजपा के स्वागत कार्यक्रम में जेबकटी नेताओं की जेब से हजारों रुपए हुए पार

### कार्यक्रम में छोटा बच्चा पकड़ाया, रुपए लेकर छोड़ने की चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर




भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के नगर आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान जेबकटी की घटना सामने आने से स्वागत स्थल पर हड़कंप मच गया। भीड़भाड़ और स्वागत की भागदौड़ के बीच सक्रिय जेबकट गैंग ने भाजपा नेताओं सहित कई लोगों की जेब काटकर हजारों रुपए निकाल लिए। जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के स्वागत के लिए नगर में दो स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

पहला स्वागत कार्यक्रम गुमान सिंह कजलास के निवास पर हुआ जबकि दूसरा स्वागत मंडी गेट स्थित महावीर जैन सालरिया की दुकान पर किया गया। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक मौजूद थे। स्वागत के दौरान फूलमालाओं और भीड़भाड़ के बीच जेबकट गैंग ने मौका पाकर कई लोगों को अपना निशाना बना लिया। बताया जा रहा है कि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सजन सिंह कलारिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दिलीप जैन सहित अन्य लोगों की जेब से नकदी गायब हो गई। कुछ लोगों को मौके पर ही अपनी जेब कटने का पता चला, जिसके बाद कार्यकताओं और नेताओं ने संदिग्ध लोगों की तलाश शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान एक छोटे बच्चे को पकड़ लिया गया जो राजस्थान क्षेत्र का बताया गया। बच्चे को पूछताछ के लिए नगर परिषद कार्यालय ले जाने की चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार बच्चे के माध्यम से कथित जेबकट गैंग के अन्य सदस्यों से फोन पर संपर्क किया गया। इसके बाद करीब 21 हजार 500 रुपए डलवाए जाने की बात सामने आई। चर्चा है कि रुपए मिलने के बाद बच्चे को छोड़ दिया गया। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच काफी देर तक चचाओं का दौर चलता रहा। लोगों का कहना था कि भीड़भाड़ वाले आयोजनों में बाहरी जेबकट गैंग सक्रिय हो जाती हैं और मौके का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देती हैं। वहीं घटना के बाद कई लोगों ने आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता भी जताई।

घटना के बाद लोगों में चर्चा रही कि पकड़े गए बच्चे को पुलिस थाने ले जाया जाता तो जेबकट गैंग के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सकता था। लोगों का कहना था कि बच्चे के माध्यम से गैंग से संपर्क भी हुआ था, ऐसे में पुलिस कार्रवाई होती तो भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकती थी। वहीं मामले को लेकर नगर में दिनभर चचाओं का दौर चलता रहा।

# 3 गांवों में आबकारी विभाग की दबिश, जलती हुई भट्टी नष्ट

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त आबकारी ग्वालियर संभाग संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई की गई।

आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया के नेतृत्व में ग्राम पीपलखेड़ी, भिदरा एवं हरिपुर में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम हरिपुर में एक जलती हुई भट्टी संचालित अवस्था में पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)अ एवं 34(1)ऋ के तहत कुल 03 प्रकरण दर्ज किए गए। टीम द्वारा 20 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं लगभग 400 किलोग्राम गुड़ लाहन जब्त किया गया। लाहन की अधिक मात्रा एवं परिवहन में असमर्थता के कारण आवश्यक सैंपल लेकर शेष लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 22 हजार रुपये बताया गया है।

उक्त कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर, अरुण कुमार शर्मा, गोविंद सिंह मीणा तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई जारी रखी जा रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण 25 तक कर सकेंगे दावा-आपत्ति

**ब्यावरा-राजगढ़।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम के अनुसार फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। उक्त मतदाता सूची प्रत्येक नगरीय निकाय एवं पंचायतों में विहित स्थानों पर आम नागरिकों के अवलोकन हेतु रखी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची में छूटा हो अथवा किसी प्रकार का संशोधन कराना हो, तो संबंधित प्राधिकृत केंद्र पर 25 मई, 2026 तक दावा - आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।

### राजगढ़ जिले में बिजली विभाग की मनमानी

# अंधेरे और मच्छरों के साये में कट रही ग्रामीणों की रातें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में भीषण गर्मी और उमस के बीच विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली अब आम जनता के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र मलावर में बिजली कटौती ने विकराल रूप ले लिया है। दिन भर बार-बार की कटौती तो ग्रामीण जैसे-तैसे बर्दाश्त कर रहे थे, लेकिन अब रात्रि के समय घंटों बिजली गुल रहने से लोगों का धैर्य जवाब दे गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन के समय काम-काज के चलते कटौती किसी तरह झेल ली जाती है, लेकिन रात होते ही विभाग अपनी मनमानी पर उतारू हो जाता है। उमस भरी गर्मी में बिना पंखे के बैठना दूभर है, ऊपर से मच्छरों के प्रकोप ने बच्चों और बुजुर्गों की नींद हराम कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर विभाग रात में बिजली काटकर क्या साबित करना चाहता है ? क्षेत्र की जनता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता अब जनता की तकलीफों पर मौन धारण किए हुए हैं। सत्ता और विपक्ष, दोनों ही इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे बैठे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि नेताओं को सिर्फ वोट से मतलब है, चुनाव जीतने के बाद जनता जाए भाड़ में।

बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने इसे खुलेआम लूट करार दिया है।

### शुजालपुर में बिना अनुमति के लाखों की आतिशबाजी का भंडारण

# देवास घटना के बाद प्रशासन ने कार्यवाही कर स्थल को सील किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



देवास के टोककला में तीन दिवस पूर्व हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के बाद स्थानीय अमला भी एक्शन में आया। रविवार को राजस्व व पुलिस विभाग से संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दो स्थानों सील किया। जहां से बडी मात्रा में बिना अनुमति के अवैध पटाखों का भंडारण मिला।

मिली जानकारी अनुसार रायपुर रोड पर स्थित एक मकान में की गई कार्यवाही में यहां से तीन-चार बक्से पटाखों के मिले, उधर पचोर रोड पर बडी मात्रा में आतिशबाजी का भंडारण मिला, जिस स्थल पर यह आतिशबाजी रखी गई थी वह स्थल 220 विद्युत ग्रीड के काफी नजदीक है, यदि यहां पर कोई आतिशबाजी चल जाए तो बडी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। यह परिसर जैन का बताया जा रहा है, जहां पर लाखों रुपए के पटाखे मिले। जांच करने पहुंचे दल को संबंधित व्यक्ति किसी भी प्रकार की अनुमति, लायसेंसा या वैधानिक दस्तावेज नहीं दिखा पाया। बिना सक्षम अनुमति और बिना लायसेंस के लाखों रुपए के पटाखा भंडारण को देख दल में शामिल अधिकारी भी चौक गए। इस कार्यवाही के दौरान एसडीएम राजकुमार हलदर, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक सहित अन्य मौजूद थे। एसडीएम हलदर ने बताया कि बिना अनुमति और लायसेंस के पटाखों का भंडारण मिला है, संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है और परिसर को सील किया गया।



## मनुष्य जन्म चिंतामणि रत्न के समान है - मुनिराज डॉ संयम रत्न विजय जी म. सा.

**महिदपुर रोड ।** जैन समाज के संत मुनि डॉ संयम रत्न विजय म सा एवं भुवनरत्न विजय म सा आदि ठाणा का मंगल प्रवेश हुआ समाज जनों ने पूज्य गुरुदेव की गहुली कर आशीर्वाद प्राप्त किया दिन में आपके ज्ञान मंदिर में प्रवचन हुए कहा कि मनुष्य जन्म चिंतामणि रत्न के समान है यह हमें दोबारा प्राप्त होना दुर्लभ है व्यक्ति मुट्ठी बांध के आता है और जाते समय हाथ पसारे जाता है किसी से वेरभाव नहीं रखना चाहिये जिसे श्रद्धापूर्वक शांत भाव से धारण किया जाये वही धर्म है संसार सागर में तिरने के लिये जिनेंद्र भक्ति यानि परमात्मा भक्ति की ही एकमात्र उपाय है जो नाव के समान हमें संसार सागर से पार लगाती है किसी भी धर्म उपदेश का सार आत्मा को उज्जवल एवं निर्मल बनाना है। हमें जीवन में तन को नहीं मन को सजाना है तन तो नश्वर है। सा धार्मिक भक्ति का लाभ पारसमल निलेश कुमार रितेश कुमार भंडारी परिवार द्वारा लिया गया।जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया पूज्य गुरुदेव का आगामी चातुर्मास कानपुर उत्तर प्रदेश में होगा। जहां उनका मंगल प्रवेश 22 जुलाई को होगा। प्रवचन के दौरान पूज्य मुनि श्री के सांसारिक पिता नंदलाल का बहुमान सकल जैन श्री संघ द्वारा किया गया। मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ, श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरड़िया, नव युवक, महिला, बहू, तरुण बालिका परिषद ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## नीट मुद्दे और महंगाई के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस



**सुसनेर।** नीट परीक्षा में कथित धांधली, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार के विरोध में रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस द्वारा नगर में मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए युवाओं और आमजन की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। मशाल जुलूस डाक बंगला चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ स्टेट बैंक चौराहे तक पहुंचा। हाथों में मशाल और तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ियों से लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है, जिससे युवाओं में आक्रोश है। वक्ताओं ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आमजन परेशान हैं। साथ ही बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर भी सरकार को घेरते हुए कांग्रेस नेताओं ने जनता की आवाज उठाने का दावा किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चितरंजन सिंह, कांग्रेस नेता फकीर मोहम्मद खान, अर्जुन सिंह गोपालपुरा, बाबूलाल बंसिया, आशिक बोहरा, दीपक भावसार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. मोहसिन खान एवं युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बंशी मेघवाल (नादना) ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## वन परिक्षेत्र राघोगढ़ के ईशाटोडा बीट में सागौन के दर्जनों पेड़ों की कटाई



**गुना/राधौगढ़।** जंगलों की कटाई रोकने और पर्यावरण को बचाने में वन विभाग के कर्मचारी लापरवाह नजर आ रहे हैं समझ नहीं आता कि किस बात की तनख्वाह हर महीने ले रहे हैं। वन विभाग अंतर्गत जंगलों की अवैध कटाई से पर्यावरण का गंभीर नुकसान हो रहा है। इसके परिणाम स्वरुप मिट्टी का कटाव, वर्षा में कमी, जलवायु आसंतुलन और जैव विविधता का हास होता है साथ ही इससे वनजीव अपना प्राकृतिक आवास खो देते हैं और क्षेत्र में मानव वनजीव संघर्ष की घटनाओं में लिप्त हो जाते हैं। दरअसल आपको बता दें की वन विभाग वन परिक्षेत्र राघोगढ़ के प्रभारी रेंजर सचिन गुप्ता की कहे या फिर कार्यवाही वनपाल डिप्टी राजेश धाकड़ की। बीट ईशाटोडा में खेराई के समीप सागौन के दर्जनों वृक्षों को काटकर नष्ट कर दिया गया है और जंगल काटने वालों पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वन विभाग की जिम्मेदारों को पता ही नहीं या फिर कहा जा सकता है कि उनके संरक्षण में ही यह जंगलों की कटाई जारी है और यह कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं वृक्षों को काटना एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में वनरक्षक रेंजर , डिप्टी, बीटगार्ड की मिली भगत की जांच होनी चाहिए जो कि भारतीय वन अधिनियम 1927 वृक्ष संरक्षण नियमों के तहत दोषी हैं। जंगलों की हिफाजत ठीक से नहीं कर पाने में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण एनजीटी भी चाहे तो इस मामले को संज्ञान में लेते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर सकती है।

## उपार्जन कार्यों में तेजी लाने हेतु दिए निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़** ,राजगढ़ कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिले में संचालित उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन उपार्जन केंद्रों पर किसानों के स्लॉट कम शेष हैं, वहां से कांटे एवं लेबर को उन उपार्जन केंद्रों पर तत्काल शिफ्ट किया जाए, जहां किसानों के स्लॉट अधिक संख्या में लंबित हैं, ताकि उपार्जन कार्य सुचारू रूप से एवं समय-सीमा में पूर्ण हो सके। उपार्जित गेहूं के उठाव कार्य में तेजी लाई जाए तथा परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए।

## आबूनाथ महादेव मंदिर में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**महिदपुर रोड।** ग्राम मंडावल तथा आबूपुरा के मध्य स्थित आबू नाथ महादेव मंदिर में 17 मई रविवार से श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुई प्रथम दिन ग्राम मंडावल तथा आबूपूरा से कलश यात्रा निका ली गई इसमें बड़ी संख्या में महिला ओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लिया आयोजन समिति के सदस्यों की जानकारी श्रीमद् भागवत कथा में यज्ञ आचार्य पंडित महेश त्रिवेदी रहेंगे जबकि श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता पंडित दीपक उपाध्याय लसूडिया मंसूर के मुखारविंद से हो रही है। रोजाना दोपहर 12 से 3 के बीच होने वाली श्रीमद् भागवत क था का समापन 23 मई को गंगा जल कलश यात्रा यज्ञ की पूणार्हुति महाआरती तथा महा प्रशादी के साथ संपन्न होगा अंतिम दिवस श्री मद् भागवत कथा पोथी तथा भागवत कथा प्रवक्ता पंडित उपाध्याय की शोभा यात्रा दोनों गांवों में संयुक्त रूप से निकाली जायेगी

## आबूपुरा में तीन दिवसीय नानी बाई के मायरे की कथा का आयोजन



**महिदपुर रोड।** समीप के ग्राम आबुपूरा में स्थित आबू नाथ महादेव मंदिर में तीन दिवसीय नानी बाई के मायरे की कथा का आयोजन सोमवार से प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कथा प्रवक्ता छोटी बहिन निकिता श्याम प्रिया जी के मुखारविंद से मंदिर परिसर में रोजाना रात्रि 8 से 11:30 बजे के बीच नानी बाई के मायरे की कथा का वाचन होगा ।

## महिदपुर में अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त



**महिदपुर।** मप्र शासन के विधि एवं विधायी कार्य विभाग, भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार अभिभाषक संघ महिदपुर के वरिष्ठ सदस्य नारायण सिंह डोडिया को महिदपुर तहसील का अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 18(3) के तहत एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए की गई है। नियुक्ति पर अभिभाषक संघ एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी।

### आबकारी अधिनियम की धज्जियां उड़ाता शराब ठेका

## सरकार भीषण गर्मी में पानी की चिंता छोड़ शराब ठेका खुलवाने में लगी

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले का ब्यावरा शहर विगत कई वर्षों से भीषण पैयजल संकट को झेल रहा है। कई सरकारे आई और चली गई मगर आज भी ब्यावरा शहर की भीषण पेयजल अव्यवस्था जस की तस बनी हुई है। नपा परिषद ब्यावरा के द्वारा शहर में करीब 10 से 15 दिन में एक बार पेयजल सप्लाई किया जा रही। पेयजल संकट से निपटने के लिए वर्तमान भाजपा सरकार को पानी की टंकी का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराना चाहिए मगर टंकी निर्माण में बजट की आवश्यकता होती है और वर्तमान भाजपा सरकार बजट की अपेक्षा पहले राजस्व आय ढूंढती है इसलिए आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित वार्ड क्रमांक 07 रेलवे स्टेशन रोड पर हाईवे से करीब 50 फीट दूर आबकारी अधिनियम की धज्जियां उड़ाते हुए देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकान खुलवाने में अधिक ध्यान दिया गया उक्त वाइन शॉप से आसपास रहने वाले लोगों को असहजता महसूस हो रही। वाइन शॉप के ठीक सामने बस स्टॉप पर रेलवे स्टेशन से आने जाने वाले यात्रियों एवं बस यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। वाइन शॉप के पीछे टीन सेट के बने आहतों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। भीषण गर्मी के चलते बस और रेल यात्रियों के कंठ तर करने हेतु ठंडा शीतल पैयजल की आवश्यकता होती है इसलिए उक्त स्थान पर प्याऊ खोलवाना चाहिए था या फिर छोटे छोटे बच्चों के लिए दूध डेयरी का इंतजाम करवाना चाहिए था। मगर इनसे सरकार को कहां राजस्व आय होती, राजस्व आय का सबसे बड़ा स्त्रोत तो वाइन शॉप है फिर वह चाहे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ही क्यों ना हो।

## प्रथम नगर आगमन पर पंकज जोशी का जगह-जगह स्वागत




**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी के प्रथम नगर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाजजनों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पुष्पमालाओं व अंगवस्त्र से उनका अभिनंदन किया। नगर भ्रमण के दौरान जोशी ने ई रिक्शा से विभिन्न स्थानों का दौरा कर कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों एवं नागरिकों से आत्मीय भेंट की। उन्होंने सेवा सदन शाखा शुजालपुर द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में पहुंचकर सेवा कार्यों की सराहना की और मानव सेवा को सच्ची ईश्वर सेवा बताया। परशुराम चौराहे पर सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं परशुराम सेना द्वारा उनका स्वागत किया गया। वहीं विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर प्रवास के दौरान जोशी ने भाजपा वरिष्ठजनों एवं संघ पदाधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की तथा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक नायक एवं पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष संजय जाधव के यहां पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। भोपाल रवाना होने से पूर्व वे ग्राम किसोनी पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले।

# हेल्दी हार्ट के लिए नई डाइट गाइडलाइन

## जितनी कैलोरी उतनी एक्टिविटी



दिल की बीमारियों की शुरूआत जीवन के शुरूआती दौर से ही हो सकती है इसलिए गर्भावस्था के समय मां का खानपान, बचपन की डाइट और परिवार की खाने की आदतें लंबे समय तक हार्ट हेल्थ को प्रभावित कर सकती हैं। बच्चों में एक साल की उम्र से ही हेल्दी खाने की आदतें डालने की सलाह दी जाती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने हार्ट हेल्थ के लिए डाइट गाइडलाइन बताई हैं जिसके मुताबिक फल, सब्जियां, साबुत अनाज, हेल्दी प्रोटीन, नॉन-ट्रॉपिकल प्लांट ऑयल्स जैसे सोयाबीन, कैनोला और ऑलिव ऑयल, और कम प्रोसेस्ड फूड्स खाने से हार्ट की सेहत अच्छी रहती है।

### सब्जियां और फल खाएं

फल और सब्जियां शरीर को जरूरी विटामिन, मिनरल्स और पोषक तत्व देते हैं। जूस की तुलना में साबुत फल ज्यादा फायदेमंद माने जाते हैं क्योंकि उनमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। फाइबर पाचन को बेहतर बनाने और दिल की सेहत को सपोर्ट करने में मदद करता है।

### साबुत अनाज वाली चीजें खाएं

ओट्स, ब्राउन राइस, क्विनोआ, जौ जैसे साबुत अनाज में फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो लोग नियमित रूप से साबुत अनाज खाते हैं, उनमें हृदय रोग, कोरोनरी हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, टाइप 2 डायबिटीज और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा कम हो सकता है।

हार्ट को हेल्दी रखने के लि जितनी कैलोरी लें उतना ही फिजीकल एक्टिवीटी भी करें। इसके साथ ही हार्ट को हेल्दी रखने के लिए डैश डाइट, मेडिटेरेनियन डाइट और वेजिटेरियन डाइट लें। इससे हेल्दी वजन बनाए रखने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद मिलेगी।



### प्रोटीन के हेल्दी स्रोत खाएं

दालें, बीन्स, मटर और मसूर जैसी दाल, साथ ही नट्स प्रोटीन के अच्छे स्रोत माने जाते हैं। इनमें अनसैचुरेटेड फैट और फाइबर भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। नट्स से भरपूर डाइट से भी हार्ट डिजीज और समय से पहले मृत्यु का खतरा कम होता है। सैचुरेटेड फैट की जगह हेल्दी अनसैचुरेटेड फैट विकल्प जैसे पॉलीअनसैचुरेटेड फैट जैसे विकल्प चुनें। नारियल का तेल, कोकोआ बटर, पॉम ऑयल में सैचुरेटेड फैट की मात्रा ज्यादा होती है। इसके बजाय कैनोला ऑयल, ऑलिव ऑयल जैसे हेल्दी विकल्प चुनें।

कम प्रोसेस्ड खाना खाएं- हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए अल्ट्राप्रोसेस्ड फूड्स के सेवन से बचें। इनमें सोडियम और एडड शुगर की मात्रा ज्यादा होती है। इसके बजाय कम प्रोसेस्ड फूड्स को चुनें।

# जौ या चना सत्तू - वजन कम करने के लिए क्या है बेस्ट?

**मौसम चाहे जो भी हो वेट लॉस करने का लक्ष्य रखने वाले लोग हर बदलते मौसम में हेल्दी के साथ उन फूड्स की ओर रुख करना पसंद करते हैं, जो वजन कम करने में मदद कर सकें। वजन कम करने के लिए सही डाइट लेना हर मौसम में जरूरी होता है।**



इसी तरह गर्मी के मौसम में लोग सत्तू का सेवन करना बेहद पसंद करते हैं। सत्तू एक पारंपरिक और पौष्टिक फूड होता है, जो वजन कम करने में काफी प्रभावी माना जाता है। हालांकि, लोग अक्सर कंफ्यूज रहते हैं कि वजन कम करने के लिए जौ या चना सत्तू क्या फायदेमंद होता है?

चना सत्तू शरीर के लिए एक बॉडी बिल्डिंग फूड के रूप में काम करता है। यह बल्य यानी ताकत देने वाला फूड होने के साथ पुष्टिकर यानी न्यूट्रिशियस, रसायन (शरीर को पोषण देने वाला) और वाजीकर (ऊर्जा बढ़ाने वाला) होता है। चना सत्तू में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है, जो मांसपेशियों को बनाने और शरीर को ताकत देने में मदद करता है। इसलिए, जो लोग शरीर बनाना चाहते हैं या कमजोरी महसूस करते हैं, उनके लिए चना सत्तू एक अच्छा ऑप्शन होता है। जौ का सत्तू स्ट्रॉन्ग एंटी-लिपिडेमिक गुणों से भरपूर होता है यानी यह हमारे शरीर की मेद धातु पर सीधे काम करता है और उसे कम करने में मदद करता है।

### जौ या चना सत्तू- वजन घटाने के लिए क्या है बेहतर?

जौ और चना सत्तू दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। अगर आपका मुख्य लक्ष्य वजन कम करना है तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार जौ का सत्तू ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। यह शरीर की चर्बी को कम करने के साथ-साथ गर्मी के मौसम में आपके शरीर को भी ठंडक देता है, जिससे आपको अच्छा महसूस होता है।



Sport

# बेंगलुरु को प्लेऑफ का टिकट

## पंजाब को 23 रन से हरा लगातार तीसरी जीत दर्ज की

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु रविवार को आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई। टीम ने शुरूआती चरण में अजेय रहने वाली पंजाब किंग्स की टीम को 23 रन से हराकर शाही अंदाज में नौवीं जीत दर्ज की। लगातार छठी हार के साथ पंजाब की अंतिम चार में जगह बनाने की उम्मीदों का झटका लगा है।

बेंगलुरु ने वेंकटेश (73 नाबाद) की कोहली (58 ) के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 और डेविड (28) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 222 रन बनाए। फिर भुवनेश्वर और रसिख की कहर बरपाती गेंदों से पंजाब को आठ विकेट पर 199 रन पर रोक दिया। बेंगलुरु की यह लगातार तीसरी जीत है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पंजाब की शुरूआत खराब रही। मात्र 19 रन पर उसके दोनों ओपनर और कप्तान श्रेयस पवेलियन में थे। इनमें से आर्य खाता भी नहीं खोल पाए। भुवनेश्वर ने आर्य को मिडविकेट पर शेफर्ड के हाथों कैच कराया। फिर उनके अगले ओवर में प्रभसिमरन भी स्लिप में पडिक्कल को कैच दे बैठे। रसिख ने अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर श्रेयस को जितेश के हाथों कैच करा दिया।

कोनोली (37) और शेडगे (35) भी बड़ी पारियां नहीं खेल पाए। शेफर्ड की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कोनोली डीप मिडविकेट पर बेथेल के हाथों लपके गए। शेडगे ने सुयश पर छक्का मारा लेकिन फिर इस लेग स्पिनर की गेंद पर लॉन्ग ऑफ पर कोहली को कैच दे बैठे। टीम का स्कोर पांच विकेट पर 93 रन हो गया। शशांक (56) ने सुयश पर तीन छक्कों के साथ रन गति को बढ़ाया। बेथेल ने क्रुणाल की गेंद पर स्टोइनिस (37) का कैच टपकाया। पंजाब को अंतिम पांच ओवर में 77 रन की दरकार थी। हेजलवुड ने स्टोइनिस को एलबीडब्यू कर छठे विकेट के लिए शशांक के साथ 67 रन की साझेदारी का अंत किया। शशांक ने भुवनेश्वर पर दो चौकों से अर्धशतक पूरा किया। रसिख ने अंतिम ओवर में शशांक को कोहली के हाथों कैच कराके बेंगलुरु की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले बेंगलुरु ने पावरप्ले में एक विकेट पर 61 रन ठोक दिए। टीम ने तीसरे ओवर में ही बेथेल का विकेट गंवा दिया।

### कोनोली ने जयसूर्या का 18 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

कूपर कोनोली अपने पदार्पण आईपीएल में ही सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन छक्के जड़े। कोनोली ने 32 छक्कों के साथ सनत जयसूर्या (31 छक्के, 2008) का 18 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैक फ्रेजर (28 छक्के) तीसरे नंबर पर हैं।

### कोहली नौवीं बार 500 के पार

कोहली ने नौवीं बार एक सत्र में आईपीएल में 500 प्लस रन बनाए। वह 164.74 की स्ट्राइक रेट से 542 रन बना चुके हैं। इसमें एक शतक और चार अर्धशतक हैं। यह लीग में रिकॉर्ड है। डेविड वॉर्नर और केएल राहुल ने सात-सात बार ऐसा किया है।

## बांग्लादेश ने शिकंजा कसा

**सिलहट।** तैजुल इस्लाम और नाहिद राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविवार को पाकिस्तान को पहली पारी में 232 रन के स्कोर पर समेट दिया। फिर स्टंप्स के समय तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 110 रन बना लिए थे।

# हैरी केन बने बुंडेसलिगा के बादशाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड के फुटबॉल कप्तान हैरी केन जर्मनी पहुंचने के बाद से पिछले तीन साल में दे दनादन गोल दागने के साथ ही नए कीर्तिमान भी बना रहे हैं। यह स्टार स्ट्राइकर बुंडेसलिगा का नया किंग बन गया है।

32 वर्षीय हैरी बुंडेसलिगा में अपने शुरूआती दिन सत्र में लगातार तीन बार शीर्ष स्कोरर का अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उनके प्रदर्शन से टीम इस बार सिर्फ एक मैच हारकर चैंपियन बनी। हैरी की सत्र की चौथी हैट्रिक से म्यूनिख ने शनिवार को कोलोन पर 5-1 से जीत से अभियान खत्म किया। हैरी ने खिताबी सफर में 36 गोल किए। यह लीग के इतिहास में एक सत्र में दूसरे सर्वाधिक गोल है। रिकॉर्ड रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (41 गोल, 2020-21) के नाम है।

### रोनाल्डो का सऊदी में ट्रॉफी जीतने का इंतजार बढ़ा

रियाद (सऊदी अरब)। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सऊदी अरब में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंतजार और गया है। शनिवार रात एशियाई चैंपियंस लीग दो के फाइनल में रोनाल्डो का क्लब अल नस्र जापान के गांबा ओसाका से 0-1 से हार गया। पांच दिन पहले अल नस्र लीग जीतने से कुछ ही सेकंड दूर था, पर स्टॉपेज टाइम के अंतिम पलों में आत्मघाती गोलसे उसका इंतजार बढ़ गया। अब गुरुवार को अंतिम चरण के मैच से विजेता का फैसला होगा।

## सात्विक-चिराग खिताब चूके

**बैंकॉक।** सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी रविवार को थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन के तीसरे खिताब से चूक गई। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए पर उन्हें इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 12-21, 23-25 से हार झेलनी पड़ी। सात्विक और चिराग ने 2019 और 2024 में यह खिताब जीता था। यह भारतीय जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी उपविजेता रही थी।

ए-वन मेरिज ब्यूरो
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### घर के बाहर बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में सीने-पीठ और जांघ में लगा चाकू

**इंदौर।** युवक पर चाकू से हमला करने का वीडियो सामने आया। इसमें आरोपी युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला करता नजर आ रहा है। आरोपी एक के बाद एक युवक पर कई वार करता दिख रहा है। हमले में युवक को चाकू के चार वार लगे हैं। घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया है। इधर, पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। ये घटना रविवार रात को एमआईजी थाना क्षेत्र के देव नगर की है। एमआईजी टीआई सीबी सिंह ने बताया कि यहां पर रहने वाले अमित बौरासी ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। यहां पर गौतम यादव जो कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला है, वह अपनी मां से झगड़ा कर देव नगर में अपने चाचा के घर रहने आ गया था। जब अमित ने यादव परिवार के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी तो गौतम ने उसे मना किया। इस बात पर उनका विवाद हो गया। टीआई सीबी सिंह ने बताया कि उनके बीच में विवाद बढ़ता चला गया। इसके बाद आरोपी गौतम घर से चाकू लाया और अमित पर ताबड़तोड़ एक के बाद एक कई वार कर दिए। घटना में अमित को चाकू के चार वार लगे। दो वार जांघ पर, एक सीने के पास और एक पीठ पर लगा है। घटना के बाद उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में टीआई का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी पर दो से तीन आपराधिक मामले में दर्ज है।

### इंदौर में पांचवीं मंजिल से गिरे जूनियर डॉक्टर की मौत

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में रविवार देर रात एक पीजी डॉक्टर की मौत हो गई। डॉक्टर का शव हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से गिरने के बाद परिसर में मिला। पुलिस आत्महत्या और हादसा, दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे एमजीएम बॉयज हॉस्टल परिसर के ब्लॉक नंबर-5 के पास डॉक्टर का शव मिला। घटना के बाद हॉस्टल परिसर में सनसनी फैल गई। डॉ. अमन पटेल (30) मेडिसिन विभाग में फाइनल ईयर के 2023 बैच के पीजी स्टूडेंट थे। कुछ महीनों में उनका पीजी कोर्स पूरा होने वाला था। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई जबलपुर से की थी। वह जबलपुर के ही रहने वाले थे। पिता का नाम सुशील पटेल है। सूचना मिलते ही संयोगितागंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या और हादसा दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बताया कि डॉ. अमन पटेल शांत, होनहार और समर्पित छात्र थे। उनके निधन से कॉलेज और चिकित्सा क्षेत्र में शोक का माहौल है। डॉक्टर अमन पटेल के दोस्त डॉक्टर प्रकल्प गुप्ता ने बताया कि अमन मेरा बहुत अच्छा दोस्त था। सुबह ही मुझे घटना के बारे में पता चला तो बहुत दुख हुआ। हम दोनों ने जबलपुर से एमबीबीएस साथ ही किया था। अमन प्रोफेशनली बहुत साउंड और शांत स्वभाव का था। विश्वास नहीं होता कि वह अब इस दुनिया में नहीं है।

### पानी की समस्या को लेकर लोगों का हंगामा, टंकी पर पहुंचकर हाईड्रेंट तोड़ा

**इंदौर।** तपेश्वरी बाग में पानी की टंकी पर लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों का कहना था उन्हें पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वह रहवासी शिकायत लेकर पहुंचे तब पानी की समस्या को लेकर एमआईसी मेंबर, पार्षद प्रतिनिधि सहित निगम के अधिकारी बैठक कर रहे थे। वे भी यही समाधान तलाशने की कोशिश कर रहे थे कि पानी की समस्या का कैसे निराकरण करें। बैठक के बीच लोग अपनी समस्या लेकर पहुंच गए। जिसके बाद वहां मौजूद एमआईसी मेंबर और अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया। आश्वासन देने के बाद एमआईसी मेंबर व अन्य लोग वहां से चले गए। मगर रहवासी वहीं डटे रहे। उन्होंने पानी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान एक व्यक्ति ने पानी की टंकी में पानी है या नहीं यह चेक करने के लिए पानी की टंकी की सीढ़ियों से ऊपर जाने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे रोक दिया। इधर, गुस्साए लोग पानी को लेकर परेशान थे। इस बीच कुछ लोगों की टैंकर चालकों से विवाद भी हो गया। वहीं कुछ लोगों ने वहां लगा हाईड्रेंट भी तोड़ दिया। हंगामा बढ़ने पर खजराना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद मामला शांत हुआ। इधर, जोन क्रमांक 8 के सहायक यंत्री शरद सोहनी की थाने में शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने हाईड्रेंट तोड़े जाने की बात लिखी है। उन्होंने यह भी लिखा है कि किसने हाईड्रेंट को नुकसान पहुंचाया इस संबंध सीसीटीवी कैमरा या अन्य साधन नहीं होने से कोई जानकारी नहीं मिली है। वहीं पुलिस शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर रही है।

### सुरक्षा मानकों में मिली गंभीर लापरवाही इंदौर में तीन पटाखा फैक्ट्रियां सील



**इंदौर।** देवास जिले में हुई पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने इंदौर में संचालित पटाखा गोदामों और फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को प्रशासनिक टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा मानकों में गंभीर लापरवाही मिलने पर तीन पटाखा फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इनमें दातोदा स्थित लक्ष्मी फायर वर्क एंड इंडस्ट्री, सिमरोल की सतनाम फायर वर्क और घोसीखेड़ा की फटका मैन्युफैक्चरिंग इकाई शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम और एसडीओपी महू ने संयुक्त रूप से इन इकाइयों का निरीक्षण किया। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि फैक्ट्रियों में शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिनमें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव, निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन और मजदूरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होना शामिल है। प्रशासन ने इसे गंभीर खतरा मानते हुए तीनों इकाइयों को तत्काल सील करने की कार्रवाई की। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों की जांच की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

### इंदौर में फिर बढ़ी गर्मी की तपिश, अस्पतालों में लू और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े

**इंदौर।** इंदौर में दो दिनों तक तापमान में गिरावट के बाद गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान कम होने के बावजूद उमस और तपिश बनी हुई थी, वहीं रविवार को पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से लोग दिनभर परेशान रहे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। शनिवार को दिन का तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। रविवार को सुबह 11 बजे से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर शुरू हो गया, जो शाम 5 बजे तक बना रहा। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग पसीने से तरबतर रहे। छुट्टी का दिन होने के बावजूद घरों में भी गर्मी से राहत नहीं मिली। हालात ऐसे रहे कि पंखों का असर भी कम नजर आया। तेज गर्मी और धूप के कारण लू और डिहाइड्रेशन के मामलों में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सरकारी एमवायएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव के मुताबिक, ओपीडी में डिहाइड्रेशन, शरीर दर्द और तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। उन्होंने बताया कि तापमान बढ़ने से लोगों को चक्कर आना, उल्टी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं।

### ड्राइवर को झपकी आई और बाइक पर चढ़ गया टैंकर, मासूमों ने मौके पर दम तोड़ा

# टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर से तीन लोगों की दर्दनाक मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर







धार रोड स्थित हाईलिंक कॉलोनी के सामने सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक मां और उसके दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के छह लोग (तीन वयस्क-तीन बच्चे) एक ही बाइक पर सवार होकर पगड़ी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसा इतना भयावह था कि दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही चंदन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। दोनों बच्चों के शव जिला अस्पताल भेजे गए, जबकि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया।

मृतकों के परिजन लखन देवड़ा ने बताया कि उनका बड़ा बेटा अशोक देवड़ा (30), बहू अनिता देवड़ा (28), उनके बच्चे वैष्णवी उर्फ वेशू (4), रोहन (2), संतोषी (1) और भांजा राजेश बाइक पर सवार होकर औरंगपुरी से देवास जिले के बबलू ग्राम बेसन कांटाफोड़ जा रहे थे। परिवार मूल रूप से देवास जिले के उदयनगर का रहने वाला है। अनिता के भाई के निधन के बाद आयोजित पगड़ी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी निकले थे। अशोक देवड़ा ए-1 प्लस डोर प्लाई डोर कंपनी मुरादपुर औरंगपुरी में काम करता है और परिवार के साथ वहीं रहता है।

रास्ते में पीछे से आए टैंकर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रोहन और संतोषी की मौके पर मौत हो गई, जबकि अनिता ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार हादसे में अशोक देवड़ा, राजेश भूसारिया और वैष्णवी उर्फ वेशू घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

घटना के बाद पुलिस ने टैंकर जब्त कर चालक अमित वैष्णव (30) निवासी जालौर राजस्थान को हिरासत में ले लिया। जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि नहीं हुई। पूछताछ में चालक ने बताया कि वाहन चलाते समय उसे नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण टैंकर अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गया।

#### भाई की पगड़ी के कार्यक्रम में जा रहे थे

लखन देवड़ा ने बताया कि बहू के भाई की पगड़ी के कार्यक्रम में जाने के लिए निकले थे। मगर कभी नहीं सोचा था कि ऐसा कुछ हो जाएगा। घटना के बाद परिवार में गम का माहौल है। चर्चा करते हुए लखन देवड़ा भी भावुक हो गए। दोनों मासूम बच्चों को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जबकि मां का शव पीएम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। जहां उनका पीएम किया गया।

### छात्रों ने डांस कर मचाया था उत्पात, हॉस्टल में तोड़फोड़ की मिलेगी सजा

# 25 हजार रु. प्रति छात्र पर लगेगी पेनाल्टी, रिजल्ट रोकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी गाने पर डांस करने और तोड़फोड़ करने के मामले में स्टूडेंट्स को कड़ी सजा मिलेगी। इसे लेकर अनुशासन समिति के सदस्यों की रविवार शाम को इमरजेंसी मीटिंग हो गई, जिसमें कमेटी ने अनुशंसा भी कर दी है। इस मामले में अब कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई से अनुमति लेना बाकी है। हालांकि उन्हें इसकी जानकारी दे दी है। बताया जा रहा है कि सोमवार को उनसे अनुमति भी ले ली जाएगी।

आईईटी निर्देशक डॉ.प्रतोष बसंल ने बताया कि हॉस्टल के वीडियो वायरल होने के पहले हॉस्टल समिति की मीटिंग हो गई थी। रविवार शाम को अनुशासन समिति की इमरजेंसी मीटिंग आईईटी कैंपस में ही बुलवाई गई। 8 सदस्यों ने इसमें अनुशंसा की है, जिसमें उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स को हॉस्टल से बाहर किया जाएगा।

#### माता-पिता को भी बुलाया जाएगा

इस मामले में उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स के माता-पिता को भी बुलवाया जाएगा और उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी। इधर, आईईटी निदेशक को आशंका है कि नशे की हालत में ये कृत्य किया गया है। हालांकि हॉस्टल में नशा पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस पर है। अब ऐसे में ये बात सामने आने पर यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि हॉस्टल के 4 वार्डन और एक सीनियर वार्डन को उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स को हॉस्टल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए बोल दिया गया है। इस मामले में फोटो और वीडियो देखकर स्टूडेंट्स को चिन्हित किया जाएगा।

वहीं कल स्टूडेंट्स का आखिरी एग्जाम है उसे देने से वंचित रखा जाएगा, जब तक जांच नहीं होती। इसके अलावा उनका परिणाम भी रोका जाएगा। साथ ही 25 हजार रुपए प्रति स्टूडेंट पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। ये मीटिंग सोमवार को होना थी, लेकिन एग्जाम को देखते हुए रविवार को ही ये इमरजेंसी मीटिंग आहुत की गई। ये मीटिंग करीब आधे घंटे से ज्यादा चली। रामानुज छात्र छात्रावास बी के जिस हॉस्टल में ये घटना हुई वहां पर करीब 150 स्टूडेंट्स है।

**दारू बदनाम कर दी पर किया डांस और जमकर की तोड़फोड़-** दरअसल, रविवार अलसुबह स्टूडेंट्स ने हॉस्टल कैंपस में अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी गाने पर जमकर डांस किया। इस दौरान उन पर कुछ स्टूडेंट्स पानी भी फेंकते नजर आए। इसके बाद उन्होंने हॉस्टल की कुर्सियां, टेबल, पानी की टंकी, खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। टेबल-कुर्सियां तक यहां से वहां तोड़कर फेंक दी। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो सामने आने के बाद से ही यह चर्चा का विषय बन गया।

### टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग

# आग बुझाने में फायर फाइटिंग रोबोट का भी किया इस्तेमाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



खजराना थाना क्षेत्र के कर्बला के पास सोमवार सुबह टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

फायर ब्रिगेड के अनुसार गोदाम में आग लगने के बाद कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर चार दमकल गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई। बताया जा रहा है कि गोदाम में शादी-ब्याह के लिए डेकोरेशन और टेंट का सामान रखा हुआ था। गोदाम बड़ा होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। आग बुझाने के लिए नगर निगम के फायर फाइटिंग रोबोट का भी इस्तेमाल किया गया। रोबोट की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग को नियंत्रित करने के लिए टीन शेड को जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से हटाया गया, जिसके बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीमों ने मिलकर 25 से अधिक टैंकर पानी का उपयोग किया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

### कपड़ा व्यापारी से 1.67 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कपड़ा व्यापारी के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी कंपनी का कर्मचारी बताकर व्यापारी से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करा लिए। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, योगेंद्र तिवारी की शिकायत पर अंकित जैन नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। योगेंद्र तिवारी कपड़ा व्यापारी हैं। मार्च 2025 में उनके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने अपना नाम अंकित जैन बताते हुए खुद को डीटीबीएक्स एक्सचेंज कंपनी का कर्मचारी बताया। अंकित ने योगेंद्र तिवारी को बताया कि उनकी कंपनी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कराती है और इसमें हाई रिटर्न मिलता है। उसकी बातों में आकर व्यापारी ने निवेश करना शुरू किया। सबसे पहले 24 मार्च 2025 को 5 हजार रुपए निवेश किए। इसके बाद करीब सात ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1 लाख 67 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। आरोपियों ने एक फर्जी अकाउंट और वेबसाइट उपलब्ध कराई, जिसमें निवेश की गई राशि और बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाया जाता था। इसी दौरान दो अन्य लोगों ने खुद को डीटीबीएक्स एक्सचेंज कंपनी का कर्मचारी बताते हुए अपना नाम राहुल और आर्यन बताया। उन्होंने कहा कि वे भी कंपनी में रिलेशनशिप मैनेजर हैं।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com